उस समय से

यहाँ दूसरे शहर में रखा करते थे, कुछ इससे पहले कि हम इसे ग्रांट्स पास में रखे। और वह तब, ओरेगॉन में कहीं और ऊपर था। मैं उससे तब वहीं मिला था, और मैं... आप जानते होंगे कि यह आपको पुराने दोस्तों से फिर से मिलने के लिए उत्तेजित कर देता है, यह मुझे करता है। और मैं हर समय उसके बारे में सोचता हूं। वह हमेशा आता था... सभाओं में पहुँचता, उससे कहा कि उसे यहां कुछ देर पहले आना होगा, और हम चाहते थे कि वो हमसे कुछ कहे।

उसने कहा, “मैं नहीं आ सकता। ओह, मुझे बस नीचे जाकर और आपसे मिलना था।”

और मैंने कहा, “अच्छा होगा आप आ जाएं।”

2 एक और खुशी की बात जो अभी कुछ देर पहले मिली है, जब बिली, मेरा बेटा, उसने मुझे एक छोटा सा पैकेट दिया। और मैं—मैं आपको बताता हूं, यह बहुत ही मीठी चीज थी जिसे मैंने—मैंने इसे काफ़ी समय पहले खाया था। यहाँ एक छोटी लड़की थी, और वो अपने छोटे से प्राण में उत्तेजित हो गयी, और उसने मेरे लिए एक—एक प्रेम की भेंट भेजी। और यदि फेडरल एजेंटों को लगता है कि मैं इस बात को घुमाऊंगा, तो वे गलत हैं। और यहाँ इस पर छोटा सा कुछ तो लिख हुआ है जो बहुत ही प्यारा है।

3 वह ऐसा कहती है, “मैं आपसे बहुत प्रेम करती हूं। मैं तेरह वर्ष की हूँ। मैं आपको इस भेंट को देती हूं। मैंने इसे बोतलें बेचकर लिया है। परमेश्वर आपको हमेशा आशीष दे”: तेरह सेंट।

4 यह वास्तव में प्यारा था। उसने अपना कोई नाम को नहीं डाला है, लिखा है, “बस एक छोटी सी लड़की जो प्रभु से प्रेम करती है।” आप जो भी हो, प्रिय बहन, परमेश्वर आपको आशीष दे। वह है... आप नहीं जानते कि मेरे लिए ये क्या मायने रखता है। यह मेरे लिए बस उतना ही सम्मानजनक है जितना कोई मुझे वहां सौ डॉलर का नोट देता है।

5 मैं सोचता हूं कि यह महान जिप्सी स्मिथ थे, जिन्होंने उनके जीवन की कहानी के कुछ संदर्भ पढ़े। उनसे एक बार पूछा गया था कि उनके पास अब

तक की सबसे बड़ी खुशी क्या थी। उसने कहा, “तो, वे एक रात उसके लिए एक प्रेम–भेंट को लेने जा रहे थे, और जैसे ही वो पीछे के सीढ़ियों पर आये,” उसने कहा, “वहाँ एक छोटी–सी फटे–पुराने कपडे पहने जिप्सी लड़की खड़ी हुई थी।”

6 और कहा, “श्रीमान स्मिथ? ” कहा, “हम एक गरीब परिवार से आए हैं।” और कहा, “आपने मेरे माता और पिता को प्रभु यीशु की ओर अगुवाही की है।” और उसने कहा, “मैं जानती थी कि आज रात आपका प्रेम–दान था, और मेरे पास आपको देने के लिए कुछ भी नहीं था।” उसने कहा, “और एक महिला ने आज मुझे एक—एक लॉलीपॉप दिया, और मैं इसे भेंट में डालना नहीं चाहती थी, मिस्टर स्मिथ, इसलिए मैंने—मैंने बस इसे लपेट लिया और सोचा कि मैं अपनी इस भेंट को आपको व्यक्तिगत रूप से दूं।” एक लॉलीपॉप, छोटा सा चूसने वाला।

7 उसने कहा कि उसने उस गरीब छोटी सी फटेहाल बच्ची को देखा और क्या हुआ। आप जानते है, इसका मतलब होता है, यह सच्चे ह्रदय से है। आप जानते है, यह बस कुछ ऐसा है जो मीठा और छूने वाला है। और मैं सोचता हूं कि वास्तविक जीवन वहीं पर है, जब यह ह्रदय से होता है।

8 मैं वहां फिनलैंड में एक—एक सभा में उस क्रम में से होकर कुछ तो सोच सकता हूं। मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ, यह था... हाँ, मैं अभी भी सोच रहा हूं कि यह फिनलैंड था; हाँ, यह कुओपियो में था। मैंने कुछ समय पहले इसके विषय में नहीं सोचा था। वहां एक छोटा लड़का मरे हुओं में से जी उठा था, जिसे मैंने (यहाँ अमेरिका में) विदेश जाने से दो वर्ष पहले एक दर्शन में देखा था।

9 यहाँ कुछ लोग हो सकते हैं जिन्होंने मुझे इसके बारे में बोलते हुए सुना होगा; मैंने आकर... हाँ, बहुत से हाथ ऊपर उठे हैं। कि मैंने कहा, “कहीं तो कोई छोटा लड़का होगा, जहाँ पर पेड़ हैं, देवदारू के पेड़ हैं, और यह बड़ी चट्टानें होंगी जो एक साथ किनारे–किनारे पर रखी होगी। और वह छोटा सा लड़का दुर्घटना में मारा जाएगा, और प्रभु परमेश्वर उसे उठाकर खड़ा करेगा।”

10 और मैं उस टॉवर से वहां नीचे आ रहा था... मैं... बहुत समय पहले गया हूं; मैं टॉवर के नाम को याद नही कर पा रहा हूं। यह वहां ऊपर था...

लगभग बारह वर्ष पहले यह कुओपियो, फिनलैंड में था, और हम नीचे आ रहे थे।

11 फ़िनलैंड में लगभग छह या सात वर्ष पुरानी एक उपयोग की हुई फ़ोर्ड कार थी, लगभग दो हजार पांच सौ डॉलर में बेचने पर होगी, शायद तीन हजार डॉलर में। और गैसोलीन या पेट्रोल पचानवे सेंट प्रति गैलन है। तो जहां कम से कम पच्चीस, पैंतीस हजार लोग वहां पर थे, आप लगभग दो या तीन गाड़ियों को ही देखेंगे। और वहाँ ऊपर, वे—वे एक छोटे से बर्फ में फिसलने वाली गाड़ी जैसे होती है उसमें सवारी करते हैं, बर्फ में घसीटने वाली गाड़ी की तरह, भारतीय प्रयोग करते है, सवारी करते है और, या, किया करते थे, बर्फ में घसीटने वाली गाडी से यात्रा करने के लिए, और उनके पास एक बारहसिंधा होता था जो उन्हें लेकर इस बर्फ की घसीटने वाली को खींचता है। और फिर नीचे...

12 मैं पहाड़ी की चोटी पर एक कार में था, और नीचे कुओपियो, फिनलैंड था... मैं मई महीने के समय के दौरान वहां पर था। सूरज... उन्हें वहां वर्ष में सिर्फ एक दिन मिलता था, केवल एक दिन। छह महीने सूरज ऊपर होता है; छह महीने यह नीचे होता है। और यह ठीक उस समय की बात है जब सूर्य आकाश के घेरे के किनारे पर ही होता था। आधी रात को, हम केवल... अच्छा और हल्का था जैसा कि यहाँ पर है, आधी रात को एक अखबार पढ़ सकते थे। उसके बाद यह फिर से वापस ऊपर आता है। और आप तभी सोने जाते है जब आपको नींद आती है; आप लगभग उसी तरह से दिन को पूरा करते है जिस समय सूरज ऊपर होता हैं। और फिर यह एक वर्ष के लिए, या छह महीने के लिए नीचे होता है। तब... यह लैपलैंड में ऊपर होता है।

13 और पहाड़ से नीचे उतरते हुए जहाँ हम गीत गा रहे थे, वहाँ पर एक—वहाँ एक नशे में धुत अंग्रेज था। वह नहीं जानता था कि क्या–... वह इंग्लैण्ड से एक लकड़ी का खरीदार था, और वह जानना चाहता था कि यह गीत जो गा रहे थे किस विषय में था। और वह मेरे जैसा ही था जिसे अच्छे से नहीं आता था, मैं... जब आप फिनिश बोल सकते हैं, तो आप बेहतर हैं, क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास वर्णमाला में लगभग पचास या साठ अक्षर होते हैं, और इसलिए वे... वे बहुत प्यारे लोग होते हैं, कुछ

सबसे अच्छे लोग जिनसे मैं अपने जीवन में कभी मिला हूं। और वे बहुत ही प्यारे लोग थे।

14 सो, जब मैं वहाँ ऊपर था, यह इंग्लिश व्यक्ति आगे जा रहा था। और मैंने उसे बताया कि यह एक धार्मिक सभा थी। मैंने उससे पूछा कि क्या वह प्रभु यीशु को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में जानता है। उसने कहा नहीं, वह किसी धर्म के बारे में कुछ भी नहीं जानता। तो वहां पर मुझे प्रभु यीशु को देखने का सौभाग्य मिला जिसने उस मनुष्य को सुधि में लिया और उसके प्राण को उद्धार दिया, वहाँ उस कीचड़ में घुटने टेककर और वहाँ कूड़ा–करकट था उस यार्ड में जहाँ यह बड़ा टॉवर है, यह एक प्रहरा देने वाले टॉवर की तरह है, एक पुराना प्राचीन प्रहरा देने वाला टॉवर। और हम वहाँ ऊपर से परमेश्वर की स्तुति कर रहे थे।

15 और वे मुझे बताते कि युद्ध के समय के दौरान रूसी किस तरह से आते और शहर पर बमो को गिराते, और उस ऊंचे टॉवर के ऊपर आते। और फिर हम लगभग दो मील दूर सीधे वहां रूस में लोहे के तार की सीमा रेखा के सीधे उस ओर देख सकते थे।

16 नीचे आते हुए... जब हम इस इंग्लिश व्यक्ति को देखने के बाद प्रार्थना करने के लिए इकट्ठे हुए... मैं नीचे गया और ऐसे ही ऊंचे टॉवर के नीचे यहाँ वहां टहल रहा था, और—और भाई जैक मूर मेरे साथ थे, और यह इंग्लिश व्यक्ति जो अभी–अभी मसीह के पास आया था। वे सब नीचे आ गए, और मुझ पर बहुत ही अजीब सा आ गया। तब, उन्होंने इसकी एक तस्वीर ली, मेरे पास यह घर पर है।

मैंने कहा, "याद रखना, कुछ न कुछ घटित होने वाला है; मैं अब इसे महसूस करता हूं। कुछ तो बात जगह लेने वाली है। मैं नहीं जानता क्या।"

तो वे पूछने लगे, "यह क्या होगा? "

मैंने कहा, "मैं नहीं जानता। यह बस कुछ तो बात जगह लेने के लिए तय है।"

17 पहाड़ी से लगभग एक मील नीचे, हमने देखा कि जहाँ लगभग पाँच–या छह वर्ष पुरानी अमेरिकी–निर्मित फोर्ड गाडी थी... कुछ लोग, जो पहाड़ी पर उस ऊंचे टॉवर पर थे जो नीचे आ गए थे, और कुछ छोटे स्कूल के बच्चे स्कूल से आ रहे थे। और वे... उनके माता–पिता... वे शहर में रहते हैं,

जर्मनी जैसा कुछ तो, वे शहर में रहते हैं, और वे गाँव में खेती करते हैं, फिर शहर में लौट आते हैं।

18 दो छोटे लड़के, एक लगभग नौ वर्ष की उम्र का, और एक लगभग, ओह, मैं कहूँगा, लगभग छह वर्ष का। वे सड़क को पार कर रहे थे, और यह कार तेजी से आ रही थी, और कोई कार नहीं थी, वे... मुश्किल से वहाँ, वे एक कार के आने की उम्मीद नहीं कर सकते। और छोटे बच्चो ने एक दूसरे के हाथ को पकड़ा हुआ था, और उन्होंने कार को तेजी से घूमते हुए आते देखा; और एक बच्चा एक ओर जाने लगा, और दूसरा, दूसरी ओर। और वे एक दूसरे का हाथ थामे हुए थे। अंत में, उन्होंने एक–दूसरे का हाथ छोड़ दिया, और वह व्यक्ति, ड्राइवर हडबडा गया, और नहीं समझ पाया कि किस ओर जाये, क्योंकि बच्चे दोनों ओर झटके मार रहे थे, कार ने नियंत्रण खो दिया।

19 और बाईं ओर के कार के मडगार्ड में से एक, इसने इस एक छोटे लड़के की आंखों के ठीक बीच में *इस* तरह से मारा, और उसे दूर फेंक दिया, और उस बच्चे को एक पेड़ से जोर से मार दिया और उसके मस्तिष्क को आघात पहुँचाया और उसकी हड्डियाँ तोड़ दीं। और दूसरा बच्चा, यह सीधे उसके ऊपर से चली गयी, *इस* तरह से। उसके ऊपर से गयी, और इसने उसे फेंक दिया, जहां पिछले पहिये ने उसे मारा, दूर सड़क के उस पार जिस स्थान पर घास था। कार पहाड़ी पर दौड़ती हुई चली गयी, और बहुत सी चट्टानों में धंस गयी, और पलट गयी।

20 हम घटनास्थल पर पहुंचे, वहां एक—एक किसी और का, एक गाड़ी जो हमसे पहले वहां पहुंच गई थी और उस छोटे लड़के को ले गई जिसकी सांस चल रही थी, उसे उनके अस्पताल ले गए। और शहर का प्रधान व्यक्ति, जो एक शहर के मेयर के बराबर होता है, वह वहां पर था, डॉक्टर वहां पहुंच गया था, और...

21 लेकिन फ़िनलैंड में क़ानून है कि अब वे इस बच्चे को तब तक नहीं ले जा सकते, जब तक कि माता–पिता न आ जाएँ। इसलिए वे बच्चे के माता–पिता को खोजने के लिए, उन्हें वहां पर लाने के लिए, घोड़े पर, या, गाड़ी पर सारे क्षेत्रो में निकल पड़े।

22 और खैर, हम रुक गए। भाई गॉर्डन लिंडसे, भाई हॉल के बहनोई, भाई अर्न बैक्सटर, और वहां भाई जैक मूर साथ थे, और बहुत से भाई लोग वहां

पर थे; और हम रुक गए। और श्रीमती इसाकसन; वह आज रात ठीक इस सभा में हो सकती हैं; वह यहीं कहीं तो बाहर ही रहती है। क्या आप यहाँ हैं, बहन इसाकसन? वह मेरी फिनिश की अनुवादक थी।

23 और सो, वे उस छोटे लड़के को देखने के लिए कार से बाहर निकले और वापस आये। हमने देखा कि एक दुर्घटना हुई थी। वे वापस आए और उन्होंने कहा... मैंने कहा था, “क्या था? ”

24 कहा, “ओह, बाहर आओ और देखो, भाई ब्रंहम, यह एक छोटा लड़का है जो मारा गया है। वे सोचते है कि वहां एक और भी मारा गया था, वे उसे अस्पताल लेकर गए है।”

25 मैंने कहा, “ओह, मैं वहां नहीं जाना चाहता।” मैंने कहा, “मैं तब अपने छोटे लड़के बिली पॉल के बारे में सोचुंगा।” वह बस एक छोटा बालक ही था, और मैंने उसे महीनों से नहीं देखा था। और यदि आप सब जानते हो, कि उसकी माँ मर गई है, और मैं उसका माता और पिता दोनों हूं, और यही कारण है कि हम एक साथ रहा करते हैं। जब वह मर रही थी, उसने मुझे बिली को कभी भी छोड़ने के लिए नही कहा था, और मैं... वह—वह तब से लेकर मेरे साथ ही रहता है।

26 और मैं—मैं—मैं उस छोटे लड़के को नहीं देखना चाहता था। यह बस... उस समय वह लगभग बिली की उम्र का रहा होगा, लगभग नौ, दस वर्ष का। और आप सभी को याद होगा कि मैंने आपको बताया था कि छोटा लड़का कैसा दिखेगा: उसके उस तरह के गोलाकार कटे हुए बाल थे और भूरी आँखें थीं। और उसे छोटा... उन्हें पहनाया गया था, जिसे हम अपने समय में छोटे “निकर” की तरह कहते थे, और फिर उसके—उसके लंबे जोराबे और उसके पैर को उसके जुराबे से होते हुए कुचला गया और उसके... वह एक दुर्घटना में मारा गया होगा।

खैर, मैं नहीं गया, और श्रीमती इसाकसन ने कहा, “मैं सोचती हूं कि आपको वहां पर जाना चाहिए।”

27 उस छोटे लड़के को देखने गया, मैं वहाँ पर गया और उन्होंने उसका कोट उसके चेहरे के ऊपर डाल दिया था। जब मैंने देखा कि बेचारा छोटा सा बालक वहाँ पड़ा हुआ है, इस तरह से कुचला हुआ, मैं तब—तब रोने लगा। मैं घूमा और किसी चीज ने मुझ पर अपना हाथ रखा। मैंने सोचा कि यह भाई मूर थे। और मैंने यहाँ–वहां देखा, और मेरे आसपास कोई नहीं

था, और वह हाथ अभी भी मेरे कंधे पर रखा हुआ था। तो, मैंने कहा, “यह अजीब सी बात है।” और वो हाथ मुझ पर से हट गया।

28 मैं नहीं जानता कि आप विश्वास करते हैं या नहीं, आप सभी लोग अलौकिक बातों में विश्वास करते हैं या नहीं, लेकिन ऐसा हुआ, बिल्कुल उसी तरह से। और मैं फिर से आगे बढ़ने लगा, और हाथ फिर से मेरे कंधे पर आ गया। मैंने सोचा, “तो, सोचने लगा कि इसका क्या मतलब है। हो सकता है मुझे इस छोटे बालक के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।” और मैंने सोचा, “ठीक है… ”

29 मैंने फिर से पीछे मुड़कर देखा, उन्होंने उसके छोटे से चेहरे को ढँक दिया था। और वहां लगभग तीन सौ लोग खड़े हुए थे। और मैं आगे बढ़ने लगा, उस हाथ ने मुझे तब रोक दिया। अच्छा, मैंने कहा… वापस चलने लगा, और मैं वापस छोटे लड़के की ओर चल पड़ा, और हाथ जो मुझ पर था, मुझे छोड़ दिया। अच्छा, मैंने ऐसा दो बार किया। और मैंने कहा, “मुझे फिर से छोटे लड़के को देखना है।” और उन्होंने ऊपर उठाया… श्रीमती इसाकसन मेरे लिए बोल कर रही हैं, मेरा अनुवाद करने के लिए, और उन्होंने उस—उस चीज को ऊपर मेरे लिए उठाया ताकि उसका चेहरा फिर से देखूं। और मैंने देखा। मैंने सोचा, “यह अजीब सी बात है। ऐसा लगता है कि मैंने उस छोटे लड़के को देखा है।”

तो, डॉक्टर मन्निनेन, वे हेलसिंकी के—के सेवकाई स्तरीय संघ के प्रमुख थे और इसलिए मैं… वह मेरे साथ थे।

और मैंने कहा, “डॉ मन्निनेन, क्या—क्या वो छोटा लड़का प्रार्थना पंक्ति में आया था? ”

30 उन्होंने कहा, “मुझे ऐसा नहीं लगता।” कहा, “मैं वहां के कुछ स्थानीय पास्टरों से पूछूंगा।” और वे वहीं पर खड़े हुए थे। नहीं, उन्होंने उस छोटे लड़के को कभी देखा नहीं था, उसके बारे में नहीं जानते थे।

31 मैंने कहा, “यह अजीब बात है; ऐसा लगता है जैसे मैंने छोटे लड़के को देखा है।” मैं फिर से चलकर दूर जाने लगा, और वह हाथ फिर से मेरे कंधे पर आ गया। मैंने पीछे मुड़कर देखा, और मैंने सोचा, “कुछ है अजी–… ”

32 और मैंने ध्यान दिया: छोटा से गोलाकार कटे हुए बाल, छोटी भूरी आँखें बाहर निकल आई थी, वहां पीछे पड़ा हुआ था, उसकी जुर्राब में से

होते हुए से छोटे से पैर, जहां पर से यह इस तरह से कुचल गये थे। ओह, वह भयानक स्थिति में था। उस कार ने बस उसे *इस* तरह से लपेटे में ले लिया था, और पीछे का पहिया नियंत्रण खो देने के बाद, इसने बस उसे उछाल दिया था, और वह तब—तब उस—उस एक्सीलेटर पर *इस* तरह से जम गया था, और यह बस पहाड़ी के ऊपर चली गयी। उस व्यक्ति को कोई भी चोट नहीं लगी; उन्होंने उसे उस गाडी के मलबे से बाहर निकाला, और वो अकेला ही था। और फिर मैंने फिर से देखा, और मैंने—मैंने पहाड़ी की ओर देखा। और वहाँ पर देवदार के पेड़ थे जो पहाड़ी से नीचे तक आ रहे थे, चट्टान के ये किनारे।

33 ओह, प्रभु! मसीही मित्रों, मुझे आशा है कि किसी दिन, यदि यहां नहीं, तो हम किसी और देश में होंगे, जब वो अनुभूति आपको आती है जब आप जान जाते हैं। काश मैं हर समय उस अनुभूति को रख पाता। यदि मैं कर सकता... यह कुछ तो है। यह एक प्रेम है; यह एक वास्तविक गहरे प्रेम की तरह है। और मैं... यदि—यदि शैतान अपने सभी छोटे-छोटे शैतानो को सताने के लिए भेजता और ठीक वहीं पर खड़ा होता, ऐसा होगा... वो उस अनुभूति को बिल्कुल भी हिला नहीं पाता था। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में परमेश्वर ने बताया है कि यह घटित होने जा रहा है और आप इसे ठीक यहाँ पर अपने सामने रखा हुआ देखते हैं। यह होने जा रहा है।

34 तो मैंने कहा, "मैं लड़के को जानता हूं।" और भाई मूर और वे वहाँ पर खड़े थे। मैंने कहा, "अपनी बाईबल में देखे, भाई लिंडसे, पहले कोरे पन्ने पर।" आप जानते हैं, मैंने आप लोगों से पूछा था, जब यहां से होकर मैं आया था, तब ये पोर्टलैंड था, आपकी बाईबल के पहले कोरे पन्ने पर लिखने के लिए मैंने बोला था। मैंने इसे ट्रेन में देखा जो फ़्लोरिडा जा रही थी। और मैंने कहा, "मैंने इसे वहां पर लिखा, '**यहोवा यों कहता है,** एक छोटा लड़का,' वर्णन किया कि वो लड़का कैसा दिखता है, 'जो मुर्दों में से जिलाया जाएगा।'"

और भाई मूर ने बाईबल के पहले कोरे पन्ने पर देखा, और भाई मूर ने कहा, "यही वो लड़का है।"

35 मैंने कहा, "यह वही लड़का है।" मैंने कहा, "अब... " और मैंने सभी लोगों को बताया और श्रीमती इसाकसन से कहा, मैंने कहा, "अब, उन्हें बताओ, 'अब आदरपूर्वक रहे।'" मैंने कहा, "यदि यह छोटा लड़का जीवित

होकर अपने पैरों पर खड़ा नहीं होता, अब से पाँच मिनट में, तब आप मुझे फ़िनलैंड से बाहर निकाल सकते हो; तब मैं एक झूठा भविष्यव्यक्ता हूँ।" देखा? मैंने कहा, "छोटा लड़का ठीक अभी मरे हुओं में से जी उठने जा रहा है," लगभग तीस मिनट मर कर हो चुके थे।

36 और सो, वे पिता और माता की प्रतीक्षा कर रहे थे, और मैं सोच रहा था कि उन्हें कैसा महसूस हुआ होगा, उन्हें कैसा महसूस होगा जब वे आएंगे, अपने छोटे बच्चे को कुचला हुआ और इस तरह सड़क पर पड़ा हुआ देखेंगे। छोटी सी जीभ लटक रही थी, उसके मुँह के किनारे, उसके कानों से खून बह रहा था, और इत्यादि। इसलिए, देखे हुए दर्शन के अनुसार मैंने घुटने टेके, छोटे लड़के पर हाथ रखा, और जैसे ही मैंने उस पर हाथ रखा, मैंने कहा, "स्वर्गीय पिता, अमेरिका में दो वर्ष पहले, आपने मुझे इस बच्चे को जीवन देने की प्रतिज्ञा की थी, कि यह फिर से जी उठेगा। अब, जब वह दर्शन बोल रहा है तो मृत्यु उसे रोक नहीं सकती।" मैंने कहा, "मृत्यु, यीशु मसीह के नाम में उसके जीवन को लौटा दे।"

छोटा लड़का उछल पड़ा और चिल्लाया... ?... आप जानते है। वह उतना ही सामान्य और ठीक था जितना कि कोई भी बच्चा हो सकता है।

37 अब, मेरे पास फिनलैंड के कुओपियो शहर के मुख्य व्यक्ति के द्वारा लिखावट में है, आज मेरे अध्ययन कक्ष में रखा है। यह सही है। वहाँ पर लिखावट में हुआ रखा है और फिर दूसरी ओर उसका अनुवाद किया गया था, कि यह क्या था। लिखा था, "भाई ब्रंहम, हम फिनलैंड में गरीब लोग हैं। हम आपको कुछ भी नहीं दे सकते, हमें केवल चीज जो हमारे पास है वो ये पन्ना है, सो ये यहाँ कुओपियो की किताब है और मेरी ओर से एक टिप्पणी है।" और उस पर *इस* प्रकार से उनकी मोहर लगी हुई है, जब उसने स्वयं गवाही को लिखा था।

38 कुछ समय पहले यहां फिनलैंड से किसी ने मुझे पत्र लिखा। कहा, "वह झूठ था।" और वह उस पर एक किताब लिखने जा रहा था; ये झूठ था।

39 और मैंने कहा, "ठीक आगे बढ़कर, बस किताब को लिखे। फिर मैं इसके बाद शहर के मेयर की इस गवाही को प्रकाशित करने जा रहा हूं। तो अब, आप बस आगे बढ़ें और जो कुछ भी आप लिखना चाहते हैं उसे लिखें।"

40 क्या हमारे पास कुछ बातों के लिए अब कुछ और समय है? मैं इसे खत्म करना चाहता हूं। उस रात जब हम फ़िनलैंड से निकले, वह... हम उस स्थान में जा रहे थे; वहाँ बहुत सारे लोग थे; उन्हें सड़क पर सुरक्षा गार्ड को रखना पड़ा था। और मैं कमरे में जा रहा था, वहां मैं साथ–साथ चल रहा था; मेरे आसपास लगभग छह या सात सैनिक थे। वे बेचारे छोटे फिन्स के पास... अभी तक दाढ़ी बनाने की उम्र भी नहीं हुई है, अन्य सभी वयस्क पुरुषों को लगभग रूसी लोगों के द्वारा मार डाला गया था। और सो, वे मुझे अंदर ले जा रहे थे।

41 और जब आप रूस में जन्म लेते हैं, यदि आप अपने जन्मस्थान से चालीस मील दूर होते हैं, तो आपके पास वीजा होना चाहिए। लेकिन किसी को कभी यह मत बताते है कि रूस में कोई मसीही नहीं है; वहां उनमें से लाखों हैं। और वे रूसी सैनिक लोग थे... वे हमारे जैसे इन चीजों को प्रसारित नहीं कर सकते, रॉक–एंड–रोल और उन सारी चीजों को, वहाँ पर... रेडियो पर—पर सिवाय व्यवसाय के और व्यापारिक के अलावा कुछ नहीं कर सकते। और यहाँ, यह सारे रूस में प्रसारित हो गया। मैं...

42 ज्यादा समय नहीं हुआ बैरन वॉन ब्लोमबर्ग ने मुझे बताया, एक छोटे से बच्चे को जिसे वे कंटीले तारों की सीमा के पीछे से लाए थे, कहा, "मैं अचंभित हूं, भाई ब्रंहम, कि अमेरिका में आपकी सेवकाई के बारे में इसना बेहतर कोई नहीं जानता कि यह क्या है।" जितना यहां से रूस में इसे बेहतर जाना जाता है, जहां यह इन लोहे की कंटीले तारों की सीमा के पीछे था। कहा, "हम सबने रेडियो पर—पर सुना है, उस छोटे लड़के को वहाँ पर मुर्दों में से जिलाया गया था।" और अब, यह... सड़क पर वे रूसी सैनिक खड़े हुए, मेरे वहां से गुजरने पर उन्होंने उस रूसी सलामी को दिया। और वे कहते... और अनुवादक मुझे बता रहा था जब वे वहां से जा रहे थे, कहा, "उन्होंने कहा, 'हम इस तरह के एक परमेश्वर को ग्रहण करना चाहेंगे।'" निश्चित रूप से।

43 देखा? यह क्या है, ये साम्यवाद के द्वारा ऊपर लायी गयी कलीसिया की कमजोरी है; यह उस तरह के अंडे से उत्पन्न हुये है। यदि कलीसिया उस देश का सारा धन ले लेती है और लाखों डॉलर की सोने की वादियाँ बनाती है, और लोग सड़क पर भूखे मर रहे है? आप देख सकते हैं कि ऐसी चीजें क्यों सामने आती है। लेकिन किसी भी मनुष्य को परमेश्वर की

सच्ची चीज़ को देखने दो, यदि उसके पास विश्वास करने के लिए कुछ है तो वह उस पर विश्वास करेगा।

तो वो वहाँ पर खड़ा हुआ था, और उसने कहा, "हम इस तरह के परमेश्वर को स्वीकार करेंगे, जो मुर्दों को जिला सकता है। हम उसके बारे में जानना चाहते हैं।"

44 और मैं आपको बताता हूँ, जबकि मैं इस विषय पर हूँ, मैं इसे बता सकता हूँ: मैंने रूसी सैनिकों को फिन्स लोगों को उनकी कमर से पकड़ते हुए देखा है, वहां इमारत के अंदर, और एक दूसरे को गले लगाते और थपथपाते है, जैसे स्कैंडिनेवियाई के लोग करते हैं, एक दूसरे को गले लगाते है और थपथपाते है। जो कुछ भी एक रूसी को एक फिन्स लोगों के चारों ओर अपने हाथ डालेगा, और एक रूसी के चारों ओर एक फिन्स, जो युद्ध को हमेशा के लिए ख़त्म कर देगा। हमें संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता नहीं है; हमें यीशु मसीह की आवश्यकता है। यही है जिसकी संसार को आवश्यकता है। समझे?

45 मैं उस रात को जा रहा था, वहां एक छोटी बच्ची बाहर आई। आपने कहानी को पढ़ा है; आप... भाई गॉर्डन ने इसे विस्तार से कभी नहीं लिखा; उन्होंने इसे ऐसे ही बताया था। वह महिला छात्रावास से बाहर आयी थी, जैसे कि यह होते थे। और जब हमने इस ओर चलना आरंभ किया, और वे सैनिक, और वह छोटी लड़की, जब वह बाहर निकली, उसका एक पैर दूसरे पैर की तुलना में बहुत छोटा था। और फिर उसके—उसके चारों ओर एक बड़ी बेल्ट बंधी हुई थी, और एक—एक—एक हाथ का बना हुआ सहारा या पट्टी जो *इस* तरह से नीचे की ओर थी, और उसके पास दो बैसाखियाँ थीं। उसके पैर के अंगूठे के अंत से लेकर उसके ऊपर कंधे पर एक पट्टा था और पीछे इस बेल्ट के पीछे यहाँ अटकाया हुआ था। और जब उसने चलना आरंभ किया, तो उसने अपने सहारे या पट्टियों को बाहर किया, मेरा मतलब बैसाखियों को बाहर निकाला, फिर उसके छोटे कंधो को लेंरक और उस छोटे पैर को ऊपर उठाया और उसे इस तरह से व्यवस्थित किया, तब उसके कदम को बढाया। और तो, उसने मुझे देखा।

और उन्होंने उन्हें चेतावनी दी थी, आप जानते है।

46 मुझे बच्चे पसंद हैं, और मैं उस फिनिश के पैसो के साथ रास्ते पर जाकर और बहुत सारी टॉफ़ीयों को खरीदता, आप जानते हैं। और भाई, मैं इसे बच्चों को बाँट देता। मेरे यहाँ से कुछ दूरी पर, दो शहर के ब्लॉक की दूरी, वे हर जगह मेरे पीछे आते थे, क्योंकि मुझे—मुझे बच्चे पसंद है।

47 और फिर मैंने उसकी तरफ देखा, उसने अपना छोटा सिर *इस* तरह झुका दिया; वो डर रही थी कि उसने कुछ गलत किया है। और मैंने उस बच्ची की ओर देखा और मैं आगे चलने लगा, और किसी ने कहा, "उस बच्ची से बात करो; वह तुमसे बात करना चाहती है।"

48 मैं रुक गया। और सिपाही लोग... वे अंग्रेजी नहीं बोल सकते थे, इसलिए वे बोलते जा रहे थे। मैं उन्हें गाते हुए सुन सकता था, *केवल विश्वास करो*। और इसलिए मैंने उसमें शुरुआत की, तब वे सैनिक वहीं पर खड़े हुए थे। और मैंने कहा, "यहाँ बस एक मिनट सुनना।" उन अन्य सैनिकों ने पीछे की ओर देखा। और मैंने कहा, "एक मिनट रुकिए।" देखा?

49 और सो, वह छोटी लड़की, मैंने उसकी ओर देखा, और मैंने कहा, "यहाँ इधर आओ, प्रिय।" वह समझ नहीं पाई; वह लगभग नौ, दस वर्ष की लग रही थी। और मैंने कहा, "यहाँ इधर आओ, प्रिय।" और उसने अपना छोटा सिर नीचे झुका दिया; निश्चित रूप से वह समझ नहीं पाई कि मैं क्या कह रहा था। और मैंने—मैंने... उसने फिर से मेरी ओर देखा, और अपने छोटे से सिर को तुरंत ही नीचे कर लिया, जैसे बच्चे करते है। और मैंने *उसे* इस तरह से इशारा किया, "यहाँ आओ।" और उसने अपनी बैसाखियां एक तरफ रखीं, और उस पैर को ऊपर उठाया और वह यहाँ आ गई। और मैं तब ऐसे ही खड़ा रहा, और सैनिक वहीं खड़े होकर देखते रहे कि क्या हो रहा है।

50 वह सीधे मेरे नजदीक आने लगी, जहां मैं था, *इस* तरह से। वह तब रुक गई, अपना छोटा सा सिर नीचे किया, और उसकी छोटी–सी फटी हुई स्कर्ट नीचे लटक रही थी, उसके छोटे–छोटे बाल उसके चेहरे पर थे। मुझे बाद में पता चला कि वह छोटी लड़की फिनिश युद्ध में अनाथ हो गयी थी; उसके माता और पिता मारे गए थे। वह एक टेंट में रह रही थी। और—और मैंने देखा, और उसने मुझे *इस* तरह से देखा। उसने मेरी ओर देखा, और उसकी छोटी–छोटी आँखों से बड़े–बड़े आँसू बह रहे थे, उसके चेहरे पर से *इस* तरह गिर रहे थे।

51 वह मेरे पास पहुंची और मेरे कोट को पकड़ लिया, और बस मेरे कोट की जेब पर मुझे चूमा; फिर उसने अपनी छोटी स्कर्ट को एक ओर *इस* तरह से खींचा, उस छोटी फटी हुई स्कर्ट को। उसने कहा, "*किटोस*।" इसका मतलब "आपका धन्यवाद।" मेरा ह्रदय मेरे मुँह में आ गया; आप समझते होंगे कि आप कैसा महसूस करते हैं; वह छोटी बच्ची। और मैंने उस ओर वहां देखा, और मैंने देखा कि वह वहां पर बिना किसी बैसाखी या सहारे के खड़ी थी, बस परमेश्वर की स्तुति कर रही थी।

52 मैंने कहा... मैं सोचता हूं कि यदि मैं दुनिया का सबसे बड़ा पाखंडी रहा होता, परमेश्वर ने उस बच्ची के विश्वास का सम्मान किया होगा। वह अवश्य ही करेगा; उसने इसका सम्मान किया होगा।

और मैंने कहा, "ह्रदयप्रिय, उह, ओह, मैं तुम्हें किस तरह बता सकता हूं? " मैंने—मैंने कहा, "तुम चंगी हो गयी हो, प्रिय। परमेश्वर ने तुम्हें ठीक कर दिया है।"

"यीशु, " उसने कहा, "*किटोस, जीसुस*।" ये है "धन्यवाद, यीशु।"

मैंने कहा, "तुम्हे करता... "

मैं दूसरे शब्दों को नहीं समझ सकता था, आप देखते हैं, मैंने कहा, "तुम्हें चंगा करता है। किटोस यीशु जो तुम्हें चंगा करता है।" वह इसे नहीं समझ सकी। और फिर वे...

यहाँ दरवाजे पर भाई बैक्सटर आते है, और कहा, "आ जाओ, आ जाओ।"

और मैंने—मैंने सोचा, "खैर, परमेश्वर उसे कभी न कभी बताएगा, सो मैं बस अंदर चला गया। वह ठीक हो जाएगी।"

53 तो मैं अंदर चला गया, और हमारे पास एक बड़ी प्रार्थना की पंक्ति थी। आपने इसे देखा, उनकी किताब में तस्वीर थी जहाँ बैसाखियों और चीजों के बड़े–बड़े ढेर लगे थे, बस ये मेरे पास में ही *इस* तरह से जमा हो रहे थे। बस जैसे ही...

54 उस रात क्या हुआ था? वहां मंच पर लगभग आठ या दस लोग आते थे। और फिर, वहां एक—एक तरह की लैपलैंड की महिला वहां पीछे बैठी हुई थी, उसके पास एक तिरछी–आंखों वाला बालक था; उसने इसे फर्श पर लेटा दिया था। पवित्र आत्मा चारों ओर मंडराने गया, और मैं उसे देख

नहीं पाया। मैंने सोचा, "प्रभु, मैं इस नाम नहीं कह सकता; मुझे इसका उच्चारण करने दीजिए।"

55 और मैं उसका नाम उच्चारण करने लगा, उसे बताया कि वह कौन थी, उसके बारे में सब कुछ बताया कि क्या है, *इस* तरह से, और उसके बालक के साथ क्या गलत है। "इसे उठाओ और इसे देखो," इसने कहा; अब इसका उच्चारण करते हुए, कि वह एक... और उसने इसे कैसे समझा, मुझे नहीं पता। उसने उस बच्ची को पकड़कर ऊपर उठाया और उसे देखा, और उसकी आँखें उतनी ही सीधी या सही थीं जितनी वे हो सकती थीं। वो चाहती थी... उसे बस एक दौरा आया था, वो बस उस मंजिल के ऊपर और नीचे चिल्ला रही थी, जहां पर हजारों लोग थे...

56 और फिर हॉवर्ड, जैसा कि बिली अब करता है, मेरे भाई, जब उसने मुझे बगल में छुआ... मैं तब उन दर्शन के तहत लगभग बेसुधी की अवस्था में था। उसने मुझे *इस* तरह से छुआ कहा, "जाने का समय।" [भाई ब्रंहम ने उसके बगल को थपथपाया—सम्पा।]

और मैं वहां से जाने लगा, कुछ कहा, "एक मिनट रुको; कुछ और को बुलाओ।"

और मैंने कहा, "बस एक मिनट, हॉवर्ड।" मैंने कहा, "मुझे अभी मत लेकर जाओ।"

उसने कहा, "क्यों? "

मैंने कहा, "मुझे पांच और लोगों को बुलाने दो।" मैंने श्रीमती इसाकसन से कहा, मैंने कहा, "फिनिश भाषा में बुलाये वो—वो... आपको किन नंबरों को बुलाना है।"

57 और उसने अगले को बुलाया। और परमेश्वर के अनुग्रह से, कमरे से बाहर, वह छोटी लड़की प्रार्थना कार्ड के साथ अगली थी; परमेश्वर किस तरह से अपनी प्रधानता में होता है।

58 मित्रो, मैं आपको बता रहा हूँ: सबसे बड़ी बात जो मैंने अपने जीवन में कभी देखी है वह है अपने आप को परमेश्वर के प्रति समर्पित करना और आत्मा में चलना, देखो, दिन–प्रतिदिन, वह आपकी अगुवाई किस तरह से करेगा और कामों को करेगा।

59 और जब मैंने इस छोटी लड़की को आते देखा, तो मैंने सोचा, "परमेश्वर की स्तुति हो।" उन्होंने उसे मंच पर लाया, उसकी सहायता की। और दो या तीन लोग उसे मेरे पास लेकर आए, उसे उठाकर, और उसे नीचे बैठा दिया। मैंने कहा, "अब, श्रीमती इसाकसन, इसे देखें।" मैंने कहा, "अब, आप सिर्फ वही शब्द कहे हैं जो मैं कहता हूं।"

और उसने कहा, "मैं करूंगी।"

60 मैंने कहा, "हृदयप्रिय, यीशु मसीह ने तुम्हारे विश्वास का वहां बाहर सम्मान किया जब तुमने कुछ समय पहले मेरी जेब को चूमा। तुम उन चीजों को सम्मान दे रही थी जिन्हें तुमने सोचा ये परमेश्वर की ओर से थी।" मैंने कहा था, "परमेश्वर ने तुम्हें चंगा किया है। अब, तुमने वहां जाकर और बैठ जाओ और सेवको में से कोई लोग या कोई तो उन बैसाखियों को तुमसे ले लेगा। और तुमने *इस* तरह से अपने कमर पर अपना हाथ पकड़ के रखा हैं।" और उसकी हिम्मत को बढाये रखने के लिए कुछ बताने लगा, आप समझते होंगे?

61 तो मैंने कहा, "जब तुम आयी... जब तुम... जब तुम्हारे सहारे या उस पट्टी को हटाते है, और तुम्हारे पैर के नीचे से बड़े लोहे के हुक को, जब वे इसे निकालते हैं, तुम अपने हाथ को अपने अंग से नीचे जाने देना, जहां तक तुम्हें लगता है कि वह सहारा या पट्टी है, तुम्हारे पैर का जो छोटापन है।"

62 और सो मैंने कहा, "अब, अगले व्यक्ति को लाओ।" और उन्होंने अगले व्यक्ति को लाया। सेवक लोग उस लड़की को वहां पर ले गये। श्रीमती इसहाकसन ने इसका अनुवाद किया, और वे उसे वहां ले गए और उस चीज को खोलना आरंभ किया।

63 तो, पहली चीज जो आप जानते हैं, मैंने उसकी चीख सुनी। यहां वह मंच पर आती है, दोनों पैर उतने ही सामान्य होते हैं जितने वे हो सकते हैं, वे बैसाखियां उसके सिर के ऊपर लिए हुए थी, चिल्लाते रही थी और आगे बढ़ रही थी। ओह, परमेश्वर। यह सिर्फ एक चीज के बाद एक, एक के बाद एक, एक के बाद एक होता चला गया।

64 मैं उस रात घर पर गया, वहां नीचे की ओर देखा, उन फिन्स के लोगो को वहां चलते हुए देखा, उनके हाथों को हवा में ऊपर उठकर परमेश्वर की स्तुति कर रहे थे। यही है जब दूत दूसरे छोटे लड़के को दिखाई दिया।

आपने इसकी कहानी को उस किताब में—में पढा है। और किस तरह से वह छोटा लड़का, जो वहां पड़ा हुआ मर रहा था, डॉक्टरों ने उसे छोड़ दिया था, वो अगली शाम को बिल्कुल तभी चंगा हो गया जब पवित्र आत्मा ने कहा कि वह चंगा हो जाएगा। और वह चला गया और सामान्य रूप से ठीक था, आज जीवित है; अभी भी उनसे पत्र मिल रहे हैं, कि प्रभु ने उन्हें चंगा किया। वो अभी भी यीशु मसीह है।

65 यह प्यारा है: धन्यवाद, मेरी छोटी बहन, इस दशमांश के लिए। एक सेवक के रूप में, मुझे दशमांश को स्वीकार करना चाहिए। इसलिए, मैं आपको बहुत प्यार से धन्यवाद देता हूं, मेरी छोटी मित्र। और होने पाए परमेश्वर आपको हमेशा आशीष देता रहे। और तुम अपनी माँ को यह बोलने मत देना कि तुम मोटी हो। तुम मोटी नहीं हो। देखा? तो ठीक है। उसने यहाँ कहा, मैंने इसे नहीं पढ़ा; उसने कहा, "माँ का कहना है कि मैं मोटी हूं, लेकिन मैं नहीं हूं।" मैं नहीं सोचता है कि तुम मोटी भी हो। सो, यदि तुम हो, तो परमेश्वर तुम्हारे अपने ह्रदय की इच्छा को पूरा करे, प्रिय, ये मेरी प्रार्थना है, यदि यह तुम्हारे प्रति परमेश्वर के लिए कुछ भी मायने रखता है।

66 अब, आज रात मैं एक अनुभव देने जा रहा था जो घटित हुआ था। और सबसे पहले, मैं उस—उस वचन को पढ़ना चाहता हूं। अब, कल दोपहर... (सभा कितने बजे शुरू होगी, भाई? ढाई बजे।) अब, कल डेढ़ बजे, वे सब जो आना चाहते है... प्रार्थना करवाने के लिए प्रार्थना पंक्ति में आ जाये, हम प्रार्थना कार्ड को देंगे, पूरे झुण्ड को लाएंगे जैसा कि हमने कल रात किया था। मैं सोचता हूं कि इसी तरह से मेरी सेवकाई शुरू होगी और कल रात से और आगे बढ़ेगे। आप सभी जो प्रार्थना कार्ड को चाहते हैं कल दोपहर डेढ़ बजे आ जाये, उसके—उसके बाद में नहीं... दो या सवा दो के बाद देरी से यहाँ न आएं, क्योंकि सभी कार्ड हो सकता है उस समय तक दिए गए जायेंगे, और इससे बाकी की सभा में रुकावट नहीं आएगी।

67 अब, यदि कुछ सन्देश है जब मैं प्रचार कर रहा था, यदि आप उन्हें लेने की इच्छा करते हैं, तो भाइयों ने उन्हें यहां लाया है, भाई गोवाड और भाई मर्सियर। वे कहाँ हैं, जीन? इमारत के पीछे स्टैंड पर है, उनके पास रिकॉर्ड और टेप है। ये वे भाई लोग है, वे... वे उन्हें देखते हैं, और वे...

उन्हें इसे आपके लेने पर खुशी होगी। और मैंने इसे उनकी बिक्री आदि में ढूंढा है।

68 मैंने आपको उस बात को बताया था कि कैसे लड़के कल रात मेरे साथ जुड़ गए। और मैंने कुछ समय पहले एक सेवक को टेप लेने के लिए भेजा था। उसने इसके लिए मुझसे नौ डॉलर लिए। और मैंने इन लड़कों से पता किया, और मैं सोचता हूं कि यह लगभग ढाई डॉलर, या, ऐसा ही कुछ है; उन्हें एक टेप से लगभग पैंतीस, चालीस, शायद पचास सेंट बचता हैं, सबसे अच्छा टेप खरीदते है, स्कॉच टेप, और सबसे अच्छा बनाते है। अगर वे उन की एक बड़ी कीमत लगाते हैं, तो मैं उन्हें ठीक अभी बता दूंगा: “अब टेप की बिक्री नहीं करना!” नहीं, श्रीमान।

69 अब, उनके पास उनका प्रबंधन करने के लिए कुछ होना चाहिए, क्योंकि वे बहुत सारे टेप तोड़ते हैं, और इत्यादि, और तब उन्हें—उन्हें गुजारा करना है। उनमें से एक विवाहित व्यक्ति है, और इसलिए हम... उन्हें गुजारा करना है, और उनका हक है कि उनमें से थोड़ा सा पैसा मिले। और फिर कभी–कभी, वे उन्हें क्षतिग्रस्त कर देते और तोड़ देते हैं, और उन्हें बाहर भेजते हैं और उनके लिए भुगतान नहीं मिलता है, और, आप जानते हैं कि यह किस तरह से होता है। ठीक वैसे ही जैसे हमारी किताबें वहां होती हैं: मैं *वॉयस ऑफ हीलिंग* से चालीस प्रतिशत कम पर उन्हें खरीदता हूं। और इसके साथ, जब हमें उन्हें बेचने के लिए भुगतान करना पड़ता है, और देख रेख करने का शुल्क...

और मैंने हमेशा कहा है, “यदि किसी को किताब चाहिए... ” लड़कों को किसी भी समय आर्डर करे:

यदि किसी को किताब चाहिए, और एक बेचारा बूढ़ा चलकर जाता है, और अपनी जेब में हाथ डालता है, “वे कितने के हैं? ”

“ठीक है, वे पचहत्तर सेंट हैं, ” या, वे जो भी है... डॉलर, या, जो कुछ भी उनकी कीमत हैं।

और उसने कहा, वह, “उसके पास साठ सेंट ही है।”

उसे कहो, “पिता, किताब को लेकर और आप जा सकते है; पैसे के विषय में बात न करें।”

70 समझे? उसे लेकर जाने दे। इसी तरह से, यहां तक किताबें भी अपनी सहायता नहीं करतीं। कलीसिया को किताबों के मामले में मेरी मदद करनी

होगी। हम... समय पर हम उनके लिए भुगतान करते हैं, और छपाई के लिए, और वो—वो अवशेष, और काटना–छांटना, और जो कुछ भी उन पर लगता है, और जो भी हमें देना है और इत्यादि, क्यों, वे—वे नहीं... वे नहीं सम–... स्वयं की सहायता नहीं करते। और तो इसलिए, हमारे पास ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे हम पैसे कमा सकें। हम जो कुछ भी करते हैं...

71 और मेरा खुद का: मेरा प्रेम दान मिशन के क्षेत्रों में जाता है। मैं इसे नहीं देखता। यह एक अच्छी चीज के लिए जाता है। मुझे अपने कलीसिया से एक सप्ताह में एक सौ डॉलर मिलते हैं, चाहे वह अमेरिका में हो, अमेरिका से बाहर हो, चाहे ये कहीं भी हो, मुझे वर्ष में बावन सौ डॉलर मिलते हैं। मैं इसी पर गुजारा करता हूं, और हमें नजदीक रहना है, बड़े परिवार के साथ जैसा मेरे पास है। और मुझे कलीसिया पास्टर के निवास स्थान में रहना है।

72 और हम यहां पैसे के लिए कभी नहीं आते; यह हमारा इरादा नहीं होता है। एकमात्र कारण हम... किताबों को खरीदते और उन्हें फिर से बेच देंते है, और टेपो और उन्हें बेचते है, ऐसा इसलिए है क्योंकि हम सोचते हैं कि यह यीशु मसीह के उद्देश्य को आगे बढ़ाएगा। इसमें बिल्कुल भी पैसा कमाने की बात नहीं है। लेकिन मैं सब्त के दिन किताबों या टेपों या किसी और चीज़ को बेचने की अनुमति नहीं दूँगा। जो की कल है। हम उन्हें रविवार को नहीं बेचेंगे; हमने इसे कभी नहीं किया है, और हम ऐसा करने का कभी इरादा नहीं रखते हैं। और इसलिए यदि आप कुछ किताबें, कुछ टेप या रिकॉर्ड को लेना चाहते हैं, तो वे आज रात भवन के पीछे मिलेंगे।

73 और यदि आप इसे लेते हैं, और आप नहीं सोचते हैं... यदि आपके पास कुछ भी पैसा नहीं है, तो यह फिर भी आपका है। आप इसे लेते है, इसकी कीमत पचास सेंट की नहीं है, या आपने इसके लिए जो कुछ भी भुगतान किया है, उसे सीधे वापस भेज दें, या इसे फेंक दो और हमें बताये, या इसे किसी और को दे दो। इसे किसी और को दे दो, और हमें भेजकर बताये कि यह इसके लायक नहीं थी; पैसा आपको वापस कर दिया जाएगा। इसलिए हमें कुछ नहीं चाहिए... कोई भी खर्च, ऐसा कुछ भी। यह कुछ भी नहीं है।

74 लेकिन वो—वो प्रेम–दान बाहरी कार्य क्षेत्र के लिए होता है। मैं इसे अपने आप के लिए नहीं लेता; इसे मेरे कार्य क्षेत्र के सचिव द्वारा लिया जाता है; सेवको के द्वारा संचित किया गया, उसे दिया जाता है, बैंक में जमा किया जाता है। और जब मैं विदेश और आदि में जाता हूं, तो यह छुटकारे का उसी संदेश लाने के लिए विदेशी कार्य क्षेत्रों में मेरी सहायता के लिए होता है उन लोगों के लिए जो यह भी नहीं जानते कि कौन सा दायाँ और बायाँ हाथ है। यही है जहाँ इसे उपयोग किया जाता है। मुझे यहाँ तक कभी ये भी पता नहीं होता कि प्रेम दान कितना है, जब तक कोई मुझे नहीं बताता। जब मैं घर पहुँचता हूं, मुझे गए एक महीना हो जाएगा, सो मुझे चार सौ डॉलर मिलते है जब मैं घर वापस आऊंगा अपने कर्ज और चीजों का भुगतान करने के लिए। अब, हम इसी तरह से गुजारा करते हैं, ताकि आप समझ सकें कि हमारे पास कुछ भी नहीं... नहीं, नहीं... हम पैसे के लिए नहीं हैं, या ऐसा कुछ भी नहीं है। और हमारे पास जो है, मैं इसे वास्तविक रूप से स्पष्ट करना चाहता हूं ताकि आप इसे समझ सकें।

75 अब, आज रात–... मैं एक छोटा सा विषय लेना चाहता हूँ, यदि मुझे इसे ऐसा कहना चाहिए, जिसमें से कुछ क्षणों के लिए बोलना है। इससे पहले कि हम उसके पास जाए, आइए हम अपने सिरों को झुकाये, बस कुछ क्षण प्रार्थना के लिए।

76 स्वर्गीय पिता, हम आपको हमारे हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देते हैं। प्रभु, मैंने आपको मेरी छोटी–छोटी सभाओं में किस तरह से अनुभव करते देखा है, उन महान पुरुषों की तो बात ही छोड़िए जो कार्य क्षेत्र में होते हैं, जैसे हमारे भाई रॉबर्ट्स, और टॉमी ओसबोर्न, और वे लोग। मैंने आपको मेरी खुद की सभाओं में बहुत कुछ करते हुए देखा है कि बहुत सी महान चीजों की बाईबल को लिख डालूं, मरे हुओ को जीवित करने की। डॉक्टरों को इसके लिए एक बयान पर हस्ताक्षर करने दें। अँधे, बहरे, गूँगे को चंगा करना; भविष्यवाणी करना, बताना कि वास्तव में क्या है, इसे हर बार बिल्कुल सही होते हुए देखते है। आप परमेश्वर हैं, और हम जानते हैं कि आप परमेश्वर हैं।

77 कृपया, पिता, यदि आज रात हमारे बीच में कोई है जो विश्वास नहीं करता है, होने पाए कि आज रात कुछ किया जाये या कहा जाए, जो उस पुरुष या स्त्री के लिए करण बने कि उनके अविश्वास को समर्पित कर दे

और इसे परमेश्वर से, पवित्र आत्मा से विश्वास की एक वास्तविक साहसी आत्मा के लिए विनिमय करें। इसे प्रदान करो, प्रभु। आप उनकी बुराई को दूर करने और उन्हें अच्छाई देने के लिए तैयार हैं। ओह, आप कितने भले हैं, पिता; हम आपको इसके लिए प्रेम करते हैं।

78 हम प्रार्थना करते हैं कि आप हर जगह अपने सेवकों को प्रेरित करें। वे इस अंधेरी घड़ी में जलती हुई मशाल बन जाएं जिसमें हम रहते हैं, जैसा कि हम देखते हैं कि यदि संभव हो तो कहलाने वाला शिष्ट समाज परमेश्वर के प्रकाश को बुझा देता है। लेकिन फिर भी, यीशु के आने तक वह मशाल लोगों के हृदयो में जलती रहेगी। पिता, आज रात स्थान के पदों में और जोड़ें, हम प्रार्थना करते हैं। सभी बीमार लोगों को चंगा करें, जो पीड़ित हैं, हम प्रार्थना करते हैं कि आपका अनुग्रह और दया उन पर बनी रहे। आने वाले संसार में उन्हें अनन्त जीवन देना, और इस संसार में उन्हें अच्छा स्वास्थ्य देना। क्योंकि यह बाईबल में लिखा है, “मैं सभी चीजों से ऊपर रहूंगा, कि तू भला चंगा रहे।”

79 पूरी घाटी में और हर जगह कलीसियाओं को प्रेरित करें जो—जो प्रतिनिधित्व किया गया है इस महान, पवित्र आत्मा की बेदारी में, जो दुनिया में फ़ैल गयी है। हम प्रार्थना करते हैं, पिता, कि आप इसे फिर से एक शानदार तरीके से जागृत करेंगे। इसे ओरेगॉन में फिर से आरंभ होने दें, हर एक कलीसिया में एक महान बेदारी हो।

80 कल, सब्त के दिन, होने पाए कलीसियायें भर जाएं, होने पाए सेवकों में आग में हो, प्राण अंदर लाया जाए, होने पाए बहुत से लोग अपने पापों को स्वीकार करते हुए आये और पानी के बपतिस्मे की आवश्यकता पड़े। इसे प्रदान करे, पिता। और होने पाए आप हर एक को पवित्र आत्मा से भर दे, यह आपके निर्देश का पालन करे, जैसा कि हमने इसे उस रात को सिखाया था। मैं प्रार्थना करता हूँ, पिता, कि आप उन्हें जानने देंगे कि प्रतिज्ञा हर एक पीढ़ी के लिए है, और “जो कोई चाहे; जितनों को प्रभु हमारा परमेश्वर बुलाएगा।” यही है जो आपके निर्देश ने कहा है; हम इसके हर वचन पर विश्वास करते हैं। मैं प्रार्थना करता हूँ, पिता, कि आप हर एक को यह प्रदान करेंगे।

हमारे पाप के लिए हमें क्षमा करें। सभा को अपने हाथों में लीजिये और अपनी महिमा को पाएं, यीशु के नाम में हम प्रार्थना करते हैं। आमीन।

81 अब, मैं संत मत्ती के 4थे अध्याय और 17वें पद में से केवल एक पद को पढ़ना चाहता हूँ:

> और *उस समय से यीशु प्रचार करना और यह कहना आरम्भ... किया,* कि राज्य... *पश्चाताप करो: क्योंकि स्वर्ग का राज्य निकट आया है।*

82 अब, मैं विषय को लेना चाहता हूँ, वे तीन पहले शब्द: *उस समय से*। अब, यहाँ वह सब कुछ है जो *फलां–फलां* समय को वापस बता सकता है। "उस समय से," हम कहते हैं। जैसे वो छोटा सा लड़का, छोटी सी लड़की, हम कह सकते हैं कि हम *किसी* एक काम कर रहे थे और *ऐसी–एक–चीज* घटित हुई, और हमारे लिए "उस समय से" चीजें बदल गईं।

83 और हम आज रात यहाँ शहर में जा सकते हैं, और आपके प्यारे छोटे शहर की सड़कों पर चलने वाली सबसे गिरी हुई और अनैतिक महिला को यहां घाटी में देखेंगे। और मैं उसके पास बैठ जाऊंगा, और मैं कहूंगा, "महिला, मैं चाहता हूं कि आप मुझे अपनी कहानी को बताएं।"

84 और वह बोलना आरंभ करेगी; वह ऐसा कुछ तो कह सकती है: "भाई ब्रंहम, एक दिन था जब मैं एक लिली की तरह शुद्ध थी। और मैं प्रसिद्ध दर्जे के लोगों के बीच अपना सिर ऊंचा उठा सकती था; और मैं कलीसिया जा सकती थी, और अच्छा महसूस कर सकती थी। लेकिन एक समय ऐसा आया कि एक रात मैं किसी एक लड़के के साथ बाहर गई, और उसने मुझे उस—उस कोक में ड्रग मिला कर दिया, और उस समय से... "

85 या यह हो सकता है कि कोई और लड़की मित्र हो जो एक विश्वासी नहीं थी, जो उसके साथ में थी और उसे एक प्रकार के नृत्य के लिए राजी कर लिया। और वह किसी लड़के की बाहों में आ गई, और उस समय से। यह हमेशा ही एक समय से अंकन कर रहा है।

86 या हो सकता है कि मैं आज रात यहां आपके शहर में जाऊं, और आपके पास सबसे गंदे शराबी को ढूंढूं। और मैं उस मनुष्य के पास पास बैठ जो जवान, या बूढ़ा होगा, और मैं उस से कहता, "मित्र, मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं: आप अपना जीवन इस तरह से क्यों बर्बाद कर रहे हैं? आप बात आपको पीने को लगाती है और इस तरह से करने को जो आप करते हैं? जब कि आप यहाँ शहर में एक—एक महान कार्यकर्ता हो सकते है। आप किसी कलीसिया के कार्यकर्ता हो सकते हैं, या आप किसी स्त्री

के सच्चे एक पति बन सकते हैं, कुछ बच्चों के पिता हो सकते हैं;" या, कोई शराबी महिला जो कुछ बच्चों की एक—एक सच्ची माँ बन सकती है, किसी पति के लिए एक प्यारी, प्रिय पत्नी बन सकती है।

87 और वे इस तरह बताना शुरू करेंगे, और कहेंगे, "ठीक है, तब से... मैं एक समय एक शराब विरोधी था। मेरी एक प्यारी माँ और पिता थे जिन्होंने शराब पीने के विरुद्ध सिखाया। और एक बार मैं किसी एक लड़के के साथ संगति में चला गया जो लड़कियों के बीच बहुत ही लोकप्रिय था, और मैं—मैं—मैं भी लोकप्रिय होना चाहता था, इसलिए मैंने उसके श्रेणी में शामिल होने के बारे में सोचा। और मैं अपने माता और पिता की शिक्षा के विरुद्ध चला गया। और उसने मुझे राजी कर लिया, 'आज की रात क्या तुम अच्छा समय बिताना चाहते हैं, तो आप अपने भीतर कुछ आत्माओ को लाना चाहते हो।' और मैंने अपने पहले शराब के प्याले को लिया, और उसी समय से... "

88 यह इसी तरह से शुरू होता है। यहाँ कुछ समय पहले न्यूयॉर्क में, डॉक्टर बर्ग, वो अब न्यूयॉर्क शहर में सिस्टर ब्राउन टैबरनेकल, बेथानी टेबरनेकल में एक पास्टर है, पुराने पेंटीकोस्टल स्थापनाओ में से एक, दुनिया में सबसे पुराने में से एक; मुझे लगता है कि हमारे भाई उनके बारे में अच्छी तरह जानते हैं।

89 और वहाँ, जब मैं वहाँ पर था, मैं सोफिया से मिला, वो कपडे धोने वाली महिला, वो स्वीडिश की महिला जिसने जाकर और उसके साथ बोवेरी में काम किया। पीलिया के टीके को लेने के लिए मुझे दो दिनों तक रहना पड़ा था; मैंने सोचा कि मैं इसे बिना लगाये अफ्रीका पहुंच जाऊंगा, लेकिन वे मुझे वहां से होकर जाने भी नहीं देंगे, या हवाई जहाज में नहीं चढ़ने देंगे। और मुझे पीलिया के टीके लेने के लिए नेवी यार्ड जाने के लिए दो दिन रुकना था।

और भाई बर्ग ने कहा, "आप क्या करना चाहेंगे?"

मैंने कहा था, "मुझे बोवेरी का दौरा करने जाना है।"

कहा, "तो ठीक है, हम वहां पर जाएंगे।" कहा, "मेरे वहां पर बहुत से मिशन हैं।"

90 और हम वहां नीचे गए, और यदि मैं... मैं सोचता हूं कि किसी भी मनुष्य के लिए यह अच्छी बात होगी कि वह अपने बेटे को बोवेरी में ले जाए और

उसे देखने दे। मैं सोचता हूं कि यदि आप कभी भी फ्रांस में थे, तो अपनी बेटी को पिगाले ले जाएं; उसे देखने दो कि मनुष्य का जीवन कितना गिरा हुआ हो सकता है।

इसलिए जब मैं वहां गया... बोवेरी के पास, वहां असहाय मनुष्य पड़े हुए थे, उल्टी से भरे उनके मुँह मक्खियाँ भिनभिना रही थी, और ओह, नशे की लत वाले, शराबी लोग।

91 और मैंने कहा, "ओह भाई बर्ग," मैंने कहा, "शायद इन लोगों को यहाँ घरों में ऐसा पाला-पोसा गया था कि—कि उन्होंने इसकी परवाह नहीं कि वे क्या करते हैं; उन्हें सड़क पर भटकने के लिए छोड़ दिया गया था।"

92 उसने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, "आप चकित हो जाएंगे।" उसने कहा, "ठीक यहां जिस मिशन पर हम जा रहे हैं, वहां से पिछले वर्ष वहां मर चुके एक सौ अस्सी लोगों को हमने बाहर निकाला। उन्हें सड़कों पर उठाया गया, उन्हें खिलाया गया, और वे अंत में मर गए; मसीह के बाहर उनके लिए कोई आशा नहीं है।"

और फिर, इलाज, वे उसके लिए बहुत दूर हैं। उसने कहा, "यहाँ, यह यहाँ जो मनुष्य है।" कहा, "उसे पहचानता हूँ। उसे खड़ा करो।"

और मैं उसके पास गया, और मैंने कहा, "महाशय, क्या मैं आपसे बात कर सकता हूँ? "

उसने कहा, "तो, हो सकता है कि वह बोलने में असमर्थ है।"

93 ओह, मैं बस यह नहीं बता सकता कि वह मनुष्य किस स्थिति में था। वह एक ऐसे स्थान पर पहुँच गया था जहाँ कमर से नीचे तक उसके कपड़े बहुत ही बेकार स्थिति में थे, पूरी तरह से गीले थे। और वह बस एक—एक भयानक दशा में था, दुर्गंध आ रही थी। और मैंने कहा, "महाशय, क्या मैं आपसे बात कर सकता हूँ? "

94 और भाई बर्ग ने उसे हिलाया। मैं... वह उठ खड़ा हुआ। और उसनें कहा, "मैं भाई बर्ग हूं।" खैर, वो भाई बर्ग के बारे में कुछ नहीं जानता था। वह अभी भी नशे में था।

और मैंने कहा, "मैं आपसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूं।" मैंने कहा, "आप किस प्रकार के घर में पले-बढ़े थे? "

उसने कहा, "क्या आप मुझे पीने के लिए इतना पैसे देंगे? "

95 और मैंने कहा, “मैं सुसमाचार का सेवक हूँ। मैं प्रभु के धन को किसी मनुष्य को शराब पीने के लिए नहीं दूंगा।” मैंने कहा, “मैं... मेरे पास जो पैसा है वह परमेश्वर के बच्चों से आता है, और इसे परमेश्वर के राज्य के लिए खर्च किया जाना है। मैं आपको बताता हूँ कि मैं क्या करूँगा: मैं आपके लिए एक सैंडविच को खरीदूँगा; मैं आपके लिए आपके रात्रि का भोजन खरीदूंगा या... क्या आप मेरे साथ जाओगे। लेकिन मैं एक सेवक के रूप में आपसे पूछना चाहूंगा।”

उसने कहा, “क्षमा करें, आदरणीय।”

और मैंने कहा, “अच्छा, आप कभी इस दशा में किस तरह से आए? ”

उसने कहा, “महोदय, मुझे संदेह है कि आप मेरी कहानी पर विश्वास करेंगे या नहीं।”

“तो ठीक है, ” मैंने कहा, “मैं आपको एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में लेता हूं। मैं—मैं आपकी कहानी पर विश्वास करूंगा, आप मुझे बताओ; मुझे अपने ह्रदय से बताओ।”

और उसनें कहा, “महोदय,” उसने कहा, “मेरी पालन–पोषण एक मसीही घर में हुआ था।”

और मैंने कहा, “और उसके बाद इसमें गिर गये? ”

96 उसने कहा, “जी हां, श्रीमान।” कहा, “मेरा सबसे प्यारा परिवार था: तीन बच्चे थे, दो लड़के और एक लड़की, और सबसे प्यारी पत्नी जो सदैव रही थी।” और उसके बड़े–बड़े आंसू उसकी बूढी, सफ़ेद दाढ़ी पर से बहने लगे। उसने कहा, “मैं यहाँ एक *किसी* कोने पर, इस बैंक का अध्यक्ष था।”

और मैंने कहा, “क्या ऐसा है? ”

उसने कहा, “बैंक जाकर और उनसे पूछो।”

ओर वह... मैंने कहा, “अच्छा, ऐसे किस कारण से आपने ऐसा किया? ”

97 उसने कहा, “महोदय, आदरणीय महोदय,” उसने कहा, “एक शाम मैं घर पर आया और वहाँ एक पत्र था जो ‘प्रिय जॉन’ के नाम से मेज पर रखा हुआ था। मेरी पत्नी मुझे छोड़कर चली गई थी।” उसने कहा, “और मैंने—मैंने कभी शराब नहीं पी, लेकिन मैंने सोचा, ‘मुझे कुछ करना होगा,

या मैं एक पिस्तौल लूंगा और अपने दिमाग को उड़ा दूंगा।' और मैंने शराब पीना शुरू कर दिया, और मैं यहाँ हूँ।"

मैंने सोचा, "परमेश्वर दया करें।" समझे?

पर... "उस समय से... " यही है जिसने इसे शुरू किया। हम हमेशा एक समय से लेकर सोच सकते हैं।

98 फिर युवा जोड़े की तरह जो विवाह करते है। ओह, वे जितने प्यारे हो सकते हैं उतने प्यारे होते हैं। पहली बात जो आप जानते हैं, मैं उस महिला के पास जाऊंगा जिसने अपने परिवार को छोड़ दिया था, और मैं कहूंगा, "महिला, किस बात ने तुम्हे अपने परिवार को छोड़ने को लगाया? तुम्हारे पास एक अच्छा पति था।"

99 "ओह, " वह मुझसे कहेगी, वह कहेगी, "भाई ब्रंहम, मैं—मैं—मैं स्वर्ग से ओस की तरह ही पवित्र थी। मैंने अपने पति से विवाह किया और उसके पास एक गुणी महिला आई। और वह एक श्रेष्ठ पुरुष था; उसने काम किया और पसीना बहाया और मेरी देखभाल की। और बच्चे, मेरा छोटा सुंदर सा लड़का, जब वह पैदा हुआ था, मैं अब अपने पति की पीठ पर छोटे लड़के को देख सकती हूँ, पीठ पर बैठा कर जमीन पर ऊपर और नीचे घुमा रहे थे। और ओह, यदि मैं फिर से बुला सकती।"

मैंने पुछा, "खैर, क्या हुआ था? "

100 वह कुछ ऐसा कहती: "अच्छा, यह ठीक है। और एक दिन, सुंदर, लहराते बालों, और बड़ी, भूरी आँखों वाले एक सेल्समैन ने दरवाज़े पर खटखटाया, और उसी समय से... " समझे? यह इस तरह शुरू होता है; एक समय को चिह्नित करता है। इसकी तब शुरुआत होती है।

101 तुम कभी नहीं सोचना कि पाप गली में पड़ा रहता है, हमेशा गटर में होता है; पाप सजा-धजा और सुंदर होता हैं। निश्चय ही करता है। मैंने हमेशा कहा है, "शैतान एक टक्सीडो सूट और एक लम्बी सी टोपी पहनता है, और अपने हाथ में एक छड रखता है।" उस चिकनी-चुपडी बातों को करने वाले चालाक देखें। बिल्कुल सही। शैतान मूर्ख नहीं है, आप जानते हैं। वह—वह—वह जानता है कि कैसे कपड़ो को पहनना है; वह इसे आकर्षक बनाता है, समझे?

102 और यह हमेशा पुराना चार्ली बार्लेकॉर्न नहीं होता है जिसकी टोपी नीचे खींची होती है; कभी-कभी यह एक सच्चा ईमानदार ह्रदय होता है। यदि

उसके पास एक—एक अच्छी शुरुआत थी या ऐसा ही कुछ कि उसकी मदद करें, तो वो सही जायेगा; लेकिन हमेशा नहीं। मैंने बहुत सी बार देखा है, और ऐसे मैं लोगों के पास चलकर गया हूं वे उतने फटेहाल होते है जितने वे हो सकते है; मैं उन्हें देखता हूं, और मेरे पास परमेश्वर के द्वारा यह जानने का एक तरीका है कि कौन मुझे पसंद करता है और कौन नहीं। आप यह जानते हैं।

103 तो, एक मनुष्य को देखता हूं जो पूरा गंदा और हर एक चीज; मैं बल्कि उसे कई बार अपने साथ रखना चाहूंगा, तब कोई तो उनके अपने तरीके के कपड़े पहने होता है, शायद, कॉलर घूमा हुआ हो, और मेरी पीठ थपथपाते है, कहते है, "ओह, भाई ब्रंहम, हम आपके लिए हैं।" और मैं ठीक तभी जान जाता हूं तब वह झूठ बोल रहा है। देखा, आपने देखा? ऐसा ही है। मुझे झूठ बोलने का कोई फायदा नहीं है। ओह, तुम एक चोरी से छिप सकते हो, लेकिन तुम एक झूठे से नहीं छिप सकते। तो यह—यह सही है।

104 लेकिन जब हम उन स्थानो पर पहुंचते है, "उस समय से... " फिर साथ ही नया साल आता है। आप सब बाहर जाकर और एक संकल्प को लिखते है। "पत्नी आज रात, मैं तुम्हें वचन दूंगा। मैं एक नये पन्ने को पलटूंगा, और मैं—मैं और कभी शराब नहीं पीऊंगा।"

105 और वह महिला इतनी सिगरेट पीती रही, इतना तक कि वह अपने बच्चे को अब दूध भी नहीं पिला सकती, इसे निकोटीन का जहर देती है, इसे मार डालती है; और वह नए साल पर धूम्रपान बंद करने जा रही है। शराबी नए साल पर शराब छोड़ने जा रहा है; अनैतिक व्यक्ति नए साल पर अपनी अनैतिकता को बंद करने जा रहा है; इसी तरह इत्यादि बातें। आप क्या करते हैं? अगले दिन इसे फिर से चालू करने के लिए बस एक नये पन्ने को पलटते है। देखा? आप... यह... आपने सही शुरुआत नहीं की। ये सब बातें ठीक हैं; मेरे पास उनके विरोध में कुछ भी नहीं है। लेकिन वहाँ...

106 जैसे कि युद्ध में... प्रथम विश्व युद्ध के बाद, आप में से बहुत अधेड़ उम्र के पुरुष, और लगभग मेरी उम्र के, मैं सोचता हूं कि जब युद्ध समाप्त हुआ तब मैं आठ या नौ साल का था। और मुझे याद है जब उन्होंने युद्ध की घोषणा की: 1914, मैं स्प्रिंग वैगन पर बैठा हुआ एक छोटा सा बालक था। मेरे पिता के पास फलियों की सब्जी की एक बोरी थी; फलियों की सब्जी और मक्के की रोटी खाकर हम जीते थे: अब भी इसे पसंद करता हूं। और

इसलिए, वे... पॉप युद्ध के बारे में बात कर रहा था, और उसे शायद युद्ध में जाना पड़ सकता था।

मैंने कहा, “यदि वे लोग तुम्हारे पीछे आ जाए, तो मैं फलियों की सब्जी की इस बोरी को ले कर उन को उस से मारूंगा।” और इसलिए, अब उस समय मैं बहुत ही छोटा था।

107 और फिर, मुझे याद है कि जब उसने मेरे लिए मेरे जूते की पहली जोड़ी लायी थी, उसने—उसने कहा कि वह नीचे जा रहा है, वो और उसकी माँ, उन्हें बाहर निकालने के लिए। मैं नंगे पांव था। आप जानते है, छोटे लड़के नीचे पहाड़ों में जहां मुझे पाला–पोसा गया था, बस वही था जिसे तुम पुराना हिकरी या अमेरिकी पेड़ कहते हो, एक छोटा चोगे के जैसा, या एक छोटी शर्ट जब वे एक छोटे लड़के थे। मैं सोचता हूं कि जब तक मैं लगभग छह साल का था, तब तक मैंने इसे पहना था। और मेरे जूतों की पहली जोड़ी, उनके चारों ओर का जो सिरा था, जिससे उनमें छोटे–छोटे छेद हो गए थे।

108 और मैं हमेशा ही, जब मेरे हाथ में एक छींटा आता, तो मैं भागकर माँ के पास जाता, और वह उसे *इस* तरह निकाल लेती। और मैंने सोचा कि उन्होंने मेरे जूतों में छोटे–छोटे छेद कर दिए हैं, जहां उन्होंने एक सुई ली होगी और उन्हें कहीं से निकाला होगा, क्योंकि माँ ने कहा कि उसे नीचे जाकर और “मेरे लिए वहां से” जूतों की एक जोड़ी लाना है। मैंने सोचा कि उसने यह सुई से किया है। इसलिए...

109 लेकिन विश्व युद्ध के बाद, मुझे यह संदेश याद है: “हमारे पास कभी अब और युद्ध नहीं होगा। युद्ध समाप्त हो गया है।” वह अच्छे इरादे थे; जो उनका उद्देश्य था। और उसके बाद, उन्होंने वह बनाया जिसे हम राष्ट्र संघ के रूप में जानते हैं, प्रत्येक राष्ट्र से इतने सारे पुरुषों, सैनिकों को लेते हुए, और वे सारी धरती पर पहरा देंगे। यह अच्छा इरादा था, लेकिन इसने काम नहीं किया, क्योंकि यह परमेश्वर की योजना नहीं थी। अब, हमारे पास वो है जिसे संयुक्त राष्ट्र कहा जाता है और जो यह है: लगभग एक दूसरे पर बंदूकों को ताने हुए संयुक्त राष्ट्र में बैठे हुए है। यह कभी भी काम नहीं करेगा।

110 लेकिन कुछ ऐसा भी है कि एक समय पर आप किसी *एक ठहराए समय* पर मिल सकते हैं और सब कुछ बदल जाएगा। यही है जब आप परमेश्वर

से मिलते हैं, और “उस समय से” आप एक बदले हुए व्यक्ति होते है। एक मनुष्य परमेश्वर से मिल सकता है और कह सकता है, “उस समय से... ” यीशु मसीह से भेंट करने के बाद आप पहले जैसे नहीं रहेंगे। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि: यीशु से भेंट करने के बाद आप पहले जैसे नहीं रहेंगे। फिर आप हमेशा ही वापस उल्लेख करके कह सकते हैं, “उस समय से... ”

111 आइए हम आज रात कुछ ऐसे लोगों का इंटरव्यू करें जिन्होंने परमेश्वर से मिले थे। आइए पिता अब्राहम के बारे में सोचें। वह सिर्फ एक साधारण सा मनुष्य था। वह अपने पिता के साथ बाबुल से आया, और शिनार की तराई के नगर में रहने लगा कसदियों के—के देश ऊर में। वह कुछ विशेष व्यक्ति नहीं था; वह कोई संत व्यक्ति नहीं था। वह आपके या मेरे जैसे एक साधारण सा मनुष्य था।

112 और एक दिन, शायद वह एक किसान था, वहां खेतों में खेतीबारी कर रहा था, और वह... या कुछ तो और, और एक दिन, वह परमेश्वर से मिला। उसके पास कभी भी किसी अन्य व्यक्ति से अधिक विश्वास नहीं था, लेकिन जब वह परमेश्वर से मिला, पचहत्तर वर्ष की उम्र में, इसने उसका पूरा अस्तित्व ही बदल दिया; क्योंकि वह परमेश्वर से मिला था। परमेश्वर ने उसे बताया, वह पचहत्तर वर्ष का था, और उसने अपनी सौतेली बहन सारा से विवाह किया था; और, उस समय, वह पैंसठ वर्ष की थी। और परमेश्वर ने अब्राहम से कहा कि उसे सारा से एक बालक उत्पन्न होने वाला है।

113 अब, वह होता... यदि ऐसा होता कोई तो उसके पास चलकर जाता और उससे कहता, उसका कोई साथी−मित्र, और कहा, “अब्राम, तुम सारा के द्वारा एक बच्चे को जन्म देने वाले हो, और वह तुम से एक बालक को जन्म देगी।”

114 अब्राहम हँसता, और उसके बगल को पकड कर, और कहता, “मैं, मेरे जैसा एक बूढ़ा मनुष्य, और मेरी पत्नी लगभग तीस वर्ष, या, रजोनिवृत्ति के बीस वर्ष बाद? और जब वह सत्रह वर्ष की थी तब से मैं उसके साथ रहता हूँ; वह बांझ है, और मैं निर्जीव हूँ। और हमारे पास भला एक बालक कैसे हो सकता है, और मैं पचहत्तर का हूं और वो पैंसठ की है? ” वह अपने मित्र के मुंह पर हँसा होगा।

लेकिन वह परमेश्वर से मिला। और उस समय से, इसके विपरीत कुछ भी था उसने ऐसा बताया, जैसे कि वह था ही नहीं। आमीन। वह परमेश्वर से मिला था।

115 यदि बीमार व्यक्ति कभी परमेश्वर से मिल सकता है, चाहे आप कितने भी अपंग क्यों न हों, आप कितने भी बीमार क्यों न हों, आप कितने अंधे रहते हो, आप परमेश्वर से मिलते हो, आप में कुछ तो अंदर चला जाता है, और आप इन परिस्थितियों को और नहीं देखते हैं। आप उस ओर देखते है कि परमेश्वर ने क्या कहा। परमेश्वर हमेशा जो कहता हैं... जीवन की चिंताओं में से निकलते हुए अपने ह्रदय में उतरने का रास्ता निकालें, और वहां एक विश्वास उत्पन्न करें, संसार में ऐसा कुछ भी नहीं है जो आपको इससे कभी भी हिला सके। जब एक मनुष्य परमेश्वर से मिलता है, उस समय से वह एक बदला हुआ व्यक्ति होता है।

116 अब्राहम सौ वर्ष का था, और वह अभी भी इसके विपरीत जो कुछ भी कह रहा था, जैसे कि यह नहीं था। प्रमाण का बढ़ता और बढ़ता गया, जो उसके विरुद्ध में ढेर हो गया था; सारा नब्बे की थी और वह सौ वर्ष का। वह अब भी परमेश्वर की स्तुति कर रहा था, मजबूत, अविश्वास में से होते हुए डगमगाया नहीं, लेकिन हर दिन परमेश्वर को स्तुति दे रहा था कि उसे बालक होगा। क्यों? परमेश्वर ने उससे भेंट की थी; परमेश्वर दयालु था। परमेश्वर ने उसके साथ वाचा की पुष्टि की।

117 क्या हमारे पास उस पुष्टि को लेने का समय है, उत्पत्ति का 16वा अध्याय? या हम 17वें अध्याय पर भी ले सकते हैं? जब उसने उससे सर्वशक्तिमान परमेश्वर के नाम पर भेंट की थी, जिसका अर्थ है *एल शादाई,* उस—उस इब्रानी में शब्द इसका मतलब, "एक महिला के स्तन," *एल शादाई*: "वो एक शक्तिशाली, वो—वो तृप्त करनेवाला, पोषित करने वाला," जब एक बूढ़ा व्यक्ति, सौ वर्ष का, और परमेश्वर उससे मिला, और कहा, "मैं एल शादाई हूं।"

118 अब, *शद* का मतलब होता है "महिला का स्तन" लेकिन *शादाई* का मतलब है "स्तनधारी," बहुवचन। अब, वह केवल एक "स्तन" का परमेश्वर नहीं है, लेकिन वह एक "स्तनधारी" परमेश्वर है: "वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया; उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो गए।" यदि आपको उद्धार की आवश्यकता है, तो थामे रहे और परमेश्वर के उस

स्तन से दूध को खींचे, उसका वचन, उसकी प्रतिज्ञा। आप अपने आप को उन पाप के कामोत्तेजना और अनैतिकता से एक धर्मी, संत व्यक्ति की ओर लेकर आएंगे। यदि आप बीमार हैं, "उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो गए।" केवल परमेश्वर की एक और प्रतिज्ञा को थाम ले और दूध को खींचे।

119 बालक को क्या करना है? वो बालक... हम परमेश्वर के छोटे बच्चे हैं। मैं चाहता हूं कि तुम इसे पकडे, बहन, आप सब जो वहां हो। हम परमेश्वर के छोटे बच्चे हैं। और बच्चा बीमार और कुढ़कुढाने पर क्या करता है? यह बहुत ही चिढचिढ़ा और बीमार होता है। अब, केवल एक चीज जो इसे करना है, केवल एक ही चीज जो इसे शांत करेगी, वह यह है कि मां इसे उठाएगी, उसे अपनी छाती से लगाती है, और उसको दूध पिलाती है। अब, माँ क्या करती है? माँ दूध को उत्पन्न करती है, और बालक (बालक को दूध पिलाती है) माँ के दूध पिलाने से बच्चे को शक्ति मिलती है। तब बच्चा मां की शक्ति के द्वारा ताकत को पाता है। और जब हम परमेश्वर की प्रतिज्ञा को अपने हृदय में थामे रहते हैं, तो हम परमेश्वर की शक्ति को पी रहे होते है, वो एक जो शक्तिमान हैं। हम लगातार दूध को खींच रहे हैं।

120 और मां के ऊपर लेटे एक छोटे से बच्चे के बारे में सोचिए... इसकी मां की छाती पर, यह... वो उसके चिढचिढ़ेपन को बंद कर देता है। जैसे ही वह अपनी मां के स्तन को पकड़ लेता है, वह चिढचिढाना बंद कर देता है। यह अब चिढचिढाता नहीं है; यह संतुष्ट है। यह उसके चिढचिढाने को छोड़ देता है। फिर जब हम परमेश्वर की प्रतिज्ञा को पकड़ लेते हैं, जब परमेश्वर इसे हम पर प्रगट करता है: "मैं प्रभु हूं जो तुम्हारे सारे रोगों को चंगा करता है। जो कोई चाहे, वो आये।" मैंने उसकी आशा को रखा है, तब मैं संतुष्ट हूँ, जैसा कि मैं फिर से वापस यहोवा, सर्वशक्तिमान परमेश्वर, शक्ति को देने वाले से अपनी शक्ति को खींच रहा हूं।

121 एक बूढ़े मनुष्य के लिए क्या ही प्रोत्साहन की बात है, सौ वर्ष का, लगभग मरा हुआ सा, और साराह का गर्भ पहले ही बंद है जब वह बांझ जन्मी थी। और क्या ही एक—एक संदेश: "मैं तेरा शक्ति देने वाला हूँ; मैं एल शादाई हूं। तुम सौ वर्ष के हो, लेकिन तुम मेरे लिए केवल एक बच्चे हो। यहाँ मेरे हाथों में लेट जाओ, और मेरी प्रतिज्ञा को थाम लो; और सिर्फ प्रतिज्ञा के अलावा और कुछ भी नहीं देखो। तब तुम क्या कर सकते हो?

जैसे–जैसे मूंछें बूढी होती जाती हैं, जैसे–जैसे बाल सफेद होते जाते हैं, तुम फिर भी दूध को खींच सकते हो और संतुष्ट हो सकते हो कि मैं अपने वचन को पूरा करूंगा।"

122 डॉक्टर कह सकता है, "तुम बदतर और बदतर होते जा रहे हो।" इससे तुम्हे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आप अभी भी उस—उस एल शादाई की छाती से दूध को खींच रहे हैं। "परमेश्वर, आपने मेरे हृदय में बात की; आप मुझे प्रतिज्ञा देते है। अधोलोक के सारे शैतान इसे मुझसे दूर नहीं ले जा सकते। मैं संतुष्ट हूं कि मैं चंगा हो जाऊंगा। मैं एल शादाई से दूध को खींच रहा हूँ।" आमीन।

मैं आपको बताता हूं भाई, जो मुड़ी हुई हड्डी को बाहर निकालता है और उसमें रीढ़ की हड्डी डालता है, निश्चित रूप से ऐसा करता है, जब आप परमेश्वर को थाम लेते हैं।

123 जब अब्राहम, जब वह शपथ की पुष्टी कर रहा था, तो आप ने ध्यान दिया, कि उसने कहा, "मुझे एक भेड़–... एक रा–... एक भेड़, एक मेढ़ा; मुझे एक मेढ़ा दो, और तीन वर्ष का एक बछड़ा भी दो। और इसे लो... " और उसने उन्हें आधे टुकड़े करके एक ओर रख दिया। उन्होंने कहा, "मेरे लिए एक जंगली कबूतर और छोटा सा एक पिंडुक ले लो।"

लेकिन क्या आपने ध्यान किया... ? काश हमारे पास इसमें जाने का समय होता था। मैं उस घड़ी को देख रहा हूं। और मैं अपने विषय से दूर नहीं जाना चाहता, लेकिन इब्राहीम ने लिया...

कहा, "दो, या एक जंगली कबूतर और एक पिंडुक लो।"

124 अब, कबूतर हमेशा ही प्रतिनिधित्व करता था या बीमारी के लिए प्रायश्चिता को। देखो, पिंडुको को अलग नहीं किया गया था; दूसरों को अलग कर दिया गया था, क्योंकि सुसमाचार के साथ वो—वो वाचा व्यवस्था से अनुग्रह में बदल गई थी, लेकिन दिव्य चंगाई हमेशा एक जैसी बनी रही है। उन्होंने कोढ़ की दवा के लिये एक कबूतर, वा एक पिंडुकी को लिया, और उसका सिर काटकर उसका लहू दूसरे पर उण्डेल दिया, और वह कोढ़ की साफ़ करने के लिये चला गया, छींटे मारते हुए, और पुकारते हुए, "पवित्र।"

125 अब, इसमें ध्यान दें, पिंडुको को अलग नहीं किया गया था। अब इस चिन्ह पर ध्यान दें। ओह, प्रभु। मुझे आशा है कि आप इसे समझ जायेंगे।

पर... जब ये हुआ... अब्राहम ने उस पर से सब पक्षियों को भगाने लगा, और आकाश के शिकारी पक्षियों को, जब तक ये... सूरज ढलने लगता है। और जब सूर्य अस्त हो गया, मतलब समय और नहीं रहेगा। तब अब्राहम गहरी नींद में सो गया, और जैसे धरती पर जन्म लेने वाले सब मनुष्यों को गहरी नींद आती है: हम मृत्यु की नींद में जाते है। तुम मरते नहीं हो; तुम तो बस जाते है, आप बस अपने वास करने के स्थान को बदलते है।

126 अब अब्राहम गहरी नींद में सो गया, और उस ने दृष्टि की, और उसके साम्हने एक—एक धूवे की भट्टी उठने लगी। प्रत्येक पापी जो मरता है, और प्रत्येक मनुष्य जो इस संसार में जन्म लेता है, जो शारीरिक संबंध के जरिये से जन्म लेता है, वो मृत्यु के अधीन है। हम सब पापी हैं और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं, और प्रत्येक मनुष्य इस संसार में जन्म लेता है, एक पापी है। मैं परवाह नहीं करता कि आपके माता–पिता कितने पवित्र थे, आप इस दुनिया में वैसे ही आये हैं जैसे कोई पापी या कोई भी और आता है। हमं... आप पापी हो। "हम पाप में जन्मे हैं, अधर्म के आकार लिया, झूठ बोलते हुए संसार में आये," वचन कहता है। आप—आप—आप आरंभ से ही पिछड़े हुए है।

127 और फिर, हर नश्वर जो मरता है, नरक उसका विश्राम स्थल होता है। यही वो सब विश्राम है जो उसे मिलता है; जो अब्राहम के सामने आया। ध्यान दें, फिर उसके उस पार, मृत्यु के बाद अधोलोक आता है, लेकिन अधोलोक के पार एक छोटा सा सफेद प्रकाश आता है। ओह, प्रभु। प्रभु का नाम धन्य हो। वह छोटा सा सफेद प्रकाश उन बलिदानों के बीच ऊपर नीचे होता रहा।

उसने कहा, "तुमने देखा, अब्राहम, मैं क्या करने जा रहा हूँ?" वह अब्राहम के साथ वाचा की पुष्टि कर रहा था। अब, हो सकता है मैं इसे जल्दी समझाऊंगा।

128 अब आज, हम अमेरिकी लोग, जब हम एक वाचा की पुष्टि करते हैं तो हम कैसे करते हैं? हम एक व्यापार का लेन–देन करने जा रहे हैं, पहली बात जो आप जानते हैं, मैं आगे बढ़ कर और सामने वाले व्यक्ति का हाथ पकड़ लूंगा, कहूंगा, "उस बात पर हाथ मिलाओ।" इस तरह हम एक वाचा को बांधते हैं: "मिलाये। हाथ को मिलाये। हमने इसकी पुष्टि की; यह सही है; हम उस पर सहमत होंगे।" यह एक वाचा है।

129 अब, जापान में, आप जानते हैं कि वे वहाँ कैसे एक वाचा को बांधते हैं? वे इस पर पूरी तरह बात करते हैं, और फिर नमक से भरा एक छोटा कटोरा लेते हैं, और एक दूसरे पर नमक छिड़कते है। यह जापान में एक वाचा होती है।

130 लेकिन पूर्व में अब्राहम के दिनों में, जिस रीति से उन्होंने वाचा बान्धी वो ऐसे थी एक पशु लेकर, जैसे एक भेड़ या किसी चीज़ को लेना, और उसे मार कर और उसे भाग में काटना; और हर एक उस पशु के इन दो टुकड़ों के बीच में चला जाता है। अब, देखा कि छोटा सा सफेद प्रकाश क्या कर रहा था? और उन्होंने इस वाचा को लिखा: "मैं *ऐसा–ऐसा*, और *ऐसा–ऐसा* करने के लिए सहमत हूं।"

131 अब, जब उन्होंने आपस में इस वाचा को बाँधा, उन्होंने कहा, "यदि हम इस वाचा को तोड़ते हैं—यदि हम इस वाचा को तोड़ते हैं, हमारे शरीर इस मरे हुए पशु के समान हों जाये जिसे हम हाथ में लेते है।" तब उन्होंने वाचा को लिया, और उसको *इस* तरह से टुकड़े करके दो भाग किया; एक, एक टुकड़ा लेता, और एक, दूसरा टुकड़ा लेता है। उनकी कभी नकल नहीं की जा सकती थी।

132 आप उस कागज़ के टुकड़े की नकल कभी नहीं कर सकते, चाहे आप कुछ भी कर लें। इसे ठीक वापस जुड़ना है और मेल खाना है, उस पत्र के टुकड़े जो बीच से फाड़े गये हैं। आप इसे कभी नहीं कर पाएंगे। एक, एक टुकड़े को लेकर जाता है, और एक, दूसरे टुकड़े को। और जब यह वाचा पक्की होकर और लाई जाती है, तब शपथ पक्की होती है, फिर वे इन दो टुकड़ों को वापस एक साथ लाते हैं, और वे टुकड़े को टुकड़े से मिलाते हैं।

133 अब, वह पूर्वी वाचा क्या थी जो परमेश्वर अब्राहम को दे रहा था? कि अब्राहम के बीज के द्वारा प्रभु यीशु आयेगा, जो धन्य है। परमेश्वर उसे कलवरी तक ले गया और उसने उसे फाड़ कर दो टुकड़े किया, उसने उसके प्राण को उसके शरीर से अलग कर दिया। और परमेश्वर ने उसकी देह को तीसरे दिन जिलाया, और उठाकर और अपने दहिनी ओर बैठा दिया। और पेंटीकोस्ट के दिन, उसने उस आत्मा को नीचे भेजा जो यीशु मसीह में था, जो कि कलीसिया के साथ वाचा थी।

134 और जब कलीसिया पुनरूत्थान में एक साथ आती है, वही आत्मा, जो यीशु मसीह में था, जो उसमें से फाड़ कर निकाल दी गई थी, उसे कलीसिया में होना होगा। आप इसकी तरह कुछ भी नकल नहीं कर सकते हैं; आप इससे अलग कुछ नहीं कर सकते है। यह वही पवित्र आत्मा होना चाहिए जो मसीह में वास करता था। और जब रेपचर आता है, जब वह देह आती है, उसकी दुल्हन जो उस से फाड़ कर अलग की गई थी, या, पवित्र आत्मा उस दुल्हन को लाकर बिलकुल ठीक यीशु मसीह की देह के अंदर जोड़ देगा।

135 और क्या आप देख सकते हैं लूथर के दिनों से, आगे वैस्ली तक, आगे पेंटीकोस्ट तक, और अब अंत के समय में, वह आत्मा कैसे आकार ले रहा है? वही चिह्न और अद्भुत काम जो उसने धरती पर किए थे आज कलीसिया में किए जा रहे हैं। यह वो वाचा है जो परमेश्वर ने अब्राहम के साथ बाँधी थी, और हम अब्राहम की सन्तान हैं। "मसीह में मर कर, हम अब्राहम के बीज को लेते हैं और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस होते हैं।" उस समय से, कलीसिया के पास एक वाचा थी। हाँ, यह भिन्न था।

136 अब, जब मूसा, एक भगोड़ा भविष्यव्यक्ता वहां पीछे रेगिस्थान के पीछे की ओर... वो मनुष्य भविष्यव्यक्ता बनने के लिए जन्मा था। और वह एक महान पुरुष था; उसने सैन्य उपलब्धि की शिक्षा को प्राप्त किया था। लेकिन उसने अपनी सारी बुद्धिमत्ता के साथ काम करने की कोशिश की। क्योंकि, वह बहुत चतुर था, वह मिस्र के उन शिक्षकों को पढ़ा सकता था। वह एक चतुर मनुष्य था। अब, वहां पीछे रेगिस्तान के पीछे की ओर था, क्या होता यदि उसने कहा, "मैं हार गया, इसलिए मेरे लोग अभी भी बंधन में हैं। शायद मेरे लिए अच्छा होगा मैं अपने गणित पर थोड़ा सा अध्ययन कर लूँ, या सेना की रणनीति की मेरी रणनीति पर, या ऐसा ही कुछ तो और। मैं वहां पर जाऊंगा, दो वर्ष और स्कूल लूंगा, और हो सकता है मैं अपने लोगों को छुड़ा सकूं।"

137 ऐसा करने में उसकी उतनी ही बुद्धि है जितना किसी व्यक्ति को प्रचारक बनने के शिक्षा को लेने के लिए दूर भेजना। परमेश्वर मनुष्य को बुलाता है यदि वह मनुष्य कॉफी से फुट कर निकले हुये बीज को नहीं जानता है। तो उससे क्या फर्क पड़ता है? जब तक वह मसीह को जानता है, यही तो मुख्य बात है, यदि उसने कभी उससे भेंट की है।

138 इसके बजाय मैं चाहूंगा कि कोई मेरे बच्चों में से एक के साथ बाहर एक—एक नागदौने की खेती में काम करें, कहीं तो वहां एक पुराना ठूंठ, जो उसका क ख ग भी नहीं जानता हो या नहीं जानता हो कौन सा दायां हाथ है या बायां हाथ है, यदि वह यीशु मसीह को जानता है, तो मैं उसे अपने बच्चे के पास रखना चाहूँगा, इससे पहले कि मैं किसी ऐसे प्राध्यापक से मिलूं जो धर्मज्ञान का बहुत कुछ जानता हो, और एक खरगोश बर्फ के जूतों के बारे में जितना जानता है, वो परमेश्वर के बारे में उतना भी नहीं जानता। मैं चाहता हूँ...

139 मैं आपको बताता हूं, भाई, आज हमें जिस चीज की जरूरत है वह है वापस बाईबल की ओर जाए और पुराने चलन का पवित्र आत्मा का बपतिस्मा वापस कलीसिया के अंदर हो, और इसी तरह की अन्य चीजों को काट दिया गया।

140 मैं अज्ञानता का समर्थन करने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मेरा मतलब है, क्या आपके पास शिक्षा के साथ और भी चीजें है, आमीन। लेकिन शिक्षा की वाचा इन दिनों में से एक दिन गिर जाएगी, लेकिन परमेश्वर के साथ की वाचा, युगानुयुग, और युगानुयुग, और युगानुयुग बनी रहेगी। यह समय के युगो और युगों से अनंतकाल तक चलता रहेगा।

141 अब, मूसा, उसे किसी चीज़ को चमकाने की ज़रूरत नहीं थी; केवल एक चीज जो उसे करना था उसे परमेश्वर से भेंट करना है। और एक दिन परमेश्वर नीचे उतर आया और वहां पर एक झाडी में था, और कहा, "यहाँ आओ, मूसा। मुझे तुमसे बात करनी है।" आप जानते है, यह लगभग कुछ अजीब सी बात है, मूसा कह सकता है, "उस समय से कुछ तो घटित हुआ।"

142 उसकी ओर देखो। वह पहाड़ के पीछे वहां बस गया था, वहां पहाड़ की तलहटी के नीचे। और जब वो बस गया, उसने एक खूबसूरत इथियोपियाई स्त्री से विवाह कर लिया, और वह सुंदर थी; और उसका गेर्शोम नाम एक छोटा पुत्र भी हुआ। और ओह, वह बिलकुल ठीक चल रहा था। उसने मिद्यान के एक याजक—एक याजक, यित्रो की बेटी, सिप्पोरा से विवाह कर लिया, और वे साथ–साथ सुखी रहते थे, एक प्यारा छोटा सा परिवार था, उनके पास ढेर सारी भेड़ें थीं। और उसका बस ठीक–ठीक चल रहा था, तो उसने लोगों को जाने दिया।

लेकिन जब परमेश्वर ने उससे भेंट की, तो उसने उसे बदल दिया। वहां उसकी ओर देखो, वहां पीछे उस महान चरवाहे को, लेकिन सुबह...

143 आप जानते है, कुछ बातें... इसके बारे में एक बात है, जब एक मनुष्य परमेश्वर से मिलता है, आप इसे हमेशा ही बता सकते हैं। वह वही मुर्खतापूर्व चीजो को करेगा जो वह पहले किया करता था। मूसा को देखो। अब, मूसा, अगली सुबह इस जलती हुई झाड़ी में परमेश्वर से भेंट करने के बाद और परमेश्वर ने उसे मिस्र जाने के लिए कहा...

उसने कहा, "पहले मुझे अपनी महिमा को दिखा।" और उसने उसे दिव्य चंगाई को दिखाया, कि कैसे वह कोढ़ से अपने हाथ को ठीक कर सकता है।

144 और वह वहां मिस्र को जा रहा था। अब देखो, अगली सुबह, यहाँ वह नीचे अपने मार्ग पर था। अब, वो अस्सी वर्ष का था। आप जानते है, उसकी स्कूली धर्मज्ञान को उसमें से निकालने में चालीस वर्ष लग गए; परमेश्वर को उसमें से इसे मार कर बाहर निकालने में चालीस वर्ष लगे। यह सही है, उसमें से बाहर निकालने के लिए जो संसार ने उसमें डाला था। लेकिन परमेश्वर चालीस सेकंड में आपके लिए इसे कर सकता है, यदि आप उसे ऐसा करने दें। लेकिन फिर...

145 अब, अगली सुबह को वो यहाँ था। एक दिन एक पॉलिश किया हुआ विद्वान, मिस्रियों के सारे ज्ञान के साथ, और अगली सुबह, इस विद्वान को देखें। उसने अपनी पत्नी को खच्चर के पीठ पर बैठाया है; उसने उसकी गोद पर उस छोटे बच्चे को बैठा दिया। और यहाँ उसकी एक बड़ी, लंबी, *इस* तरह की दाढ़ी है, उसका गंजा सिर चमक रहा था, उसके हाथ में एक छड़ी है, नीचे की ओर जा रहा है, साथ ही लंगड़ा कर चल रहा है, "महिमा, महिमा।"

"तुम कहाँ जा रहे हो, मूसा? "

"तुमने क्या कहा? हुह? "

"तुम कहां जा रहे हो? "

146 "मिस्र की ओर जा रहा हूं, उस पर कब्ज़ा करने": एक मनुष्य का आक्रमण। लेकिन उसने कर दिखाया। उसने ऐसा किया। क्यों? उसने परमेश्वर से भेंट की। और जब परेशानियाँ कठिन हो गईं, और—और

यह... हर एक चीज गलत हो रही थी, उसे याद आया कि वह उस जलती हुई झाड़ी में परमेश्वर से मिला था। यह उसके ह्रदय में जलने लगा, चाहे मिस्त्रियों को कितना भी बुरा क्यों न लगा हो, और वे बच्चों को कितना भी जाने न दें, कितनी बार वे रेगिस्तान में जोर से चिल्लाए हो, और कहा हो, “हम परमेश्वर के लिए होगा... ” और उसे पत्थर मारना चाहते थे, और, “हम मिस्र के मांस के बरतनो को चाहते हैं।” इससे वो जरा भी परेशान नहीं हुआ। वो प्रतिज्ञा किए हुए देश की ओर बढ़ता गया, क्योंकि वह जलती हुई झाड़ी में परमेश्वर से मिला था। जी हां, श्रीमान।

147 यह छोटी सी कुंवारी मरियम थी, एक साधारण छोटी सी लड़की, इस से भी एक सबसे गंदे शहर में। लेकिन वह फिर भी धूम्रपान या शराब नहीं पीती थी; वह एक कुंवारी थी। और वह, एक दिन, वह एक के साथ अपने रास्ते पर थी, शायद, उसके हाथ में एक छोटी सी बाल्टी थी, वो सार्वजनिक कुंवे से कुछ पानी लेने—लेने के लिए जा रही थी, पानी की दैनिक आपूर्ति के लिए।

148 आइए हम कल्पना करें कि वह रास्ते के किनारे–किनारे जा रही है, किसी के साथ चल रही है, बात कर रही है, या अपने आप में गा रही है, हो सकता है कुछ अच्छा स्तुती गान: “यहोवा मेरे चरवाहा है; मुझे कुछ घटी ना होगी। वह मुझे हरी–हरी चराइयों में बैठाता है; वह मेरे प्राण को ज्यों का त्यों करता है।”

149 [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... उन दिनों यह बाल्टी के स्थान पर घड़ा हुआ करता था। और अचानक से बड़ा अग्नि का एक खंभा उसके सामने आकर ठहर गया। उस अग्नि में से जिब्राएल, प्रधानदूत ने बाहर कदम रखा, कहा, “जय तेरी हो, मरियम।” (इसका मतलब, “रुको; एक मिनट ठहरो।”) “रुको, मरियम। तू स्त्रियों में धन्य है। तूने परमेश्वर से अनुग्रह को पाया है, और तू एक बालक को जन्म देने जा रही हैं, बिना किसी पुरुष को जाने।”

कहा, “यह भला कैसे होगा? ”

कहा, “पवित्र आत्मा तुम पर छाया करेगा। और वह पवित्र चीज जो तुम से उत्पन्न होगी, परमेश्वर का पुत्र कहलाएगी।” आमीन।

150 उस समय से, मरियम एक भिन्न महिला थी। वह छोटी सी संकोचशील कुंवारी गवाही देती हुई हर जगह घूम रही थी, "मुझे बालक होने वाला है, बिना किसी पुरुष को जाने।"

151 उसने सकारात्मक होने तक प्रतीक्षा नहीं की; उसने जीवन को महसूस होने तक प्रतीक्षा नहीं की; उसने सकारात्मक होने की प्रतीक्षा नहीं की। उसके लिए दूत का वचन ही काफी था। उसने परमेश्वर से भेंट की। अब, वह... यदि आप अभी ऐसा कर सकते हैं, यदि हमारे पास आज रात यहां और भी मरियम होती थी, यदि हमारे पास मरियम होती थी जिसने नहीं कहा, "रुकना जब तक मैं थोडा और अच्छी तरह देख ना लूं इससे पहले कि मैं कुछ तो कहूँ।" इससे पहले कि वह कुछ महसूस करें, या कुछ तो और, उसने बस परमेश्वर को उसके वचन पर लिया और उसके लिए उसकी स्तुति करने लगी। ओह, प्रभु। आइए कुछ मिनटों के लिए उसका अनुसरण करें। आइये उसे जल्दी से देखते हैं।

उसकी एक—एक इलीशिबा नाम की एक चचेरी बहन थी। और इलीशिबा... दूत ने उसे बताया, कहा, "आपकी चचेरी बहन, इलीशिबा की बूढ़ी... "

152 जकर्याह एक याजक था, और मन्दिर में वेदी की दाहिनी ओर खड़ा हुआ था, उस से भेंट की, और उसे बताया कि इलीशिबा से उसका एक पुत्र होने वाला है। और मंदिर में उसकी सेवा के दिनों के बाद वह गर्भवती होने वाली थी। और वह...

153 क्यों, उसने संदेह किया। वह... तब ज़रा सोचिए, उस बूढ़े याजक के पास बहुत सारे उदाहरण थे: जैसे मंदिर में हन्ना; और—और साराह, हमने जिसके बारे में अभी बात की; बूढे थे और बालक जन्मा। कहा, "ओह, यह नहीं हो सकता। मेरी पत्नी बहुत बूढ़ी है।"

उसने कहा, "मैं जिब्राईल हूं जो परमेश्वर की ओर से आया हूं। तू उस दिन तक गूंगी रहेंगी जब तक बालक जन्म नहीं हो जाता। तू उसका नाम पुकारेंगी 'यूहन्ना।'"

154 और वह गूंगा था। और वह वहाँ अपनी पत्नी के पास गया। उसने गर्भ धारण किया, और उसने... वो छह महीने गर्भ से थी बालक में कोई जान नहीं थी, और वह बहुत चिंतित थी।

तो मरियम ने इस बारे में सुना था। सो मैं उसके छोटे–छोटे गाल देखता हूँ जो बिल्कुल लाल जैसे दिख रहे थे; वह साथ ही वहां जा रही थी, जितनी वो खुश हो सकती थी उतनी खुश थी; अभी तक कोई अनुभूति नहीं है।

यीशु ने कभी नहीं कहा, "क्या तुमने इसकी अनुभूति की?" उसने कहा, "क्या तुमने इसे विश्वास किया?" आप उस पर विश्वास करना चाहते हैं, उस समय आप विश्वास करे।

155 "वह अनुग्रह कितना बहुमूल्य प्रतीत हुआ, उस घड़ी जो मैंने पहली बार महसूस किया": यह सही नहीं दिखाई पड़ता, क्या दिखाई पड़ता है? "जिस घडी मैंने पहली बार विश्वास किया; जब मैंने परमेश्वर पर विश्वास किया।" इसी तरह से यह बहुमूल्य है, यह प्रतीत हुआ। ओह, परमेश्वर रात के दूसरी रात सभाओं में प्रकट हो रहा है और बड़े–बड़े चिह्न और अद्भुत काम दिखाता है; ओह, ये बस हमारे हृदयों को झंझोर देना चाहिए। निश्चित रूप से। "वह विश्वास कितना बहुमूल्य दिखाई दिया, अनुग्रह, जिस घडी में मैंने विश्वास किया।"

156 यहाँ मरियम चली गई, उसके छोटे–छोटे गाल जैसे गुलाब की तरह, उसकी छोटी–छोटी आँखें बस चमक रही थी, चमकदार, उसने अपनी कमर कस ली, और यहूदिया के पहाड़ों पर चढ़कर जाने लगी, वहां ऊपर जहाँ उसकी—उसकी चचेरी बहन रहती थी। और मैं साराह को देख सकता हूं...

157 मैं स्त्रियों को रास्ते पर देखता हूं... आज रात का खाना खा रहा था, मैं—मैं... यदि मैंने अपना मुंह नहीं मोड़ा होता तो वे मुझे भोजनालय से बाहर निकाल देते। एक स्त्री वहाँ आती है (जो किसी भी समय माँ बनने वाली है) इन छोटे–छोटे कपड़ो के साथ, एक बड़ी पुरानी चीज़, ओह, और सिगरेट पीते हुए; और डॉक्टर कहते हैं कि सिगरेट सबसे घातक चीजों में से एक है। सुनो, भाई, यह एक नुक़सान पहुंचाने वाली है। निश्चित रूप से यह है। और डॉक्टरों की चेतावनी है कि गले और फेफड़ों का कैंसर होता है; और गर्भ में उस बालक के लिए धूम्रपान करना। लेकिन वहाँ...

158 लेकिन उन दिनों स्त्रियाँ भिन्न हुआ करती थीं। उसने भीतर जाकर और अपने आप को छिपा लिया, और मनुष्यों की दृष्टि से दूर हो गई, और भीतर जाकर और छिप गई। और वह छह महीनों के लिए—के लिए वहां पर थी;

छोटा यूहन्ना कभी भी नहीं हिला था; वह अपनी माता के गर्भ में रचा गया था; हम जानते हैं कि यह पूरी तरह से असामान्य बात है।

159 तो हो सकता है कि उसने खिड़की को ऊपर उठाया हो और *इस* तरह बाहर देखा हो, उस परदे से, और उसने एक सुन्दर स्त्री को आते देखा, जो लगभग अठारह वर्ष की थी। उसने फिर से देखा।

"ओह," उसने कहा, "यह तो मरियम है; ओह, प्रभु।" और उसने अपनी छोटी सी शॉल को लिया और अपने चारों ओर लपेटा, वहाँ जल्दी से भागी।

160 और उसका पति उस समय पर गूंगा था; वह बोल नहीं सकता था। बाहर भाग कर गयी और इसे लिया... छोटी शाल ली और उसके चारों ओर लपेटा, और बाहर भागी। वह वहाँ पीछे बैठी हुई थी, छोटी–छोटी बूटियों और चीजों को बुन रही थी, तैयार हो रही थी, आप जानते है, छोटा सा कम्बल, छोटी सी सुई का काम। और सो वह बाहर भागी, और उसने कहा, "ओह, मरियम।"

आप जानते हैं, उन दिनों वे एक दूसरे को गले लगाते थे; उनमें एक दूसरे के प्रति प्रेम था। इन दिनों में, आपको यह अब और नहीं मिलता है। देखा?

161 मैं वहां शहर में था। (मेरी पत्नी आज रात यहाँ नहीं है। मैंने इसे बताया है और उसके यहाँ होने के बारे में।) तो, यहाँ ज्यादा समय नहीं हुआ मैं वहां शहर में गया, और किसी बहन ने कहा, "हेलो, बहन ब्रंहम।"

मैंने कहा, "तुमने उससे बात नहीं की।"

उसने कहा, "हाँ, मैंने बात की।"

"खैर," मैंने कहा, "उसने तुम्हे वहाँ सड़क पर कैसे सुना होगा, और मैं ठीक तुम्हारे पास ही बैठा हुआ हूं और मैंने नहीं सुना?"

"ओह," उसने कहा, "मैं मुस्करायी थी।"

मैंने कहा, "एक छोटी सी मूर्खतापूर्ण मुस्कराहट, यह कुछ भी नहीं है। हे परमेश्वर, तुमने बहन से बात क्यों नहीं की?"

162 मैं ऐसी बातों को देखने से घृणा करता हूं। कुछ समय पहले, मैं वहां फ़्लोरिडा में था, और वहाँ एक—एक... हम वहां किसी तरह की जमीन के विषय एक सभा को कर रहे थे जो कि एक रानी के अधिकार में है। और

उन्होंने कहा... प्रबंधकों में से एक ने आकर कहा, “रानी आपसे मिलना चाहती है।”

“ठीक है,” मैंने कहा, “वह कौन है?”

और कहा, “क्यों, वह—वह यहाँ एक महान महिला हैं। वह एक रानी है।”

मैंने कहा, “ठीक है, वह सिर्फ एक महिला ही है, क्या नहीं है?”

कहा, “हाँ।”

163 अच्छा, मैंने कहा, “तो ठीक है अब, क्या आप मुझे उससे बात करने का समय देंगे, यहाँ के इन कुछ बेचारे बीमार लोगों के बारे में क्या है जिन्हें इसकी और अधिक आवश्यकता है?” देखा? और मैंने कहा, “उनके कुछ समय के बारे में क्या?” देखा?

“ओह,” कहा, “वह लेकिन वो—वो... मैं उससे मंच के पीछे मिलूंगा।”

164 और मैं नीचे चला गया। वह हाथ में एक छड़ी पर *इस* तरह से लगे हुए चश्मे को लिए हुए वहाँ खड़ी थी। अब, जिसको भी समझ है वो जानता है कि आप *इस* तरह से लगे हुए चश्मे पर—पर से देख नहीं सकते, देखो। बहुत बड़ी महिला जिसकी कलाई पर इतने गहने थे कि वह एक मिशनरी को पांच बार दुनिया भर में भेज सकती है। जी हां, श्रीमान। बने रहो...

और उसने कहा, “क्या आप डॉक्टर ब्रंहम है?”

मैंने कहा, “नहीं, महोदया; नहीं।” मैंने कहा, “मैं भाई ब्रंहम हूं।”

“ओह,” उसने कहा, “मैं प्रसन्न हुई हूं।” और उसने उस बड़े हाथ को *इस* तरह पकड़ रखा था।

165 अब, मैं यह पसंद करता हूं, मैं ऊपर पहुंचा और उसके बड़े मोटे हाथ को पकड़ कर उसे नीचे की ओर खींचा। मैंने कहा, “मुझे आपसे मिलकर बहुत ख़ुशी हुई।” मैंने कहा, “इस पर ही बने रहिये जिससे कि अगली बार जब मैं आपसे मिलूँ तो मैं आपको जान जाऊंगा।” देखा?

166 यह सही है। मुझे एक अच्छा, पुराने समय का, जोर से हाथ पकडकर ऊपर नीचे करके मिलाना पसंद है। मैं—मैं—मैं पसंद करता हूं जो लोग केवल वही बने रहते है जो वे हैं। इस दिखावे को करना छोड़ दे “अमेरिकी कुत्ते” का सा, जैसा कि हम इसे कहते हैं। हम मसीही लोग हैं। आइए हम

मसीही लोगो की तरह जिएं और पुरुष और महिलाएं, क्रूस के योद्धा बनें। यह सब यहाँ बकवास बात है; छोटी सी मुस्कराहट। हुह, मुझे वह अच्छा पुराने समय का हाथ मिलाना पसंद है, जहाँ आप इसे महसूस करते हैं।

167 पॉल रेडर ने एक बार कहा, उसने अपनी पत्नी को टेबल पर बैठे–बैठे ही छोड़ दिया, और उनके बीच इस बात को लेकर थोड़ा विवाद हो गया कि वह उसे कहीं ले जाना चाहता है। महान पॉल रेडर, आप जानते हैं, और वह मेरा एक अच्छा मित्र है, और उसने कहा था कि उसे——उसे एक प्रकार से गुस्सा आया, सो वह——वह दरवाजे पर गया, और उसकी पत्नी हमेशा वहाँ खड़ी रहती और उसे चुंबन से अलविदा कहती। और वह सीढ़ियों से बाहर चला जाता, और आगे रास्ते के अंत तक जाता था... और इस तरह से उसकी ओर हाथ हिलाता, और काम पर चला जाता।

168 कहा कि उनकी टेबल पर किसी बात को लेकर थोड़ी कहासुनी हो गई थी। और वह दरवाजे पर खड़ी रही, उसने कहा, "अलविदा का *चुंबन*।"

उसने कहा, "अलविदा।"

वो चला गया और वहां से निकलकर फाटक पर पीछे घूमा, हाथ हिलाया, और कहा कि वह दरवाजे पर खड़ी रो रही थी। उसने कहा, "अलविदा।"

और उसने कहा, "अलविदा।"

169 रास्ते पर चला गया और कहा कि यह उसके हृदय पर काम करना आरंभ कर दिया, पवित्र आत्मा ने उसे पकड़ लिया, आप जानते हैं, उसके हृदय पर कार्य करने लगा। और उसनें कहा, "ओह, क्या होगा यदि वह मेरे जाने के दौरान मर जाये? क्या होगा यदि वह मर जाएगी? क्या होगा यदि मैं मर जाऊं? क्या होगा यदि मैं यहां फोर्ट वेयन में सड़क पर मारा जाऊं, इससे पहले कि मैं कभी वापस आऊं? मैं क्या कर सकता हूं?" इस तरह, इसके विषय में बात करते हुए। ओह, प्रभु। कहा, उसने कहा, "ओह, मैं इतना दोषी हो गया हूं; मुझे नहीं पता कि क्या करूं।" उसने कहा, "मैं तेजी से वापस भागा, झटके से फाटक को खोला, और दौड़कर अंदर आया, और धक्का देकर दरवाजा खोला, और कहा... चारों ओर देखा और मैंने कहा, 'हेलेन, तुम कहाँ हो? तुम कहां हो?'"

170 कहा, "मैंने एक '*सुबक, सुबक,*' कर रोने को सुना,"' कहा, "वह दरवाजे के पीछे खड़ी हुई थी।" कहा, "मैंने उसे इस तरह से देखा।"

कहा, "मैंने कोई एक शब्द भी नहीं कहा।" कहा, "मैं बस पहुंचा और अपने बाहों को पकडा, और उसे चूमा। और मैंने कहा, '*चुंबन* अलविदा।' उसने कहा, 'अलविदा।'"

171 तो वह फाटक के बाहर दौड़कर गया और मुड़कर, पीछे देखा। और कहा, "वह दरवाज़े पर खड़ी थी, और मैंने कहा, 'अलविदा,' और उसने कहा, 'अलविदा।'" कहा, "उसने पहली बार की तरह हाथ को हिलाया, लेकिन दूसरी बार उसकी इसमें एक भावना थी।" तो बस ऐसे ही...

172 यही प्रभु की सेवा करने के तरीके के विषय में है, आप जानते हैं। आपको इसमें अपना ह्रदय डालना है; आपको ईमानदार बने रहना होगा। आपको परमेश्वर से भेंट करना है, ना ही कलीसिया जाकर और कुछ ठंडी, सूखी आंखों से अंगीकार को करना है; वहाँ पर जाकर और वहाँ बने रहना है।

173 मेरा एक बैपटिस्ट कलीसिया में बड़ा हुआ था; आप यह जानते हैं। और हम यहाँ आप सभी बैपटिस्ट लोगो की तरह बैपटिस्ट नहीं थे: चलकर जाए और हाथ मिलाये, और संगति का दाहिना हाथ को पकडे, और अपना नाम एक किताब पर लिखे, और बपतिस्मा ले। हम वहां वेदी के पास जाते और एक दूसरे की पीठ पर तब तक मारते रहते जब तक हम उस बात पर न आ जाए; हमें कुछ मिल ना जाये, भाई। मेरा मतलब है, आपको और की आवश्यकता है... आपको यहाँ कुछ केंटकी बैपटिस्ट, पुराने मिशनरी बैपटिस्ट की आवश्यकता है। मैं आपको बताता हूं वे... मैंने उनमें और पेंटीकोस्टल लोगों के बीच केवल जो अंतर देखा, वे अन्य भाषा में बोलना स्वीकार नहीं करते; मैं बस इतना ही जानता हूं। वे...

174 हम इसमें से होकर आये हैं; हम वहाँ वेदी पर बने रहे, और हमारे आस पास बूढ़ी माताए रोती थी और प्रार्थना करती थीं, हमें पीठ पर तब तक मारते रहते जब तक कि कुछ तो नहीं हो जाता। हम वहीं पर बने रहते जब तक हम मर नहीं गए, और फिर से जन्म नहीं लिया, और मसीह यीशु में एक नई सृष्टि नहीं बन गए। जी हां, श्रीमान। बहुत बुरा हुआ हम दूर आ गये है। हमें परमेश्वर से भेंट करना है। जब मनुष्य परमेश्वर से भेंट करता है, तो बात भिन्न होती है। उस समय से लकर वह एक—वह एक भिन्न व्यक्ति होता है।

175 एक बार एक कोढ़ी व्यक्ति था, कोढ़ से पूरा भरा हुआ। और जब वह परमेश्वर से मिला, उस समय से लेकर उसे कोढ़ नहीं हुआ। एक बार एक अनैतिक स्त्री कुएँ पर पानी लेने को आई थी, और उसने देखा एक—एक यहूदी दूसरी तरफ उस पर बैठा हुआ है। और उसने घड़े को कुंवे के नीचे उतारा; वह बहुत ही अनैतिक थी, वह सभ्य महिलाओं के साथ बाहर नहीं आ सकती थी। उन्होंने उन्हें तब अलग कर दिया; वे अब नहीं करते। तो वे बस... यही समाज है। इसलिए उन्होंने बस कुंवे में... बाल्टी को नीचे डाला और उसे *इस* तरह से ऊपर लाना शुरू किया।

176 और जब उसने ऐसा किया, उसने किसी को कहते सुना, "पानी को मेरे लिए देना, स्त्री।" या, "स्त्री, पानी को मुझे पिलाना।" इसी तरह से उसने कहा, क्योंकि उस देश में शब्दों में क्रिया हमेशा क्रिया विशेषण से पहले होती है। लेकिन उसने कहा, "मेरे लिए पानी लाना।"

और सो, उसने कहा, "तुम यहूदियों में सामरी लोगों से इस तरह से मांगने की रीति के अनूकुल नहीं है। हमारे बीच एक–दूसरे के प्रति कोई रीति के अनुकूल नहीं है।"

उसने कहा, "लेकिन यदि तुम्हे मालुम होता कि तुम किससे बातें कर रही हो, तुम मुझसे जल मांग रही होती थी। मैं तुम्हें पानी देता तुम यहाँ पानी भरने नहीं आती।"

"क्यों," उसने कहा, "कुआं तो गहरा है और आप कैसे... जो कुछ भी हो आप इसमें से कैसे खींचोगे?"

उसने कहा, "मैं जो पानी देता हूं, ये जीवन है, अनंत जीवन प्राण में उमड़ रहा है।"

"क्यों," उसने कहा, "हमारा—हमारा पिताओं ने यहाँ पहाड़ पर आराधना की, आप कहते है यरूशलेम में..."

177 और वह उसके साथ—साथ बातचीत करने लगा, जब तक उसने उसकी आत्मा को पकड़ नहीं लिया। जब उसने उसकी आत्मा को पकड़ा, उसने कहा, "अच्छा, तुम जाकर अपने पति को लेकर और यहाँ आओ।"

उसने, याद रखना, वह एक अनैतिक स्त्री थी। जैसा कहा गया, "जाकर अपने पति को लेकर और यहाँ आओ।"

"क्यों," उसने कहा, "मेरा कोई पति नहीं है।"

उसने कहा, “तूने सच कहा है। क्योंकि तेरे पाँच पति हैं, और जिसके साथ तुम अभी रह रही हो वो तुम्हारा पति नहीं है। उसमें तूने ठीक कहा।”

178 उस स्त्री को देखें। जल्दी से, उसने किसी बात से भेंट की थी, यह वही है जिससे आप रात आप मिलते हैं। क्या यह आपको बदल देगा जैसे उसने उसे बदल दिया? उसने कहा, “महोदय, मैं समझती हूं कि तू एक भविष्यव्यक्ता हैं।” ये इससे कितना फर्क था, उस याजक के लिए जिसने कहा कि वो बालजबूब है। वो उन आधे प्रचारकों से बेहतर प्रशिक्षित थी; फिर भी एक वैश्या थी।

179 कहा, “महोदय, मैं समझती हूं कि तू एक भविष्यव्यक्ता हैं। अब, हम जानते हैं, हम सामरी लोग एक आने वाले मसीहा की बाट जोह रहे हैं; वह एक परमेश्वर–भविष्यव्यक्ता होगा। वह मसीहा होगा, लेकिन वह हमें इन बातों को बताएगा। वह इसी प्रकार के कामों को करेगा जब वह आएगा।”

क्या यह मसीहा का चिन्ह है? यह उस वक्त था। देखा?

कहा, “हम जानते हैं... मैं जानती हूँ कि तू एक भविष्यव्यक्ता हैं; मुझे समझती हूं कि तुम हो। हम जानते हैं कि जब मसीह आएगा, तो वह हमें इन बातों को बताएगा। लेकिन तू कौन है? ”

यीशु ने कहा, “मैं वही हूं जो तुम से बात कर रहा है।”

180 अब, मैं चाहता हूं कि अविश्वासी मुझे एक बार बताएं कि यीशु ने कहा... बहुत से अविश्वासी आपसे कहते हैं, “यीशु ने कभी भी परमेश्वर का पुत्र होने का दावा नहीं किया।” उसने वहाँ किया; हाँ। उसने कहा, “मैं वही हूं जो तुम से बातें करता है।”

181 और जल्दी से उसने उस बाल्टी को छोड़ दिया, और उस समय से, उस समय से, वह जानती थी कि मसीहा धरती पर था। ओह, परमेश्वर, यदि हम आज रात उसी बात को कर सकते। यदि हम समझ सकते कि वह मरा नहीं है। वह हमेशा के लिए जीवित है; वह जीवित है ताकि बिचवाई के काम को करें। “क्योंकि मैं जीवित हूं, तुम भी जीवित रहोगे।” उसकी आत्मा हम में है; उसकी आत्मा हमारे बीच में है।

182 उस समय से, नगर के लोगों ने परमेश्वर पर विश्वास किया, स्त्री की गवाही की वजह से। यीशु ने इसे वहाँ पर फिर कभी नहीं किया; उसने बस वहां पर जाकर, इसे एक बार किया, और सारी सामरिया ने उस पर

विश्वास किया। उसके पास कभी भी एक चंगाई की सभा नहीं थी; वह उसे फिलिपुस के लिए बचा रहा था। लेकिन उस समय से वह स्त्री बदल गई; वह नगर बदल गया था।

183 एक बार एक बूढ़ा मछुआरा, उसके चारों ओर एक पुराना चिकना ऊपर का वस्त्र था, उसके भाई, अन्द्रियास ने उसे यीशु के सामने लाया। और जैसे ही वह यीशु के सामने आया, यीशु ने कहा, "तुम्हारा नाम शमौन है; तुम जोना के पुत्र हो।" और उस समय से, उस समय से, वह एक भिन्न मनुष्य था।

184 फिलिप्पुस ने जाकर और नतनएल को ढूंढा और उसे उसके पास लाया, और उसनें कहा, "एक इस्राएली को देखो, जिसमें कोई कपट नहीं है।"

उसने कहा, "रब्बी, तुम मुझे कब से जानते हो? "

185 उसने कहा, "इससे पहले कि फिलिपुस तुझे बुलाता, तू पेड़ के नीचे था, मैंने तुझे देखा।" और उस समय से, उस समय से, वह एक बदला हुआ मनुष्य था। हर एक जन बदल जाता है जो कभी भी परमेश्वर के संपर्क में आता है।

186 एक छोटा सा गोलाकार नाक वाला यहूदी था। कलीसिया जिसके पास चाबियां थी उसने बहुत बड़ी भूल की थी। उन्होंने यहाँ वहां जाकर और कहा, "अब, आओ हम सब एक साथ आये।" (हम देखेंगे कि चाबियों ने क्या भला किया है।) वहां जाकर और कहा, "आओ हम सब एक साथ आएं और एक मनुष्य को चुनें जो हमारे बीच में आता–जाता रहा हो आरंभ से ही ताकि यहूदा के स्थान को ले, क्योंकि ऐसा वचन में लिखा है, 'उसका स्थान उजाड़ हो जाए और कोई दूसरा उसके धर्माध्यक्ष के पद को ले ले।'"

187 और कहा, कि उन्होंने चिट्ठी डाली, और वह मत्तिय्याह के नाम पर निकली; उसने कभी एक काम भी नहीं किया। यह मनुष्य का चुनाव था। और परमेश्वर वहां नीचे गया और उसकी जगह लेने के लिए शहर में सबसे छोटे से व्यक्ति को लिया, एक छोटा सा यहूदी।

उसने कहा, "मैं अब उसे दिखाऊंगा कि मैं उससे मेरे लिए क्या करवाऊंगा।"

188 और उसने स्तिफनुस को देखा जब वह मरा, उस तरह से उसने इसे उसके ऊपर लिया। उसके बाद अगली चीज जो आप जानते हैं, वह अपने

रास्ते पर था। उसकी जेब में एक चिट्ठी थी, जिसमें लिखा था, "मैं उन सभी को पवित्र शोर शराबा करने वालो को पकडूँगा। मेरे पास महायाजक का ठीक यहाँ आदेश पत्र है। मैं दमिश्क को जाऊँगा, और उन्हें बन्दीगृह में डाल दूंगा; मैं वो सब कुछ करूँगा जो मैं कर सकता हूँ। मैं उस चीखने, और चिल्लाने, और वह सब करते जा रहे है, अन्य जुबान में बोलना, और अन्य चीजें करना बंद करवा दूंगा। मुझे आदेश मिलेंगे; मैं इसे करूँगा।" वह छोटी सी नाक *इस* तरह से नीचे लटक रही हो।

परमेश्वर ने कहा, "मैं बस उससे रास्ते में मिलूंगा और उसे बदल दूंगा।"

189 लगभग दोपहर के समय, वह सड़क के बीच में से आ रहा था, और पहली चीज जो आप जानते हो, वो आग का वह खम्भा उसके सामने प्रकट हुआ, और कहा, "शाऊल, शाऊल, तू मुझे क्यों सताता है? "

वह जमीन पर गिर पड़ा। उसने कहा, "प्रभु, ये कौन है जिसे मैं सताता हूं? आपका क्या नाम है? "

उसने कहा, "मैं यीशु हूं, और अधिकार पाए हुए लोगों के विरुद्ध लड़ना तेरे लिये कठिन है।"

और उस समय से, वह अपने पत्र से छूट गया और उनमें से एक बन गया; उस समय से। हाँ, इसने उसे बदल दिया।

190 हनन्याह ने उस दर्शन के द्वारा उस पर हाथ रखे जो उस ने देखा था, और उसने दृष्टि को पाया, और उसे दमिश्क नदी के पास ले जाकर और उसे बपतिस्मा दिया। वह... अन्यजातियों की कलीसिया के लिए एक संत बन गया। परमेश्वर...

191 अब, यहाँ देखें। कैसे... क्या हो यदि उन्होंने कहा, जब पौलुस परिवर्तित हो गया, शायद कलीसिया ने कहा होगा, "ओह, देखो अब हमारे पास कौन है। हमारे पास यह बड़ा महान पौलुस है। हम जानते हैं कि यह मनुष्य गमलीएल के नीचे रहा था; वो देश के महानतम शिक्षकों में से एक हैं। और वह एक फरीसी है; वो... ओह, वह एक महान व्यक्ति है। हम उसे यरूशलेम में खड़ा करेंगे, और हम उसे वहाँ पर की कलीसिया का प्रधान बना देंगे। और हम पतरस को लेंगे, निश्चित रूप से वो एक जिसके पास चाबियां हैं; वह अनपढ़ है, वो नहीं कर सकता... " बाईबल ने कहा कि वह अज्ञानी और अनपढ़ था। "और उसके पास चाबियां हैं, इसलिए हम उसे बेचारे,

भोले भाले अन्यजातियों के पास भेज देंगे। यही—यही है वो जिसे हम भी भेजेंगे। क्योंकि वह बहुत अद्भुत कार्य को करता है, लेकिन यह महान बुद्धिमान मनुष्य; हम यहां बौद्धिक भीड़ के साथ लाएंगे।"

192 हूह, पवित्र आत्मा ने पौलुस को भोले भले लोगों के पास भेजा, और उसे वह सब भुला दिया जो वह अब तक जानता था, और पतरस, वो भोला भला, और उसे शिक्षित लोगो के पास भेज दिया। मामला क्या था? वे परमेश्वर से मिले, और उस समय से बुद्धिमान लोगों की गिनती नहीं हुई, ठीक है। उस समय से लेकर आगे, रिकॉर्ड बदल दिया गया था। कैसे परमेश्वर मनुष्य की सोच के बिल्कुल विपरीत काम को करता है। ओह, प्रभु। यह... वह बहुत ही... वह चीजो को बहुत ही आसान करता है। हां, पौलुस एक बदला हुआ मनुष्य था।

193 एक अंधा व्यक्ति था, उस रात को हमने प्रचार किया, फाटक पर बैठा हुआ, भिख माँग रहा था। और वह परमेश्वर से मिला, और उस समय से वह देख सकता था। गदरा में एक पागल था, जो अपने कपड़ो को फाड़ देता था, कब्रिस्तान में रहना चाहता था। वह दुष्टआत्माओ के लिए एक अच्छा स्थान है। सो वह वहीं पड़ा रहता, और उन्होंने उसे जंजीरों से जकड़ कर रखा था। वह बहुत ही शक्तिशाली था। एक मनुष्य को देखो...

194 क्या आपने कभी किसी पागल व्यक्ति को देखा है? क्यों, वह–... उसकी शक्ति में तीन गुना, या चार गुना था। और यदि वह, जो शैतान के सामने इस प्रकार समर्पित होता है वो आपको आपकी शक्ति से चार गुना शक्ति देगा, आप अपने आप को पवित्र आत्मा के लिए समर्पित होने पर क्या होंगे? यह आपकी शक्ति को कितने हजार गुना करेगा। भयभीत मत होना। क्यों? आप प्रभु यीशु के नाम में चलते है; यही अभिषेक है। परमेश्वर से भेंट करो और देखो कि क्या बात जगह लेती है।

195 यह पागल वहां पर भाग कर गया। शैतान ने कहा, "जाकर उस छोटे से दुबले–पतले व्यक्ति के पास जाओ जो वहां आ रहा है, उसके कंधे झुके हुए हैं।" कहा, "जाकर उस छोटे से व्यक्ति को वहाँ ले आओ। उन सभी लोगों को देखो जो उसके आसपास है जो उसकी ओर देख रहे हैं।" कहा, "नीचे जाओ और उसे ले आओ।"

196 यहाँ वह भाग कर गया, और जब वो पहुंचा, वह परमेश्वर से मिला। और उस समय से, वो अपने कपडो को पहनने लगा, और अपने सही दिमाग में

आ गया। क्या? जब वह परमेश्वर से मिला! मित्रों, वहां समय होता है जब आप परमेश्वर से मिलते हैं, तो वह हर एक व्यक्ति को बदल देता है।

197 बस कुछ समय के लिए, मैं अब एक अंगीकार को करने जा रहा हूँ। मैं चाहता हूं कि आप इसे सुनें। मैं इकतीस वर्षो से सेवक रहा हूं। मैं इस गवाही के बाद बंद कर रहा हूं। मैं मसीही होने के बाद से कभी भी मृत्यु से नहीं डरा हूं। लेकिन जिस बात से मैं डरा हूं, या, मैं चिंतित हुआ हूं, वह था समय, यदि मैं यीशु के आने से पहले मर गया, तो मैं एक—एक आत्मा नहीं बनना चाहता था। मैं—मैं हमेशा ही छाया जैसी दिखने वाली किसी भी चीज़ से डर लगता है; मुझे—मुझे—मुझे इससे डर लगता है। इसलिए मैंने—मैंने—मैंने सोचा जब मैं—मैं—मैं इस शरीर को जानता हूं... मैंने सोचा कि मैं प्रभु के पास जाऊंगा, लेकिन हो सकता है मैं अपने किसी एक भाई से मिलूंगा। और वहां वे एक छोटे सफेद बादल की तरह जायेंगे, एक आत्मा, उस व्यक्ति का प्राण।

198 मैं कहूंगा, "ओह वहां—वहां मेरा भाई है। ओह, यदि मैं बस उसका हाथ मिला सकता। उसके पास कोई हाथ नहीं है; यह वहां कब्र में सड़ गया है। यदि मैं कह सकता, 'हैलो,' लेकिन उसके पास नहीं... मैं नहीं कर सकता... मेरे पास जीभ नहीं है; मेरी जीभ वहां कब्र में सड़ गई है। यदि मैं उसे गले लगा सकता, लेकिन मेरे पास नहीं... मैं—मैं एक आत्मा हूँ।"

199 ओह, इसने मुझे मृत्यु से डरा दिया। मुझे—मुझे यह पसंद नहीं आया। और मैं—मैं—मैं एक अनपढ़ व्यक्ति हूँ, और मैं—मैं मुश्किल से ही पढ़ सकता हूँ, सातवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की है। और सो तब मैंने सोचा, "ठीक है, ओह, यदि मैं बस कर सकता... मैं आशा करता हूँ कि मैं प्रभु के आगमन तक जीवित रहूँगा।"

200 अब, मैं जानता हूं कि जब वह वापस आएंगा, तो मेरा शरीर फिर से पुनरुत्थित हो जाएगा। मैं जानता हूं कि मेरे पास एक शरीर होगा; सारा बुढ़ापा चला जाएगा। आप वहां कभी भी बूढ़े नहीं होंगे। नहीं, श्रीमान। पाप का हर एक प्रतीक ले लिया जाएगा, और बुढ़ापा पाप का प्रतीक है। इसलिए, वो हे एक चीज जो पाप का प्रतिनिधित्व करता है, उसे ले लिया जाएगा, जो श्राप की वजह से है। वो नहीं जो पाप आपने किया, लेकिन आप आदम की जाति के हो, और आप—आप वापस मिट्टी में बदल रहे हैं।

और मैंने सोचा, “यदि मैं केवल यीशु को आते हुए देखने के लिए जी पाता।”

201 मैंने यहाँ भाई जीन से, भाई लियो और उनसे, बहुत बार कहा, और भाई फ्रेड, मेरे कई मित्रों से, मैं कहा, “ओह, मैं आशा करता हूं कि मैं यीशु को आते हुए देखने के लिए जीवित रहूंगा, क्योंकि जब वह आता है, तो मैं बदल जाऊँगा, और मुझे वो छाया नहीं बनना पड़ेगा। मैं वो नहीं बनना चाहता। नहीं श्रीमान।” मैंने—मैंने कहा, “मैं रहूंगा, मैं समझता हूं ठीक है, लेकिन मैं—मैं हाथ मिलाना चाहता हूं। मुझे मनुष्य जाति से प्रेम करता हूं। मैं मनुष्य जाति के अलावा कुछ नहीं जानता, इसलिए मैं—मैं वही बनना चाहता हूं।”

202 और एक सुबह, अब से लगभग पांच हफ्ते पहले, मैं एक सभा के लिए बाहर गया था, वहां आया। मैं थका हुआ था, और मैं लगभग सात बजे कमरे में उठा। और मैंने कहा, “हम आज सुबह या सवेरे टेबरनेकल में जायेंगे,” मेरी पत्नी से कहा। और वह अभी भी सो रही थी, और मैं जैसे–तैसे उठ गया था, बिस्तर पर सिर रखकर, और अपने हाथों को *इस* तरह पीछे कर लिया। और मैं वहीं लेटा हुआ सोच रहा था। मैंने कहा, “अरे, मैं पचास वर्ष का हूँ। मैंने अभी तक प्रभु के लिए कुछ भी नहीं किया है। मुझे जल्दी करना होगा और कुछ तो करना है।” और मैंने कहा, “मैंने... मैं—मैं थोडे समय के बाद बूढ़ा हो जाऊंगा।” और मैंने कहा, “मैं—मुझे जल्दी करना होगा और कुछ तो करना है; मैंने प्रभु के लिए कुछ भी नहीं किया है।”

203 मैंने कहा, “लेकिन आप जानते हैं, मुझे निश्चित रूप से पसंद नहीं... मैं उसके आने से पहले मरने के विचार से घृणा करता हूँ।” मैंने कहा, “यदि वह अभी आ जाता... ” मैंने कहा, “मुझे—मुझे उस विचार से डर लगता है, यदि मुझे जाना है यदि वह अभी भी कुछ वर्षों तक वो रुका रहता हैं, और हो सकता है कि मैं इसे देखने के लिए जीवित न रहूँ, और मुझे मरकर आत्मा बनना पड़े।” मम्म, मैं यह बिल्कुल भी पसंद नहीं करता।

204 और जब मैं यह सोचते हुए वहाँ लेटा था, मैंने कुछ ऐसा सुना जो बिल्कुल साफ़–साफ था जैसा कि आप मेरी आवाज़ को सुन रहे हैं, जैसा कि मैं कल रात आपको बता रहा था, कहा, “आगे बढ़ते रहो।”

205 अच्छा, मैं—मैं... पहले मैं... यह इस तरह से आता है, ठीक यहाँ के इन दर्शनों की तरह: आप इसे कहते हैं, और आप नहीं जानते कि आपने इसे कहा है। आप बोल रहे हो, बात कर रहे हो; आप नहीं जानते कि आप बात कर रहे हो। जब मैं किसी के सामने दर्शन को देखता हूं, तो मैं नहीं जानता कि मैंने क्या कहा। केवल एक ही तरीके से मैं जानता हूं कि इसे यहां वापस टेप पर जाकर और इसे ढूंढता है। देखा? मैं नहीं जानता कि मैंने क्या कहा, क्योंकि आप कहीं तो और किसी और स्थान में होते हैं, हो सकता है किसी के जीवन में चालीस, पचास वर्ष पीछे, या किसी के जीवन में बहुत ही आगे हो। देखा? आप नहीं जानते; आप बस नहीं जानते कि आप इसे कह रहे हैं।

और मैंने—मैंने कहा था, "मैं आगे बढ़ रहा हूँ।"

कहा, "आगे बढ़ते रहो; आगे बढ़ते रहो।" कहा, "मार्ग के अंत में बड़ा इनाम रखा है।"

206 अब, मैंने उस—उस अध्यक्ष और आदि लोगो से इसे कहने की अनुमति मांगी। मेरा विश्वास है कि यह एक दर्शन था, लेकिन यदि ये था, तो मैंने इस तरह से कभी भी नहीं देखा। जब मैं लगभग तीन वर्ष का था तब से मैंने दर्शन देखे हैं, हो सकता है उससे भी छोटा था। और मैंने इस तरह से कभी भी नहीं देखा है, ऐसा अनुभव मेरे साथ कभी भी नहीं हुआ था। मैं एक किताब को पढ़ रहा हूं जो यहां के पास्टर ने मुझे दी थी, किसी और की थी, जिसके पास मिलता-जुलता अनुभव था। मैंने इसे पढ़ा, क्योंकि इसमें भाई ने कहा (वह क्या था? विगल्सवर्थ? या...) प्राइस, भाई प्राइस के पास कुछ इसी तरह का अनुभव था; मैं उनकी किताब लेना चाहता था और देखना चाहता था कि ये क्या है। मैं—मैं पता लगाना चाहता हूँ।

207 मैं नहीं कहना चाहता "अनुवाद," क्योंकि ये ऐसा लगेगा, यदि आप करेंगे, तो यह संत पौलुस की नकल करने की कोशिश कर रहा था। नहीं, मैं चाहता हूँ—मैं बस वही रहना चाहता हूं जो मैं हूं। देखा? अब... मैं संत पौलुस नहीं हो सकता, लेकिन मैं उसी परमेश्वर की सेवा करता हूं जिसकी सेवा उसने की थी। और इसलिए...

मैंने कहा... ये बस यही कहता रहा, "आगे बढ़ो।"

और मैंने—मैंने—मैंने वापस बोला, मैंने कहा, "ठीक है, मैं आगे बढ़ रहा हूँ।"

उसने कहा, "मार्ग के अंत में बड़ा इनाम है।"

मैंने कहा, "मैं समझता हूं... " मैंने कहा, "कौन... यह अवश्य मेरी पत्नी रही होगी।" मैंने कहा, "तुमने क्या कहा, प्रिय? "

मैंने उसे हिलाया; मैंने कहा, "मेडा? तुमने क्या कहा? "

उसने कहा, "हुह? " वह सो रही थी।

208 और मैंने कहा, "तो यह वो नहीं थी।" मैंने कहा, "हो सकता है यह पवित्र आत्मा था।" मैंने कहा, "दयालु स्वर्गीय पिता, क्या आप अपने सेवक से बात कर रहे थे? आप क्या चाहते है कि मैं जानूं? "

209 कुछ नहीं कहा। मैंने थोड़ी देर प्रतीक्षा की। मैंने इसे फिर से सुना, कहते हुए... ऐसा लग रहा था कि मैं किसी को उस गाना गाते हुए सुन सकता हूं, "प्रभु, मुझे समय के परदे के पार देखने दो।" क्या आपने कभी इसे सुना? आप जानते है?

> प्रभु, मुझे बीते हुए छाया के पर्दे की ओर देखने दो,
>   दु:खों और भय के,
> मुझे मधुर आश्रय की घंटियों की झंकार सुनने दो,
> यह मेरे मार्ग को उज्ज्वल करेगा और सारे भय को दूर
>   कर देगा;
> प्रभु, मुझे बीते समय के परदे के पार देखने दो।

ऐसा दिखा जैसे कि मैं किसी को गाते हुए सुन सकता हूं। मैंने सोचा, "सोचता हूं कि क्या है? " मैं बिल्कुल वैसा ही था, जैसा मैं अब हूं।

और मैंने किसी को कहते सुना, "आगे बढ़ते रहो।"

मैंने कहा, "मैं आगे बढ़ता जाऊंगा।"

उसने कहा, "क्या तुम परदे के पार देखना चाहोगे? "

मैंने कहा, "इससे मुझे मदद मिलेगी।"

210 और ठीक तभी, मुझे महसूस हुआ कि मेरे साथ कुछ हुआ है। और मैंने सोचा, "यहाँ क्या माजरा है? " और मैंने पीछे मुड़कर देखा, और मैं अपने आप को बिस्तर पर पड़ा हुआ देख सकता था।

211 अब, यदि यह—यदि यह आपको बाधा डालता है, तो परमेश्वर मुझे इसे बताने के लिए क्षमा करें। देखा? मैंने इसे पहले कभी नहीं बताया, केवल अपनी कलीसिया को, मेरी कलीसिया को। और मैंने पीछे मुड़कर देखा, और मैं परमेश्वर के अनुग्रह से आशा करता हूं कि आप मुझे हठधर्मी नहीं समझेंगे। मैं—मैं... यदि मैं हूं, तो मैं नहीं जानता। मैं—मैं नहीं बनना चाहता। नहीं श्रीमान। लेकिन मैं... स्वर्ग का परमेश्वर जानता है कि यह सत्य है, जैसा कि मैंने अपनी बाईबल को इसके ऊपर रखा है, जैसा कि मैंने पिछली रात आपको गिलहरियों के बारे में बताया था। यह अभी हाल ही में हुआ।

मैंने पीछे मुड़कर देखा, और मैंने खुद को देखा, और मैं हिल-डुल नहीं रहा था। और मैं मुड़ा, इस ओर देखा; ऐसा दिखाई दिया जैसे कोई छोटा सा स्थान *इस* तरह नीचे आ रहा हो।

212 और मैं—मैं—मैं इसे क्षमा याचना के रूप में नहीं कह रहा हूं, लेकिन मैं स्त्रियों पर बहुत ही सख्त रहा हूं। मुझे एक स्त्रियों से घृणा करने वाला कहा गया है, लेकिन मैं नहीं हूं; मैं—मैं नहीं हूँ। मैं—मैं अपनी बहनों को पसंद करता हूं, लेकिन मैं स्त्रियों को उस तरह से हरकतें करते हुए देखना पसंद नहीं करता जिस तरह से ये आधुनिक अमेरिकी स्त्रियां करती हैं। जब मैं सेंट एंजेलो में गया, रोम में जो कब्रों का तहखाना है, इटली में, वहाँ एक बोर्ड लिखा हुआ था, कब्रों के तहखाने के पास, लिखा था, "कृपया, अमेरिकी महिलाएं, इस स्थान में प्रवेश करने से पहले अपने कपड़े पहन लें और मरे हुओ का सम्मान करें।" हम्म। अमेरिकी महिलाओं के लिए सुचना, क्यों, यह एक अपमानजनक बात है।

उन्होंने मुझसे पूछा, "क्या आप सब के पास वहाँ पर कोई सभ्य महिला नहीं है? "

मैंने कहा, "ओह, ज़रूर हमारे पास है। यह बस... वो समूह दूसरा है।" देखा?

लेकिन वे अमेरिकी के रूप में ही जानते हैं, वह यही था।

213 और सो, यह... मैं... मेरे पास इस सभा में आपको बताने का समय नहीं होगा। 1933 में... यह एक महिला राष्ट्र है। यह संख्या तेरह है। यह प्रकाशितवाक्य के तेरहवें अध्याय में दिखाई देता है: तेरह तारे, तेरह धारियाँ, तेरह... हर एक चीज तेरह है। हर एक चीज स्त्री है। और याद

रखे, **यहोवा यों कहता है**, कि अन्त समय से पहले एक स्त्री राज्य करेगी। वह या तो राष्ट्रपति होगी, उपराष्ट्रपति होंगी, या यह एक महिला के रूप में कैथोलिक कलीसिया होगी। मैंने उसे देखा है: एक विख्यात महिला, राष्ट्र उसके सामने झुकता है। यह एक अंत समय से पहले होगा। **यहोवा यों कहता है**। इसे लिख लो और देख लो, तुम युवा लोगों। देखें क्या ये होता है। यदि यह नहीं होता है, तो मैं एक झूठा भविष्यव्यक्ता हूँ।

214 अब, बस याद रखें; यही अंत है। यह अमेरिका महिलाओं का राष्ट्र है। यह एक ऐसा स्थान है जहाँ स्त्री स्वतंत्र रूप से ईश्वर है, और पुरुष उससे कुछ भी नहीं कहता। वह बॉस है; वह सब कुछ चलाती है, व्यवसाय और सब कुछ, यहाँ तक कि कलीसिया के मंच पर, पुलपिट में जा चुकी है, और अब इसे चला रही है। इसलिए वहाँ—वहाँ पर जाओ, तुम देखो, यह है… और यह बिल्कुल उतना ही वचन अनुसार नही है जितना—जितना कैन और हाबिल के नाई… या हाबिल… कैन की तरह। निश्चित रूप से, ये सारी चीजें, वो राज्य करती हैं। और वो—वो एक देवी है। अमेरिका में यही सत्य है।

215 ना ही आप, बहनों, लेकिन मैं उनके साथ हमेशा इस तरह थोड़ा कड़ाई से रहता था। और हो सकता है मैंने—मैंने सोचा कि मैं कुछ ज्यादा ही कड़क होता हूं, शायद, कभी-कभी। लेकिन मैं किस तरह से कर सकता हूँ? यदि आप—यदि आप आत्मिक हैं, तो आप इसे ठीक अभी समझ जायेंगे। देखा? आप में से कितने लोगों को लगता हैं कि आप समझते हैं कि मेरा क्या मतलब है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] अच्छी बात है।

216 एलियाह की ओर देखें। उसने क्या बताया? वह इसकी मदद नहीं कर सका। वह उस ईज़ेबेल के विरुद्ध चिल्ला उठा; क्या वह चिल्ला उठा? कैसे… यहाँ यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाला उसकी उसी आत्मा के साथ आया। वह इसके बारे में चिल्ला उठने में भला कैसे मदद कर सकता था? "अपने भाई की पत्नी को रखना तुम्हारे लिए उचित नहीं है।" इससे उसके सिर का भुगतान करना पड़ा। देखा? समझे? परमेश्वर अपने मनुष्य को ले लेता है, लेकिन उसकी आत्मा को कभी नहीं लेता। समझे? ऐसा आगे की ओर बढ़ता रहता है। प्रभु यीशु के आगमन के आगे जाने वाला अग्रदूत, जैसा कि उसने वहां 1933 में—में नीचे नदी बोला जब मैं वहाँ पर बपतिस्मा दे रहा था, और आप देखते हैं कि इसका क्या हुआ। देखा? ठीक वही

बात जगह लेगी जो उसने कहा था। इसलिए आप इसमें सहायता नहीं कर सकते।

217 और जब मैंने देखा, दौड़ता हुआ मेरी ओर आ रही थी, ऐसा था, मेरी तरह लग रही थी, लाखों युवतियां, लगभग बीस वर्ष की। मैंने अपने पूरे जीवन में इतनी सुंदर स्त्रियां कभी भी नहीं देखीं। उनकी आँखें तारों की तरह दिखती थीं, उनके दाँत मोती जैसे सफेद, कमर तक लटकते लंबे बाल, उनके पैरों तक नीचे सफेद वस्त्र पहने हुई थी, और वे नंगे पांव थी। और वे हर एक जन... अब मैं... अब आप स्त्रियाँ मुझे क्षमा करें। उनमें से हर एक दौड़ती आ रही थी और अपने हाथों को मेरे चारों ओर रखते हुए, और चिल्लाने लगी, "हमारे बहुमूल्य भाई।"

218 अब देखो, परमेश्वर जानता है, जब मैं एक लड़का था, आपने मेरी कहानी पढ़ी है, जब मैं सात वर्ष का था, उस दिन पर प्रभु का दूत उस झाड़ी में एक बवण्डर के समान मुझ से मिला और कहा, "कभी भी धूम्रपान, शराब न पीना या अपने शरीर को अपवित्र न करना।" मैंने अपने जीवन में कभी धूम्रपान नहीं किया, अपने जीवन में कभी शराब नहीं पी, और मैं... मैंने अपनी पत्नी को छोड़ किसी महिला को नहीं जानता था। और सो तब, जब मैं पापी था तब मैंने अनैतिक जीवन को नहीं जिया। और... लेकिन मैं... जब से मैं एक मसीही रहा हूं, मैंने उतना ही साफ़ जीने की कोशिश की है जितना मैं जानता हूं कि कैसे जीना है, और परमेश्वर जानता है कि यह सचाई है।

219 और—और मुझे यह कहने दो: मैं परवाह नहीं करता कि एक मनुष्य कितना भी संत है, जब तक वो मनुष्य है, वह मानवीय उत्तेजना के बिना दूसरे वर्ग को, एक स्त्री को, अपनी बांहो में नहीं ले सकता। और मैं परवाह नहीं करता; आप मुझे यह बताएं, और मैं आपको बताऊंगा कि आप एक कहानी को बना रहे हैं। और यदि आप एक लाल-खून वाले पुरुष हैं, यदि आप वास्तव में एक—एक पुरुष है, यह इसी तरह से है; आप इसकी सहायता नहीं कर सकते। तुम एक मनुष्य हो। मैं नहीं कहता कि अब आप कुछ भी गलत करोगे; लेकिन उत्तेजना बिल्कुल वैसी ही होती है।

220 लेकिन इसमें यह खत्म हो गयी थी। परमेश्वर की स्तुति हो, यह जा चुकी थी। यह ऐसा—ऐसा नहीं होता था जब मैं अपनी बहन डेलोरेस को

अपनी बाहों में लेता हूं। यह ऐसा नहीं होता था जैसे एक माँ अपने बच्चे को ले जा रही हो। मैं—मैं नहीं जानता हूं। ये सिद्ध था।

221 और मैंने देखा, यहाँ पुरुषों का एक झुंड आया, ऐसा दिखा जैसे लाखों लोग इस रास्ते से आ रहे हों। और उन सब लोगों ने श्वेत वस्त्र पहने हुए थे और उनके पास जैसे, रोयेंदार बाल उनके कंधे तक लटक रहे थे। और वे मुझे पकड़ कर और चिल्ला रहे थे, "हमारे बहुमूल्य भाई।"

222 मैंने कहा, "मैं—मैं नहीं जानता।" और मैं घूमा, मैंने देखा, और मैं वहाँ बिस्तर पर पड़ा था। अब ये जहाँ कहीं भी है, ये यहाँ से बहुत दूर नहीं है। यदि यह दूसरा आयाम है या क्या, मैं नहीं कह सकता। लेकिन मैंने पीछे मुड़कर देखा, और मैंने स्वयं को बिस्तर पर पड़ा हुआ देखा; मैंने इस ओर देखा, और यहाँ पर ये लोग थे। ओर वो...

223 यदि मैं कहूँ "सिद्ध," यह इसे नहीं बनाता है। यदि मैं कहूं "शानदार"; मैं अंग्रेजी के शब्द को नहीं पा सकता हूं। न बीता कल था, न आने वाले कल था, बस अब था; न बीमारी, न दुःख, न पाप, न थकान; वे न खाते न पीते; वे ना ही सोते, उन्हें सोना नहीं था; लेकिन फिर भी वे जीव थे। और उन्होंने अपनी बाहें मेरे चारों ओर डाला, मैं इसे ठीक वैसे ही महसूस करता हूं जैसे मैं अपने हाथों को *इस* तरह महसूस करता हूं। [भाई ब्रंहम ने अपने हाथ को थपथपाया—सम्पा।]

224 और मैंने भीड़ में से होते हुए देखा, और यहाँ मेरी खुद की प्यारी पत्नी आई। जब वो बाईस वर्ष की थी तब उसकी मृत्यु हो गई थी और यहाँ वो आई, वो बिली की माँ। और वो सीधे आयी... मैंने कहा, "वह मुझे अपना पति कहकर बुलाएगी।"

225 वह *इस* तरह मेरी ओर हाथ लहराते हुए महिलाओं के बीच से अपने रास्ते को बना रही थी। मैं उन काली आँखों को तब चमकते हुए देख सकता था। वो एक जर्मन लड़की थी। उसने दौड़ कर और अपनी बाहों को मेरे चारों ओर डाला। उसने कहा, "मेरे प्यारे भाई।"

और वहाँ एक बहुत ही सुंदर महिला खड़ी थी, बस अपनी बाहों को मेरे चारों ओर डाला और कहा, "हमारे बहुमूल्य भाई।"

और फिर होप, उसने अपना हाथ रखा (वह मेरी पत्नी थी।) उसने इस दूसरी महिला के चारों ओर अपना हाथ रखा; उसने कहा, "क्या यह अद्भुत नहीं है? वो अब हमारे साथ है।"

मैंने कहा, “मुझे—मुझे यह समझ नहीं आया।” मैंने कहा, “मैं—मैं—मैं नहीं समझ सकता–... ”

226 और उन लोगों ने मुझे ऊपर उठाया, और ऊपर एक बहुत बड़े ऊंचे स्थान पर उठाकर और मुझे वहां बैठा दिया। और वे परमेश्वर की स्तुति कर रहे थे, उन में से किसी ने मुझे नहीं चूमा, बस मुझे गले से लगाया और कहा, “भाई, हमारे बहुमूल्य भाई।”

और मैंने देखा, और लोग हर जगह से आ रहे थे। और मैंने कहा, “यह क्या है? ”

और वह आवाज अब, किसी से नहीं, वही आवाज जो कमरे में बोल रही थी, अभी भी मेरे साथ थी, उसने कहा, “यह सिद्ध प्रेम है।”

227 और मैंने हमेशा ही सिखाया है: पवित्र आत्मा का प्रमाण सिद्ध प्रेम है। देखा? मैं अन्य भाषाओं में बोलने में विश्वास करता हूं, निश्चित रूप से। “लेकिन चाहे मैं मनुष्यों और स्वर्गदूतों की बोलियाँ बोलूं और प्रेम ना रखूं, मैं कुछ भी नहीं, ठनठनाता हुआ पीतल और झनझनाती हुई झांझ हूँ।” इसलिए, जब आप अन्य भाषाओं में बोलते हैं और उसके साथ प्रेम रखे, तो यह आपको दिखाएगा।

228 और जो प्रेम जो हमारे पास यहां होगा वह ऐसा होगा जैसे यहां एक छाया से आरंभ हुआ, छाया में से, छाया से छाया के अंदर; और छाया से धुंध में, और जरा सी नमी में, और एक खाड़ी के अंदर, एक नदी में, और फिर समुद्र के अंदर। यहीं है जहाँ पर यह पहुंचता है, एकदम सिद्ध, हर एक चीज। तुम मर नहीं सकते; आप कोई पाप नहीं कर सकते। ओह, मैं कभी... मैं—मैं कभी नहीं समझा पाऊंगा कि वह स्थान क्या था। देखा? यह—यह—यह बिलकुल... यह एकदम सिद्ध था, सिद्धता से भी परे। और बस तब, वहाँ एक...

मैंने कहा, “मुझे—मुझे समझ नहीं आया कि यह क्या है।”

और एक बहुत ही खूबसूरत महिला दौड़ कर आई और उसने कहा, “ओह, मेरे बहुमूल्य भाई, ” उसने कहा, “मैं बहुत खुश हूँ कि तुम आ गए।”

और वह चली गई, और मैंने उसकी ओर देखा, और मैंने सोचा, “ओह, कैसे हर एक जन इतना सुंदर है, और इतना युवा है, और सो... ” और मैंने कहा, “यह क्या है? ”

और उस आवाज ने कहा, “यहाँ सभी बड़ी उम्र के सब एक सरूपता में हैं और हर एक चीज वापस सिद्धता की ओर लायी गयी है।”

229 देखो, हम एक निश्चित उम्र तक खाना खाते हैं। जब मैं सोलह वर्ष का था, मैं खाता हूं–... विज्ञान को मुझसे इसका उत्तर देने दो: मैं उसी खाने को खाता हूं जब मैं सोलह साल का था, जो अब मैं खाता हूं: बीन्स, ब्रेड, आलू, मांस। और हर बार जब मैं खाता हूं, मैं अपना जीवन नवीनतम करता हूं। हर कोई जानता है कि लहू की कोशिकाएं बनती हैं, और इसी तरह हम धरती पर आते हैं। और अब यहां बैठे डॉक्टर को भी यही बात पता होगी। फिर मैं मजबूत होता हूं, हर समय बड़ा होता जाता हूं। और जब मैं लगभग बाईस वर्ष का होता हूं, तो आप लोग भी, मैं अभी भी उसी खाने को खाता हूँ, और हर समय बूढ़ा और कमजोर होता जाता हूँ, मेरे शरीर में नया जीवन डाल रहा हूँ।

230 मुझे इस बात को समझाओ, वैज्ञानिक लोगों: यदि मैं एक जग से पानी को एक गिलास में डालता हूं, और जब यह आधा भरा होता है, मैं और पानी डालता रहता हूं और यह नीचे जाता रहता है। वैज्ञानिक रूप से, मुझे इसके विषय में बताये। यह क्या है, यह पहले से नियुक्त किया गया है जिसे परमेश्वर ने बनाया है। जब आप उस उम्र तक पहुंचते हैं, तो वह आपको तब ले लेता है जहाँ वह आपको चाहता है, कहे, “आओ मृत्यु; आ जाओ।” विज्ञान से पूछें कि क्या आप लगभग बाईस वर्ष की आयु के बाद मरना आरंभ नहीं करते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना भी अच्छा खाते हैं, आप मर रहे हैं, दूर चलते जा रहे हैं। अंत में ऐसा होगा... मृत्यु ठीक तब आपके रास्ते पर होती है। लेकिन आप बढ़ रहे हैं जब तब आप उस उम्र तक नहीं पहुँचते। लगभग इससे... आप लगभग पंद्रह से लेकर लगभग बाईस तक अपने सर्वश्रेष्ठ उम्र में होते हैं। यह सही है।

231 ये लोग बिल्कुल अपने चरम पर दिख रहे थे, बिल्कुल उनके सर्वोत्तम रूप में। और मैं, वहाँ उनकी ओर देख रहा था और वे किस तरह से देख रहे थे। तो मैंने यह सोचा, “क्या यह अद्भुत नहीं है? ”

232 और जब मैंने अपनी आठ वर्ष की छोटी लड़की को देखा, जब... आपको वो रात याद है, और आपने इसे मेरी कहानी में पढ़ा है। जब मैं उससे मिला, वो एक युवा महिला थी। उसने कहा, “हैलो, पिता जी।”

और मैंने कहा, “पापा? क्यों, आप मेरे जितने ही उम्र के ही हो। मैं इसे नहीं समझ पाता।”

उसने कहा, “पिताजी, धरती में, मैं आपकी छोटी शारोन थी।”

मैंने कहा, “तुम्हारी माँ कहाँ पर है? ”

कहा, “वह आपके घर पर आपका इंतजार कर रही है।” उसने कहा, “मैं यहां अपने भाई बिली पॉल की प्रतीक्षा करूंगी।”

233 और जब मैं दर्शन से बाहर आया... होप ने अपना हाथ वहाँ मेरे चारों ओर रखा था, और जब मैं दर्शन से बाहर आया, कमरे में खड़ा हुआ था, तब भी उसने अपना हाथ मेरे चारों ओर रखा हुआ था। और मैं किसी दर्शन में नहीं था, ना ही कोई कोमा में; मैं वैसे ही खड़ा था जैसे अभी खड़ा हूं। और वो मेरे इस कंधे पर थपथपा रही थी। परमेश्वर मेरा न्यायी है।

और मैंने कहा, “होप, तुम अभी भी यहीं पर हो, क्या तुम नहीं हो? ”

उसने कहा, “बिली, मुझसे वादा करो कि आप मेरी और शारोन की चिंता नहीं करोगे।”

234 मैं बस करने ही वाला था... कुछ मिनट पहले ही मेरे हाथ में पिस्तौल थी। मैंने आत्महत्या करने की कोशिश करते हुए मैंने इसे हर तरफ से बंदूक के घोड़े को चलाया था। उसी दिन, मैंने तैंतीस हजार वोल्ट की बिजली पर हाथ रखने की कोशिश की जब मैं इलेक्ट्रीशियन के रूप में काम कर रहा था, आप मेरी कहानी को जानते हैं। और पहली बात जो मैं जानता हूं, तब मैं जमीन पर बैठा था, पसीना बह रहा था, न जाने क्या हुआ था। इसका मतलब ये था कि परमेश्वर ने इस सेवकाई को आप लोगों के लिए बचा कर रखा है; नहीं तो मैं ठीक उसी समय चला गया होता।

और सो, उसने अपना हाथ मेरे चारों ओर रखा था। मैंने कहा, “होप, तुम अभी भी यहाँ पर हो।” कमरे में अंधेरा था।

उसने कहा, “मुझसे प्रतिज्ञा करो? ”

मैंने कहा था, “मैं तुम्हें प्रतिज्ञा देता हूँ, होप।”

और जब उसने ऐसा किया, वो मुझे छोड़ कर चली गयी; उसने मुझे थपथपाया, मुझे गले लगाया और मुझे छोड़ कर चली गयी।

मैंने कहा, “तुम अभी भी यहीं पर हो, होप, कहीं न कहीं, क्या तुम नहीं हो? ” मैंने उसे आस पास महसूस किया। मैंने लाइट को जलाया, मैं हर एक कुर्सी की ओर देखा और यहाँ–वहां देखने लगा।

235 मैंने कहा, “तुम कहाँ हो, प्रिय? मुझे छोड़ कर मत जाओ; मुझे छोड़ कर मत जाओ।” कमरे के चारों ओर देखने लगा, उसके लिए इस तरह से महसूस कर रहा था; बस एक लड़का, अभी–अभी थोड़े समय पहले विवाह हुआ था, और बिली और शारोन का जन्म हुआ था।

236 और मैंने उसे देखा। जब मैंने उसे इस बार देखा, तो वह वैसी ही दिख रही थी। और मैं वहाँ इस स्थान पर बैठा हुआ था। और मैंने कहा, “मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं। आपने मुझे यहाँ क्यों रखा? ”

कहा, “तुम एक अगुवाहे थे। आप एक अगुवाहे जन्मे थे, लोगों का नेतृत्व करने के लिए।”

और मैंने कहा, “ओह, प्रभु।” मैंने कहा, “ठीक है... ”

उसने कहा, “तो, यह सिद्धता है।” कहा, “यह उन कुलपतियों के समान है जब वे अपने लोगों के साथ इकट्ठे हुए थे।”

मैंने कहा, “क्या इस... ? मैं—मैं—मैं—मैं... यह मृत्यु के बाद है? ”

“हाँ।” मैंने मुड़कर और पीछे की ओर देखा। वहाँ मैं अब भी बिस्तर पर पड़ा हुआ था। और उसनें कहा, “यह मृत्यु के बाद है।”

और मैंने कहा, “ओह, तो मैं मर गया हूं। अच्छा, यह तो अद्भुत है; मेरे लिए यहां होना अच्छा है। मैं इसे पसंद करता हूं।”

और फिर यह महिला, बहुत सुंदर लड़की जिसने बस अपनी बाहों को मेरे चारों ओर *इस* तरह से डाला था। और कहा, “बस आगे बढ़ते रहो।”

और मैंने कहा, “क्यों... मैं नहीं समझ सकता।” मैं कहता हूँ, “ये सारे ब्रंहम है? ” उनमें से लाखों दिख रहे थे। मैंने कहा, “ये सारे ब्रंहम है? ”

उस आवाज ने कहा, “वे तुम्हारे परिवर्तित हुए लोग हैं।”

मैंने कहा, “परिवर्तित? ”

237 कहा, “तुम उस महिला को देखते हैं जिसकी तुम प्रशंसा कर रहे हो? ” कहा, “वह नब्बे वर्ष की हो चुकी थी जब तुम उसे मसीह के पास लेकर गए। अब उसकी ओर देखो। कोई आश्चर्य नहीं कि वह चिल्लाई, ‘मेरा बहुमूल्य भाई।’ ”

238 मैंने कहा, “ओह, यदि मैं केवल वापस जा सकता, यदि मुझे केवल एक मौका मिल सकता। मैं उन्हें पकड़ लूंगा; मैं उन्हें खींच लूंगा; मैं उन्हें तैयार कर लूंगा। देखा? इससे कोई भी चुक ना जाये। यह—यह सिद्धता है।”

239 और उसके बाद तब, मैंने देखा। मेरे पास किसी समय एक कुत्ता था। हम शिकार किया करते थे; उसने मुझे कपड़े पहनाए, मुझे स्कूल भेजा, ओपोसम का शिकार, कून का और अन्य चीजों का शिकार। और जब हम शहर में चले गए, एक पुलिसवाले ने उसे जहर दे दिया।

240 जब मैंने उसकी कब्र को थपथपाया, जब मैंने उसे अपने घर के पिछवाड़े में दफ़नाया, मैंने कहा, “फ्रिट्ज़, यदि कोई जगह है... ” मैं एक पापी था, मैं लगभग सत्रह वर्ष का था। मैंने कहा, “यदि स्वर्ग नाम की कोई जगह है, तो तुम वहां पर जाओगे।” बाद में, मैं परिवर्तित हुआ। मैंने हमेशा ही सोचा...

अब कुछ... मैंने किसी को यह बताया, और उन्होंने कहा, “एक जानवर जात स्वर्ग में है।”

241 बिल्कुल वहां स्वर्ग में जानवर हैं। मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं। आलोचना करने को तुरंत ही दूर करें। मुझे बताओ कि उन घोड़ों और रथों का क्या हुआ जो उतरकर एलिय्याह को लेकर ऊपर चले गये। वह घोड़ा कहाँ है जिस पर यीशु सवार होकर आया, लहू में डूबा हुआ वस्त्र लिए, एक सफेद युद्ध के घोड़े पर सवार होकर आया? हूं–हुंह? वह भेड़िया और मेमना एक साथ खाने कहाँ पर जा रहा है, और सिंह बैल के समान भूसा खाता है? यह कहाँ से आ रहे है?

242 और मैंने देखा, पहाड़ी के पार से नीचे आते हुए, और यहाँ पर फ्रिट्ज़ आता है। उसने मेरी ओर देखा और आगे आकर और मेरे हाथ को चाटा, मैंने उसे थपथपाया। तब उसके बाद प्रिंस, मेरा घोड़ा, आकर और मेरे कंधे पर अपनी गर्दन रखा और हिनहिनाने लगा।

मैंने कहा, “ओह, परमेश्वर।” मैंने ऊपर की ओर देखा।

और उसनें कहा, “वे सभी जिसे तुमने कभी प्रेम किया था, और वे सभी जो कभी तुमसे प्रेम करते थे यहां पर एकत्र है।”

और मैंने कहा, “मैं यीशु को देखना चाहता हूँ। मैं उसे देखना चाहता हूं जिसे मैंने प्रेम किया है और—और जिसके लिए काम किया है।”

243 और उन्होंने कहा, "आप उसे अभी नहीं देख सकते हैं; वो *इस* से ऊंचाई पर है। लेकिन किसी दिन वह वापस आएगा, और जब वह आएगा, तो वो सबसे पहले तुम्हारे पास आएगा। और तुम से उस सुसमाचार के बारे में सवाल पूछा जाएगा जिसका तुमने प्रचार किया था। और फिर, यदि आप परीक्षा में उतीर्ण हो जाते हैं, तो हम आपके साथ जायेंगे, वापस, और वो, वापस पृथ्वी पर और हमेशा के लिए एक शरीर में एक साथ रहने के लिए, एक मांस का शरीर जिसमें हम खाएंगे और पीएंगे।"

और मैंने कहा, "आपका मतलब है, वह मुझसे उस वचन पर सवाल करेगा जिसका मैं प्रचार करता हूँ? "

कहा, "हाँ।" और वो आवाज जो मुझसे बात कर रही थी ये कहा।

मैंने कहा, "तो ठीक है, क्या संत पौलुस से भी सवाल पूछा जायेगा? "

कहा, "निश्चिय ही, उसकी सभा के लोगों के साथ।"

मैंने कहा, "फिर यदि संत पौलुस इसे उतीर्ण कर लेते हैं तो मैं भी कर लूंगा।" मैंने कहा, "मैंने इसका ठीक उसी तरह प्रचार किया है जैसा उसने किया था, एक शब्द भी इधर-उधर नहीं किया।"

और उसके बाद वे लाखों को चिल्ला उठे, "हम यह जानते हैं, और निश्चिंत होकर विश्राम कर रहे है।"

और उस समय पर, मैंने आवाज को कहते सुना, "आगे बढ़ते रहो।"

और मैंने खुद को खिसकता हुआ महसूस किया। मैंने कहा, "मुझे वापस नहीं जाना है, क्या मुझे जाना है? "

"आगे बढ़ते रहो।" मैंने मुड़कर और अपने शरीर की ओर देखा; मैंने इसे हिलते हुए देखा। मैं उस पर आ रहा था; कुछ ही क्षण में मैं फिर से कमरे में था।

244 मित्रों, उस समय से, मैं एक बदला हुआ व्यक्ति रहा हूं। मैं नहीं जनता कि आप इस बारे में क्या सोचेंगे, लेकिन बाईबल पर मेरे हाथ को रखते हुए, यह सच्चाई है। यह... ये जहां कहीं भी है, मुझे नहीं पता कि वह यहां था या नहीं, यह एक दर्शन था या नहीं। मुझे ऐसा दर्शन कभी भी नहीं आया था। और मान लीजिए कि यह एक छोटा सा रूपांतरण था (मैं यह नहीं कहता कि ऐसा था), कहे तो, मेरी आत्मा बाहर निकल गई, और वहां चली गई (मैं नहीं जानता कि यह क्या था), क्या—क्या वह उस पहले स्वर्ग के

नीचे महिमामय है, पौलुस ने अवश्य ही जो देखा होगा जब वह तीसरे स्वर्ग में चला गया और वापस आकर कहा, "आँखो ने नहीं देखा, कानो ने नहीं सुना, ना ही यह मनुष्य के हृदय में आया है कि परमेश्वर ने उनके लिए क्या रखा है जो उससे प्रेम करते हैं।"

245 मैं और अधिक दृढ़ निश्चित हो गया हूं। मैंने... तब से लेकर यह मेरी दूसरी बेदारी है। मैं हर एक चीज करने के लिए और अधिक दृढ़ निश्चित हो गया हूं जो पुरुषों और महिलाओं को तैयार करने के लिए कर सकता हूं कि, कृपया इसके बारे में सुनिश्चित रहें: यदि परमेश्वर का प्रेम आपके हृदय में अत्याधिक रूप से लंगर नहीं होता है, तो आप कोई भी उत्तेजना या भावना को नहीं लेना; आप पक्का रहें कि आप—आप दूसरा गाल बढा सकते हैं, कि—कि परमेश्वर... कि—कि मसीह आपके लिए सब कुछ है। क्या आप इस बात से चूकना मत, मेरे भाई।

246 बस याद रखे। मैं यह कहूँगा, इस विश्वास के साथ कि मेरे पास उस दर्शन में था, ये जो कुछ भी था, मैं इसे प्रभु के नाम से बोलूंगा: जब तक आपके पास वह सिद्ध प्रेम नहीं होता है, तो आप वहां कभी भी नहीं होंगे, क्योंकि इसके बिना कुछ भी नहीं हो सकता। आपकी आत्मा वहां उस स्थान से बाहर होगी। यह नहीं आ सकती; वहां इसके आने का कोई जरिया ही नहीं होगा। यह इससे अधिक और कुछ नहीं होगा कि मक्के का एक दाना भूमि से ऊपर उठे और उसमें जीवन का कोई भी जीवाणु न हो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता वह कितना भी स्वाभाविक क्यों न दिखता हो, वह ऊपर नहीं आ सकता।

247 मेरे मित्र, आप जो बूढ़े लोग है, आप जो युवा लोग है, आप नहीं जानते कि आप किस समय छोड़ कर जाने वाले हैं। हम यह नहीं जानते। लेकिन एक मसीही भाई होने के नाते मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि... वो एक है जो आपसे प्रेम करता है: जब तक आपका नया जन्म नहीं होता है, और प्रेम के परमेश्वर की आत्मा आपके हृदय में नहीं आती है, आप निश्चित रूप से उस स्थान से चूक जायेंगे। मैं आपसे पूछना चाहूंगा दो: यदि परमेश्वर ने मुझे दिया है... हमारे बीच अनुग्रह को दिया है, और तुम मुझ पर विश्वास करे, मैं ईमानदार हूँ। क्या हुआ? मैं नहीं जानता।

248 लेकिन स्वर्गीय परमेश्वर, जो—जो सर्वव्यापी है और अब यहाँ पर है, जब मैं इस दुनिया को छोड़ दूँगा, स्वर्गीय पिता, कृपया मुझे यीशु के आगमन

तक वहीं विश्राम करने देना। यही... यह—यह होगा—यह मेरे लिए पर्याप्त इनाम होगा, यदि मैं केवल उस स्थान पर विश्राम कर सकूं, जब तक कि मैं उसे आते हुए न देख लूं।

249 फिर मेरे लिए प्रकट हुआ, "यदि यह धरती का डेरा सरीखा घर गिराया जाता है, तो हमारे पास पहले से ही एक प्रतीक्षा कर रहा है"; हमारे पास एक है जो प्रतीक्षा कर रहा है। भाई, बहन, यह सच है। अब, मैं सोचता हूँ कि मेरे पास परमेश्वर का आत्मा है। यदि वह आत्मा जो मुझ पर है ये नहीं है, तो मैं नहीं जानता।

250 देखो, आइए हम इसके स्वभाव को लें। आइए हम आग के खंभे को लें जिसका इस्राएल के बच्चों ने अनुकरण किया, जिसकी तस्वीर उनके पास है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप में से बहुतों के पास यह तस्वीर है; यदि यह तस्वीर नहीं है, तो जब आप वहां से होकर जाए तो इसे वहां से ले ले। जहां इसे फ़ेडरल सरकार, फ़िंगरप्रिंट और दस्तावेज़ के एफ बी आई एजेंटों के द्वारा इसकी जांच की गई; यह वहाँ हॉल में है। ये वाशिंगटन, डीसी में रिलीजियस हॉल ऑफ आर्ट में एक टंगी हुई है एकमात्र अलौकिक अस्तित्व के रूप में जिसका कभी फोटो निकाला गया था। इसे मंच पर देखा गया है। संत इसे जानते हैं; उन्होंने इसे देखा है। संसार भर में लाखों और लाखों बार इसकी गतिविधि को देखा है, इसे व्यक्तिगत रूप से मंच पर प्रकट होते देखा है।

251 मेरी पत्नी ने लगभग छह महीने पहले इसे पहली बार देखा था। वह उस दिन नदी पर थी जब ये वहाँ पर नीचे प्रकट हुआ। जब यह—यह एसोसिएटेड समाचार पत्र पर अंग्रेजी बोलने वाली दुनिया में हर कहीं लेख चला गया: *बपतिस्मा देने के दौरान स्थानीय बैपटिस्ट सेवक के ऊपर रहस्यमयी प्रकाश प्रकट हुआ।* वहां बना रहा, इसने बात की; लोगों ने इसे आगे और पीछे बात करते सुना। वहां खड़े हजारों लोग मुझे मेरी पहली बेदारी से बपतिस्मा देते हुए देख रहे थे, ओहीयो नदी में पांच सौ लोग परिवर्तित हुए थे। यह समाचार पत्र, अखबार की कतरनों में था; हमारे पास ये है। एसोसिएटेड अखबार पर छपा; केनडा ने इसे छापा; सारे देश भर में। "रहस्यमयी प्रकाश... "

252 अब, वैज्ञानिक दुनिया ने इसे ले लिया है। अब, उन्होंने इसे तीन या चार अलग-अलग बार लिया है। जर्मनी ने इसे लिया। उन्होंने इसे यहां

कैलीफोर्निया में कुछ समय पहले लिया था। यह वास्तविक कैमरे वाले वास्तविक मनुष्य हैं।

जर्मन के कैमरे ने कहा, “हम सोचते है कि क्या हमारा कैमरा इसे खींच सकता है? ”

मैंने कहा, “कोशिश करने के लिए आपका स्वागत है।”

253 और जब आत्मा नीचे उतर रहा था, तो तो उन्होंने इसका नीचे आते हुए फोटो लिया, जब यह विचारो को प्रकट कर रहा था इसे तब लिया, और इसे फिर से वापस ऊपर जाते हुए लिया। ओह, प्रभु। जर्मनी में हज़ारों और हज़ारों बार क्रूस पर उतरा। और यही है जहाँ से मुझे वापस लौटना है जैसे ही वे... मैं फिर से जर्मनी वापस जाने के लिए तैयार हो सकता हूँ, वहाँ लॉज़ेन, स्विट्ज़रलैंड में, यह फिर से आया।

254 अब, इसका स्वभाव देखें। यदि एक दाखलता... यदि यह... यदि पहली डाली... यीशु ने कहा, “मैं दाखलता हूँ; तुम डालियाँ हो।” संत यूहन्ना 15, मैं सोचता हूं। क्या यह सही है? “मैं दाखलता हूँ।”

255 अब, दाखलता ने किस डाली को आगे लाया? पहली डाली पेंटीकोस्टल कलीसिया थी। क्या यह सही है? फिर जो दूसरी डाली निकलेगी तो वह एक और पेंटीकोस्टल कलीसिया होगी। अब, हम सारी कलीसियाओं में पेंटीकोस्टल नहीं देखते हैं, क्या देखते है? नहीं, अच्छा, तो यह क्या है? यह एक सांटी हुई दाखलता है।

256 आप एक आडू का पेड़ ले सकते हैं या आप एक, मैं कहूंगा, एक—एक संतरे का पेड़, और लगभग किसी भी प्रकार के खट्टे फल के पेड़ को सांटे। आप किसी भी चीज पर सांट सकते हैं, चकोतरे का या और ये जो भी है, लेकिन इसे सांटा गया है। परन्तु यदि मूल दाखलता में एक डाली बाहर आती है, तो वह उसी प्रकार का फल लाएगी जो पहली डाली ने लाया था।

257 अब, यदि यीशु मसीह दाखलता है, और उसका जीवन... अब याद रखे, उसका... दाखलता में फल नहीं लगते; डाली फल को लाती है, लेकिन यह दाखलता से क्रियाशील होती है। क्या यह सही है? तो ठीक है, तब यदि मसीह का जीवन हम में होगा, तो यह उसकी आत्मा और उसके कार्यों को लायेंगे। क्या यह सही है? इसे लाना ही होगा, क्योंकि यह परमेश्वर की दाखलता है। अब...

258 अब, प्रभु के इस दूत को देखें। हम जानते हैं कि यह सच है। अब देखो, इसका किस तरह का स्वभाव है। यह उसी फल देता है जो इसने तब लाया था जब यह यहाँ धरती पर था। अब, यह कलीसिया में वापस आया है, उसी फल को लाते हुए, एक और पेंटीकोस्टल कलीसिया को बना रहा है, बिल्कुल ठीक उसी तरह जैसे उसने पहली बार किया था। अब, उस कलीसिया ने उनके लहू से उनकी गवाही पर मुहर लगायी। वे धर्मी लोग थे; वे परमेश्वर से प्रेम करते थे; वे इसके साथ बने रहे।

259 और जो भी आप करते हो, जो कुछ भी करते हो, मित्रो, मैं आपसे पूछता हूं, यदि आप मुझे परमेश्वर का सेवक करके विश्वास करते हो, मुझे आपको कुछ बताने दो: क्या आप उस अद्भुत स्थान से नहीं चुक रहे हैं। इसे चूकना मत। आइए हम कुछ क्षण के लिए अपने सिरों को झुकाएं।

260 इससे पहले कि हम सभा में आगे बढ़ें, मैं अभी सोचता हूं: क्या यहाँ कोई एक है, दो, दर्जन, यहाँ कितने लोग हैं जो कहना चाहेंगे, "भाई ब्रंहम, मुझे ठीक अभी प्रार्थना में याद करे, जब से आपने इसे बताया है, मेरे पास मृत्यु का थोड़ा डर था, मैं—मैं—मैं उस भरोसे को पाना चाहता हूँ, मैं अपना हाथ परमेश्वर के सामने उठाना चाहता हूँ, और कहना चाहता हूँ, 'मेरे लिए प्रार्थना करें'"?

261 परमेश्वर आपको यहाँ आशीष दे, पुत्र। परमेश्वर आपको आशीष दे; परमेश्वर आपको आशीष दे, आपको, आपको। हाँ, वे सारे जो वहाँ पीछे है, परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे, सारे भवन में, बालकनी में; हम आपके हाथों को वहां पर देखते हैं। "मैं वह शांति को पाना चाहता हूं जो सारी समझ से परे हो।"

262 मैं देख रहा हूं, प्रार्थना कर रहा हूं। अपना हाथ ऊपर उठाये। पवित्र आत्मा को बोलने दे। यदि आप आज रात मर जाते हैं, तो क्या आप वहाँ जायेंगे जहाँ विलाप करना और, रोना और दाँत का पीसना है? या आप शांति के उस धन्य, मधुर विश्राम में प्रवेश करना चाहते हैं? मैं इसे पवित्र आत्मा के अभिषेक के साथ, प्रभु के नाम में कहता हूं।

263 परमेश्वर आपको आशीष दे, प्रिय। परमेश्वर आपको आशीष दे वहां पीछे; परमेश्वर आपको आशीष दे, बहन। कोई और है? अपना हाथ ऊपर उठाये। परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। यह सही है, परमेश्वर आपको आशीष दे।

264 मैं देख रहा हूं, बस कुछ क्षण का इंतजार कर रहा हूं। हर एक जन सिरो को झुका कर प्रार्थना कर रहे हैं। अच्छी बात है, बस जारी रखे। परमेश्वर आपको आशीष दे; मैं आपका हाथ देखता हूँ। मैं किसी चीज को देख रहा हूँ। परमेश्वर आपको आशीष दे; यह अच्छी बात है। तो ठीक है, कोई और है? बस प्रतीक्षा करते रहे। तो ठीक है।

265 स्वर्गीय पिता, आप उनके हाथों को देखते हैं। मैं देख रहा था, कुछ होते हुए देख रहा था, पिता, आप इसके बारे में सब जानते हैं। मैं अब प्रार्थना करता हूं कि आपकी आत्मा उन पर मधुरता से बनी रहे। वे जान जाए कि यह जो मैंने कहा है, होने पाए ये ऐसा हो कि वे कह सके, "इस समय से आगे," उनका बर्ताव बदल चूका है; उनके मन की कठोरता पिघल गई है; मधुर शांति और दिव्य प्रेम ने उसका स्थान ले लिया है। इसे प्रदान करें, पिता।

266 होने पाए उनमें से हर एक जन अपने हृदय में परमेश्वर के प्रेम का बपतिस्मा पाए, कि वे दूसरा गाल को फेर सकें, दो मील तक जा सकें, जैसा उसने किया, उसके मुंह पर थूका और भौंह पर कांटे लगाये, उसके हाथों में स्वर्ग और पृथ्वी के साथ था, नम्रता से उन लोगों के लिए मरने के लिए क्रूस की ओर चला जो उसे मार रहे थे। परमेश्वर, कैसे...

267 हमें उसी तरह से बनाये, पिता। उनके पत्थर के हृदय को हमसे बाहर निकाले और हमारे भीतर एक सच्चा, मधुर, दयालु हृदय को डाले; हम में एक आत्मा को डाले जैसे उसके पास है। इनमें से प्रत्येक के ऊपर परमेश्वर का आत्मा आकर ठहर जाये; वहाँ तीस या चालीस लोगों ने अपने हाथ को उठाया है। मैं प्रार्थना करता हूँ, पिता, कि आप उन्हें अनंत जीवन देंगे। होने पाए वे आपसे कभी भी लज्जित न हों; होने पाए कि वे आपके पास मधुरता से आएं।

268 होने पाए वे अब जान जाए कि किसी चीज ने उनके हाथ को उठाने को लगाया है। ये क्या है? पवित्र आत्मा। परमेश्वर का आत्मा, यही जो अब उन पर है, जिसने निर्णय लेने के लिए उन्हें उनके हाथों को उठाने के लिए प्रेरित किया।

269 होने पाए यह रात वह रात हो... वे कह सके, "उस शनिवार की रात से लेकर वहां उस स्कूल के सभागार में, मैंने परमेश्वर से भेंट की। मुझे कुछ तो हुआ; मैं तब से लेकर बदल गया हूं।"

270 इसे प्रदान करें, पिता। मैं उन्हें संदेश के विजय चिन्ह के रूप में आपको सौंपता हूं। और आपने कहा, “जिन्हें पिता ने मुझे दिया है वो सब मेरे पास आएंगे, और उनमें से कोई भी नाश नहीं होगा।” हे प्रभु, आपने उन्हें बताया था कि आप उन्हें अनंत जीवन देंगे और अंतिम दिन उन्हें फिर से जिलाएंगे, वो अनंत जीवन, वो प्रेम, जो उन्हें इस महान स्थान की उपस्थिति में लेकर आएगा जिसे मुझे कुछ सप्ताह पहले देखने का सौभाग्य मिला था।

271 पिता, मैं नहीं कह सकता कि यह क्या था। मैं नहीं जानता। आप मेरे हृदय को जानते हैं, लेकिन मैं केवल जो कह रहा हूं उसमें ईमानदार हूं, आप मेरी बातों को दर्ज करते हैं, पिता। और मैं... यह क्या ही एक प्यारी सी जगह है। परमेश्वर, जब मेरे दिन पूरे हो जाएंगे, तो मैं छोटे जोसफ को एक ऐसा व्यक्ति देखना चाहता हूँ जिसके हाथ में इस बाईबल को रख सकूँ। क्योंकि उसके समर्पण के दिन, आपने बोला, कहा, “जोसफ, तुम एक भविष्यद्वक्ता हो।” मैं प्रार्थना करता हूँ, परमेश्वर, कि आप मेरे पुत्र पर आत्मा का दुगना भाग आने देना। यदि आप मुझे बूढ़े होने तक आपके लिए प्राणों को जीतने के लिए जीने देते है, उसके बाद इस बाईबल को मेरे पुत्र जोसफ के हाथों में सौंपने देते है, और उसे उसी सुसमाचार के साथ आगे जारी रखने के लिए कहूं, तो यह एक पूर्ण जीवन होगा, पिता।

272 तब भी जब आप मेरे लिए तैयार हैं, आमीन। क्या एक सुंदर विश्राम; मैं—मैं उस स्थान को देखने की फिर से लालसा रखता हूं। प्रभु यीशु, होने पाए आज रात यहाँ उपस्थित हर एक जन, हर वो व्यक्ति जिसने आज रात संदेश को सुना है, होने पाए उनमें से एक भी नाश ना हो। लेकिन होने पाए हर एक को, मैं उन्हें वहां पर देखूं।

273 फिर, जब हम दौड़कर और अपनी बाहों को एक दूसरे के चारों ओर डाले, जब वहां कोई भी अंतर नहीं होता है, फिर, पुरुष और महिला के बीच में, कोई अंतर नहीं होता है; वो—वो—वो पाप की लकीर दूर हो चुकी है। तब हम वास्तव में भाई और बहन हैं, जहां हम रह सकते हैं, अब कभी भी पाप प्रवेश नहीं कर सकता है, ना कोई दुष्ट विचार, उस तरह के स्थान पर कभी कुछ भी नहीं आ सकता है। वहां कोई अशुद्धता नहीं हो सकती। हम सब मसीह में एक होंगे।

274 हम सब वहाँ पर उपस्थिति हों, प्रभु। इन बूढ़ी महिलाओ और बूढ़े पुरुष लोगों को एहसास होने दो कि मैंने उन्हें सच बताया है। यह—यह—यह

सच्चाई है। आज रात चौराहे पर खड़े इन युवा लोगों को उनके जीवन को आकार देने दीजिये, होने पाए वे सही मार्ग को चुनाव करें कि यहाँ से प्रस्थान होने के दिन कोई उदासी न हो। इसे प्रदान करे, पिता। अब मैं उन्हें प्रभु यीशु मसीह के नाम से आपके हाथों में सौंपता हूँ। आमीन।

275 क्या आप वास्तव में अच्छा महसूस कर रहे हैं? आप विश्वास करते हो कि परमेश्वर की आत्मा ने आपको अपना हाथ उठाने के लिए प्रेरित किया है? आइये हम देखे। क्या आप विश्वास करते है कि वही था? क्या आप ये विश्वास करते है कि यह परमेश्वर की ओर से आता है? मैंने आपको अपने ह्रदय से बताया।

ज्यादा समय नही हुआ जब मैंने यहां एक रब्बी से बात की, तो उसने कहा, "मिस्टर ब्रंहम, आप उसे परमेश्वर का पुत्र कहते हैं," कहा, "यह परमेश्वर से बहुत दूर है कि उसके पास एक पुत्र हो।"

मैंने कहा, "वह परमेश्वर का पुत्र था।"

कहा, "परमेश्वर के पास एक पुत्र है? वह न तो यीशु था और न ही मसीह।" कहा, "वह एक यीशु तो हो सकता था, लेकिन वह एक मसीह नहीं था।" यह इसी तरह से ही था।

मैंने कहा, "महोदय, क्या आप भविष्यव्यक्ताओ पर विश्वास करेंगे? "

उसने कहा, "हाँ, निश्चित रूप से मैं भविष्यव्यक्ताओ पर विश्वास करता हूँ।" वह एक रब्बी था, यहूदी रब्बी, बेंटन हार्बर, मिशिगन में रहता था।

276 मैंने कहा... जॉन राइन चंगा हो गया था, जो बीस वर्ष तक अंधा था, रास्ते पर बैठा हुआ था। उसने कहा, "मैं जॉन को कई दया दान देता।" उसने कहा, "कौन—कौन सी सामर्थ, कौन से अधिकार ने उसे दृष्टि को दिया? "

मैंने कहा, "मैंने उसे कभी भी उसकी दृष्टि नहीं दी। उसने परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के नाम में विश्वास के माध्यम से अपनी दृष्टि को प्राप्त किया।"

उसने कहा, "परमेश्वर का कौन सा पुत्र? परमेश्वर के पास भला कैसे एक पुत्र हो सकता है? "

और मैंने कहा, "उसका एक पुत्र था।" मैंने कहा "क्या आप यशायाह 9:6 में विश्वास करते हो? "

कहा, “निश्चय ही।”

मैंने कहा, “भविष्यव्यक्ता किसके विषय में बात कर रहा था? मसीहा? ”

कहा, “हाँ।”

मैंने कहा, “मसीह का परमेश्वर के साथ क्या—क्या संबंध होगा? ”

उसने कहा, “वह परमेश्वर था। वह परमेश्वर होगा।”

277 मैंने कहा, “यीशु भी वही था। वह देहधारी हुआ परमेश्वर था और—और हमारे बीच में वास किया। परमेश्वर ने खुद को एक शरीर में से होते हुए व्यक्त किया। वह—वह देहधारी हुआ परमेश्वर था; परमेश्वर की आत्मा ने उस में सम्पूर्णता में वास किया। हमारे पास यह नाप में है।”

278 हम उसके जीवन को देखते हैं। अब, परमेश्वर का आत्मा हमारे अंदर है, लेकिन वह क्या है: हम बस उन छोटे बंद पड़े हुए प्रवाह को नहीं खोल सकते हैं ताकि हम आत्मा को उसमें से होकर बहने दे। अब, परमेश्वर का आत्मा, यदि वह आज रात कलीसिया में होता, तो परमेश्वर के आत्मा की गवाही को देगा। क्या यह सही है?

क्या सभा में कोई प्रार्थना कार्ड दिए गये है? (क्या उसने प्रार्थना कार्ड दिए थे? नहीं?) क्या प्रार्थना कार्ड हैं? नहीं, कोई प्रार्थना कार्ड नहीं है।

279 लेकिन एक परमेश्वर है: उसका नाम यीशु मसीह है। वह परमेश्वर का पुत्र है। मैं विश्वास करता हूं कि मेरे पास उसका अभिषेक है। जो संदेश मैंने आपको प्रचार किया है, यदि यह परमेश्वर की ओर है, तो परमेश्वर को उसके खुद के वचन को प्रमाणित करने दो। मैंने ऐसा करने का लक्ष्य नहीं रखा था, लेकिन मेरे—मेरे कुछ और कहने से पहले मैं महसूस करता हूं कि इसके लिए बहुत जरूरी है।

यहां पर कितने बीमार लोग हैं? अपना हाथ उठाये, कि आप बीमार हो और परमेश्वर से आवश्यकता है, अपना हाथ ऊपर उठाये। बस अपना हाथ उठाये, कहे, “मैं विश्वास करता हूं।”

280 आप विश्वास करते हैं? यदि परमेश्वर यहाँ आकर और उन्हीं कामों को करें जो उसने किये थे... कितने लोग विश्वास करते हैं कि यीशु मसीह ठीक अभी महायाजक है? इब्रानियों की किताब, क्या यह सही है, भाइयों? क्या यह सही है? वह महायाजक है जिसे हमारी दुर्बलताओं की भावना से

छुआ जा सकता है। कितने लोग जानते हैं कि यह बाईबल है? वह कब है? ठीक अभी; तो ठीक है, यदि वो है, तो बाईबल ने कहा, इब्रानियों 13:8, "वो कल, आज, और युगानुयग एक सा है।" क्या यह सही है? तो ठीक है। यदि वह वही महायाजक है, तो कल, आज, और युगानुयुग एक सा है, यदि आप उसे छूते हैं, तो वह आज कैसी प्रतिक्रिया को करेगा? यदि वह एक सा है, तो वह उसी तरह की प्रतिक्रिया को करेगा। क्या यह सही है?

281 फिर एक बार एक स्त्री ने भीड़ में से होकर आगे बढ़ते हुए और उसके वस्त्र को छुआ, और अपने आप में भीतर महसूस किया कि वह चंगी हो गई थी, और बाहर निकलकर, और भीड़ में बैठ गई।

बहुत से लोग उसे छू रहे थे, कहते हुए, "ओह, हैलो रब्बी। हमें आपको यहाँ पाकर खुशी है," और इत्यादि। और फिर यह स्त्री...

282 यीशु ने कहा, "मुझे किसने छुआ?" पतरस ने उसे झिड़का, लेकिन उसने कहा, "मैं समझता हूँ कि सदगुण, शक्ति, मुझमें से चली गई है।" उसने चारों ओर लोगों को देखने लगा जब तक कि उसने उस छोटी महिला नहीं देख लिए, उसे बताया कि उसे लहू की समस्या थी और उसके विश्वास ने उसे बचा लिया है। क्या यह सही है?

283 तो ठीक है, अब, यदि वह वही महायाजक है, तो क्या वह आज रात को उसी काम को नहीं करेगा यदि उसे छुआ जाता है? अब, वो इसे कैसे करेगा? वह अब दाखलता है; हम डालियाँ हैं। क्या यह सही है? तो ठीक है, वह डालियों के जरिये से कार्य करता है। यदि यह दाखलता से बाहर निकली हुई एक सही डाली है, तो यह उसी तरह से कार्य करेगा जो जीवन दाखलता में था। क्या यह सही है? अब, आप प्रार्थना करते हैं; आप विश्वास करते हैं।

284 मैं प्रार्थना करता हूं; मैं विश्वास करता हूं। और उस निश्चित निर्णय पर जो मैंने संसार भर में परमेश्वर के लिए लिया है; और विचारो को परखने की यह सेवकाई अब छोड़ कर जा रही है, और मैं वचन को बोलने की एक ऊँची सेवकाई में कदम रख रहा हूँ। और आपने देखा कि परमेश्वर ने क्या किया है? उसने इसे सीधे वापस लोगों के पल्ले में डाल दिया है। उन्हें सही दृष्टिकोण के साथ आने दें और देखें कि क्या होता है, लेकिन उन्हें सही दृष्टिकोण को रखना होगा। देखो, देखा? देखो, कोई भी चंगा

नहीं कर सकता; वो चंगा करने वाला है। लेकिन मैं इसे तब तक नहीं कह सकता जब तक कि वह मुझसे बात नहीं करता, समझे? लेकिन अब आप अपने विश्वास के साथ बात कर सकते हैं और यदि आप विश्वास करेंगे तो आपको आपकी चंगाई मिलेगी।

आप बस, आप अपने ह्रदय में प्रार्थना करें, "प्रभु, वो मुझसे बात करने दो।" देखो क्या होता है।

285 और यदि वह इसे करेगा, तो मैं चाहता हूँ कि हर कोई जिसने अपने हाथ उठाये, यहाँ आकर और वेदी के चारों ओर खड़े हो जाये और आओ हम ठीक परमेश्वर के साथ अपनी शांति को पा ले। आप प्रार्थना करें, विश्वास रखें।

286 अब, स्वर्गीय पिता, इस प्रकार के प्रचार को करने के बाद, यह एक... पूर्ण रूप से एक बदलाव है। मैं प्रार्थना करता हूँ, पिता, कि आप मुझे स्वयं को विश्राम देने के लिए शक्ति देंगे और वहाँ के लोगों को विश्राम देने के लिए, कि हम, मिलकर, आपके आत्मा को हमारे द्वारा कार्य करने दें। यह कितना अच्छा होगा यदि आप मेरे जरिये से कार्य करें, न कि उनके जरिये से? वहां कोई प्रतिक्रिया नहीं होगी। आप अपने हो नगर में आये, जहां आपका पालन–पोषण हुआ, और वे आप पर अप्रसन्न हुए थे। और आपने कहा, "बहुत से सामर्थ के कार्य जो आप नहीं कर सके," उनके अविश्वास के कारण। आप आज रात वही हैं, क्योंकि आप कल, आज और युगानुयुग एक से हैं। होने पाए सारे अविश्वास को ले लिया जाए। होने पाए वे... यदि अविश्वास मुझ पर आता है और कहता है, "यह आज रात काम नहीं करेगा," मैं उसे पसंद नहीं करता। उसने मुझसे प्रतिज्ञा की है, और मुझे उस पर विश्वास है। अब, अविश्वास इस भवन को छोड़ कर जाने दो, और मसीह को अपने आप को जीवित साबित करने दो जैसा उसने कहा कि वह करेगा।

287 फिर, पिता, यदि सुबह तक अंत तक आ जाता है, तब, प्रभु, वे बिना किसी बहाने के जाएंगे। कि ये लोग, जिन्होंने उनके हाथ को उठाया, और आपको चाहते हैं, जान सके कि यह परमेश्वर का सच्चा आत्मा है जो आज रात भवन में उनसे बात कर रहा है, हम यीशु मसीह के नाम में इन चीजों को आपको सौंपते हैं। आमीन।

288 अब, मैं यहाँ पर प्रत्येक आत्मा को अपने नियंत्रण में लेता हूँ, यीशु मसीह के नाम में, या, पवित्र आत्मा के नियंत्रण में। अब, आप प्रार्थना करें।

289 यहाँ पर एक महिला ठीक पीछे बैठी हुई है, दूसरी यहाँ पर, ठीक यहाँ, जिसे किडनी की समस्या है, अपने चंगाई के लिए प्रार्थना कर रही है। आप चंगी होना चाहती हैं, महिला? आप विश्वास करती हैं कि परमेश्वर आपको चंगा कर देगा? आप इसे स्वीकार करती है? तो ठीक है, फिर अपना हाथ ऊपर उठाये। घर जाये और स्वस्थ रहे।

उस महिला से पूछें कि क्या वह अपने किडनी की समस्या के लिए प्रार्थना नहीं कर रही थी। यह सही है।

यह सही है, महिला? यह सही है, अपना हाथ ऊपर उठाएं, ताकि लोग देख सकें।

अब, उसके पास प्रार्थना कार्ड नहीं है। मैं महिला को नहीं जानता; मैंने उसे अपने जीवन में कभी भी नहीं देखा।

क्या यह सही है, महिला? यदि हम एक दूसरे के लिए अजनबी हैं, तो अपना हाथ हिलाये।

अब, आपके पास विश्वास करने के लिए भरोसा है।

290 क्या यह उसे एक सा बनाता है? उस स्त्री ने क्या किया? उसने महायाजक को छुआ; महायाजक ने मेरे द्वारा बात की और एक दर्शन को दिखाया, बिल्कुल ठीक वही जो उसने कहा कि वह करेगा।

291 यीशु ने कहा, “मैं कुछ नहीं करता, केवल... ” संत यूहन्ना 5:19। “मैं तुम से सच सच कहता हूं, पुत्र अपने आप में कुछ भी नहीं कर सकता; लेकिन जो कुछ वह पिता को करते देखता है, वैसा ही पुत्र भी करता है।” क्या यह सही है? कितने लोग जानते हैं कि यही वचन है? संत यूहन्ना 5:19। प्रार्थना करें, केवल प्रार्थना करें; नम्रतापूर्वक प्रार्थना करें।

292 यहाँ, मैंने एक वृद्ध महिला को सीधे यहाँ पीछे बैठे हुए देखता हूं, ठीक मेरी उंगली की सिधाई पर। क्या आप नहीं देख रहे हैं कि प्रकाश ठीक यहाँ महिला के ऊपर मंडरा रहा है? वहाँ देखो; केवल अपने सिर को घुमाकर और ठीक यहाँ पर देखो। महिला ने सिर को ऊपर उठाया है। वह बल्कि बुजुर्ग है; उसके सफ़ेद बाल हैं। उसकी आंख में परेशानी है। उसके पास एक–... उसकी आंख में मोतियाबिंद है, और वे इसे निकालने की कोशिश

करने जा रहे हैं। और उसका पहले मोतियाबिंद का ऑपरेशन हो चुका है। यह **यहोवा यों कहता है**।

293 अब, मां, यह सही है, क्या ऐसा नहीं है? यदि यह सही है, तो अपना हाथ हिलायें। यदि हम एक दूसरे के लिए अजनबी हैं, तो अपना हाथ हिलाये। वहां आप हैं। अब, क्या आप अपने सम्पूर्ण हृदय से विश्वास करते हैं? अब, विश्वास करे; केवल परमेश्वर पर विश्वास करे।

294 अब, उसने किसे छुआ? उसने महायाजक को छुआ। यदि आप विश्वास करेंगे, तो सब कुछ संभव है। यदि तू विश्वास कर सकता है; विश्वास करने वालों के लिए सब कुछ हो संभव है। मैं देख रहा हूँ; केवल प्रार्थना करते रहें आप जहां कहीं भी हों, बालकनी में हों या जहां भी हों, कोई फर्क नहीं पड़ता । प्रार्थना करते रहें। इतना कहे, "प्रभु, मुझे याद करें। मैं बीमार हूं।"

अब, अपने आप को बैचेन करने की कोशिश ना करें। सिर्फ कहे, "प्रभु, मुझे विश्वास है कि वो मनुष्य मुझे सचाई को बता रहा है। मुझे विश्वास है।"

295 अब देखिए, दूत ने मुझे क्या बताया? "यदि आप लोगों को खुद पर विश्वास करने को लगा सकता हैं... " ना ही मुझे एक मनुष्य के रूप में विश्वास करो, उस संदेश पर विश्वास करो जिसे मैं आपको बता रहा हूं। "... आप विश्वास करें, और जब आप प्रार्थना करते हैं तो ईमानदार बने रहें, आपकी प्रार्थना के सामने कुछ भी खड़ा नहीं रहेगा।" यही है जो उस मनुष्य ने मुझसे कहा।

296 मैं एक महिला को रोते हुये, अपने आंखों से आंसू पोंछते हुए देखता हूं। यदि वह मुझे परमेश्वर के भविष्यव्यक्ता के रूप में विश्वास करती है, तो वो यहीं मेरे सामने बैठी हुई है, परमेश्वर उसे चंगा करेगा। मैं आपको नहीं जानता, आपको कभी भी नहीं देखा। लेकिन आप यहाँ से नहीं है; आप ग्रांट्स पास से हैं। यदि आप अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करेंगी, तो आप चंगी हो जाएंगी।

परमेश्वर, वह चूकने वाली है; उसे इसे चूकने मत देना, प्रभु।

श्रीमती क्रूगर? मैं आपको उस पर विश्वास करने की चुनौती देता हूं। विश्वास रखे।

297 मैं महिला को नहीं जानता; मैंने उसे अपने जीवन में कभी नहीं देखा, परमेश्वर जानता है। मेरे लिए उसे जानने का संसार में कोई जरिया ही नहीं है। वह बस वहां बैठी हुई एक महिला है।

298 यदि हम एक दूसरे के लिए अजनबी हैं, महिला, तो अपना हाथ ऊपर उठाएं। तो ठीक है। उम–हुंम। अच्छा, जो कुछ उसने आपको बताया, क्या वह सच है? इस तरह से अपने हाथ को आगे–पीछे हिलाए। तो ठीक है। क्या आप विश्वास करती हैं?

299 मैं एक महिला को यहां वापस लौटते हुए देखता हूं। उसने नीले और सफेद रंग की बिंदु–बिंदु पोशाक पहन रखी है। उसके बायीं तरफ गांठ है। विश्वास रखे; संदेह ना करे। इसे चूकना मत। परमेश्वर... श्रीमती ग्रिफ़िथ, परमेश्वर में विश्वास रखें। अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें और सर्वशक्तिमान परमेश्वर चंगा करेगा और ठीक करेगा।

अब, क्या आप अपने पुरे ह्रदय से विश्वास करती हैं? आप इसके विषय में क्या सोचती हैं?

आप विश्वास करती हैं कि परमेश्वर चंगा कर सकता है, बहन? ज़रूर वह करता है। आप विश्वास करती हैं कि यह चला जायेगा, आपका... ? तो ठीक है, आप जो मांगते हैं वह आपके पास हो सकता है। उम–हंह।

300 अब, क्या आप उस पर विश्वास करती है? तब वह आत्मा जो मुझे वहाँ पर ले गई वही आत्मा है जो यहाँ पर मुड़ती है, जो कि वैज्ञानिक दुनिया जानती है, पहली बार किसी अलौकिक अस्तित्व की तस्वीर को कभी खींचा गया था। यह अग्नि का एक बड़ा खंभा है जिसने इस्राएल के बच्चों का नेतृत्व किया, यहाँ यह आज रात हमारा अभिषेक कर रहा है, उन्हीं कामों को कर रहा है जो इसने किये जब यह धरती पर यीशु मसीह में था।

301 "थोड़ी देर रह गयी है, और संसार मुझे और नहीं देखेगा," यीशु ने कहा, "लेकिन तुम मुझे देखोगे, क्योंकि मैं, 'मैं' एक व्यक्तिगत सर्वनाम है, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा, यहाँ तक कि तुम में रहूंगा, संसार के अंत तक। यीशु मसीही कल, आज और युगानुयुग एक सा है।"

302 लोग (ओह, परमेश्वर!), क्या आप नहीं समझ सकते है? इस छोटे से झुके हुए कंधो की ओर, गंजे सिर वाले मनुष्य की ओर ध्यान न दें, जो यहाँ खड़े होकर आपको इन बातों को बताने की कोशिश कर रहा है। मेरी ओर मत देखो, अशिक्षित, अशिष्ट; उस पर ध्यान न दें। आत्मा के स्वभाव

को देखें जो यहाँ से होकर कार्य कर रहा है। प्रभु यीशु पर विश्वास करे! यह मैं नहीं हूँ; मैं आपको नहीं जानता, आपके बारे में कुछ भी नहीं जानता। यह तो वो है, मसीह अपने वचन को पूरा कर रहा है जो उसने कहा था कि वह करेगा।

303 याद रखें, अंत निकट आ रहा है। जब तक संभव हो सके शरण मांगो, जब तक दया के द्वार अन्यजातियों के लिए खुले हुए हैं। शरण मांगो; यही **यहोवा यों कहता है**, है।

304 मैं आप में से हर एक को आमंत्रित करता हूँ जिसके पास वह शांति नहीं है जो आपको वहाँ पर ले जाए, ताकि यहाँ आकर, यहाँ इस वेदी के पास खड़े रहे। यहाँ पर हर एक पापी, हर एक पीछे हटा हुआ, मैं चाहता हूँ कि आप आकर और यहीं वेदी के पास खड़े हो जाये। यदि परमेश्वर का आत्मा यहाँ पर है जो आपको जानता है निश्चित रूप से वह जानता है कि क्या करना है।

305 परमेश्वर आपको आशीष दे, श्रीमान। उठकर और यहाँ पर आये; देखें कि आप कितने सच्चे हैं। क्या आप वहाँ पीछे से यहाँ पर चलकर आयेंगे, यदि इसका महत्व स्वर्ग जाने या अपने उद्धार को खोने के बीच का अंतर है?

आप कहते है, "मैं कलीसिया का सदस्य हूं। मेरा फिर से जन्म हुआ है।"

क्या आपके पास वह प्रेम है, क्या आपको यकीन है? इस चीज पर कोई मौका न ले। आइये हम अब गाते हैं।

> मैं उससे प्रेम करता हूँ, मैं उससे प्रेम करता हूँ
> क्योंकि उसने पहले मुझसे प्रेम किया (परमेश्वर आपको आशीष दें, मेरे भाई।)
> और मेरे उद्धार को खरीद लिया
> कलवरी पर।

अब हर एक पापी को आने दो। क्या आप यहां पर खड़े होंगे? कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका कलीसिया से संबंध है, आपकी संस्था, आपका रंग, आप जो भी हैं।

306 परमेश्वर आपको आशीष दे, युवा पुरुष। होने पाए प्रभु आपको एक प्रचारक बनाये। तो ठीक है, आये। क्या आप अभी आएंगे, इससे पहले कि

हम गीत को गाएं? आप जिन्होंने हाथ उठाया, उस शांति को पाना चाहते हैं, आये; शांति जो सारी समझ से परे है। क्या आप नहीं आओगे?

मैं उससे प्रेम करता हूं,

हाँ, आपको वहाँ ले जाने के लिए उसके प्रेम की आवश्यकता है।

मैं...

अब खड़े हो जाये और यहाँ नीचे आ जाए, क्या आप आयेंगे?

क्योंकि...
और...

क्या आप नहीं आओगे? लगभग तीस हाथ ऊपर की ओर गए थे।

... उद्धार
उस कलवरी के वृक्ष पर।

अब, बस कुछ क्षण। परमेश्वर आपको आशीष दे जो यहां पर खडे है, आप तीन लोग। मैंने सोचा कि महिलाये रास्ते को देंगी।

307 सुनना! यहाँ ये कलीसिया के लिए है! यहाँ प्रभु के नाम में है! मैं भविष्यवाणी को कर रहा हूँ! यही कारण है कि हमारे पास बेदारी नहीं हो सकती है; यही कारण है कि परमेश्वर का आत्मा श्रोतागणों में कार्य नहीं कर सकता है; यही कारण है कि मेरी सेवकाई–... प्रतीत होता है, लोगों के लिए अलोकप्रिय बन जाता है: पवित्र आत्मा आता है और हर एक चीज की पुष्टि करता है जो उसने कहा कि वह करेगा, और लोग उनके हाथ उठा कर और उनके ही स्थान पर बने रहते है। यह ईमानदार होना नहीं है।

308 फिर आप चंगाई सभा की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं? आप कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि कलीसिया अपनी सिद्धता की ओर बढ़ेगी, जब तीस हाथ ऊपर की ओर उठते है और तीन लोग ही आगे आते है?

इसे सुनिए! यही प्रभु के नाम में है: अमेरिका ने उसके दिन को देखा है; ये अब और फिर से नहीं उठेगा। यह अपने पतन पर है। मैं प्रभु के नाम में बोलता हूं।

मैं... (आपको आशीष दे... ? ...)

उस समय से HIN60-0716

(From That Time)

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में शनिवार शाम, 16 जुलाई, 1960 को, क्लैमथ फॉल्स के सिटी हाई स्कूल, ओरेगॉन, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE

19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM

CHENNAI 600 034, INDIA

044 28274560 • 044 28251791

india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS

P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.

www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org